लक्षणं नित्यमुक्तत्वं *व्यतिरेकेण* कीर्तितम्॥[xviii]

ईश्वरतत्त्वे प्रधानपुरुषवैराटनारायणानिरुद्धप्रद्युम्नसङ्कर्षणब्रह्माविष्णुमहेशानां समावेशः श्रीस्वामिनारायणेन विधितः।

तृतीयम् अनादितत्त्वम् – माया

त्रिगुणात्मा तमः कृष्णशक्तिर्देहतदीययोः।
जीवस्य चाहं ममताहेतु*र्मायाव*गम्यताम्॥[xix]

मायास्वरूपमाह सहजानन्दः – माया त्रिगुणात्मिका, गुणास्तत्र सत्वंरजस्तमः। माया अन्धकारमया, कृष्णस्य शक्तिः, अहं - ममतादीनां कारणञ्च। सांख्यैः या प्रकृतिः कथितः सैव सहजानन्देन मायेति गदितः। तस्याः मायायाः उत प्रकृत्याः लक्षणं दीयते यत्सा नित्या, तस्याः क्षेत्रं जीव-महत्तत्त्वादिपर्यन्तं विस्तारितम्, सा अचैतन्या, चिन्माया, पूर्वोक्तानुसारं त्रिगुणात्मिका भगवतः शक्तिश्च वर्तते। तद्यथा -

नित्या च भगवच्छक्तिस्त्रिगुणा चिज्जडात्मिका।
निर्विशेषा जीवमहत्तत्वादिक्षेत्रमव्यया॥[xx]

[xviii] श्रीहरि०वा०सु०सि० ७/१०-११

[xix] शि०प० १०६।

[xx] श्रीहरि०वा०सु०सि० १२/....८

महदादितत्त्वानि यदा मायायां लीनानि भवन्ति तथा सः परब्रह्म भगवान् मायामपि प्रकाशयति।[xxi] परब्रह्मणः इच्छानुसारं एकैव माया भिन्नदेहेषु भिन्नस्वरूपं धारयति यथा एका पृथ्वी त्वचामांसमज्जास्थिस्नाय्वादिषु स्थित्वा भिन्नानि रूपाणि धारयति इति दृष्टान्तः वचनामृते गढडा मध्ये चतुस्त्रिंशत्तमे प्रकरणे प्रदत्तः।

चतुर्थम् अनादितत्त्वम् – ब्रह्म

श्रीहरिवाक्यसुधासिन्धौ चतुःषष्ट्यधिकशततमे तरङ्गे षष्ठैव श्लोके प्रतिपादितं ब्रह्मलक्षणम् यत् 'स पुरुषः आत्मना मायायां वीर्यम् आधत्ते, स अक्षरात्मा पुरुषः मुक्तश्च कथ्यते' यथा -

मायायां वीर्यमाधत्त स एव पुरुषात्मना।
अक्षरात्मा स पुरुषो मुक्तो *ब्रह्मेति* चोच्यते॥

तथा च यदि एषः निश्चयः भवति यत् अहं ब्रह्मास्मि, कृष्णदासोऽस्मि तर्हि स मुक्तः इत्येवं संज्ञायते। यतो हि ब्रह्मपरब्रह्मणोः स्वामिसेवक-भावोऽस्ति। तेन ब्रह्म परब्रह्मणः कृष्णस्य दासः यः अखण्डसेवारतः।

ब्रह्माऽहं कृष्णदासोऽस्मीत्येवं यद्यस्य निश्चयः।
सुदृढो जायते तर्हि मुक्तसंज्ञामुपैति हि॥[xxii]

ब्रह्मणः अन्वयस्वरूपं व्यतिरेकस्वरूपं चेति इत्थं ज्ञातव्यम्

पुरुषस्य च मायायाः सूर्यादीनां प्रशास्तृता।
नैकांडाश्रयतेत्युक्तं ब्रह्मणोऽन्वयलक्षणम्॥

[xxi] श्रीहरि०वा०सु०सि० ९७/३०

[xxii] श्रीहरि०वा०सु०सि० १६४/२०

सर्वत्र व्यापकत्वेपि व्योमवत्तदसङ्गिता।
कृष्णस्यानुगधामत्वं व्यतिरेकोऽस्य गद्यते॥[xxiii]

एवं ब्रह्मतत्त्वे महापुरुष-महाकाल-अक्षरब्रह्म-अक्षरात्म-कमुक्तानां समावेशः श्रीस्वामिनारायणेन विधितः।

पञ्चमम् अनादितत्त्वम् – परब्रह्म

श्रीहरिवाक्यसुधासिन्धौ षड्विंशदधिकशततमे तरङ्गे गदितं हरिणा परब्रह्मलक्षणं यत् परब्रह्म कृष्णः अक्षरस्यापि हेतुः, सर्वेषाम् आश्रयः, प्रेरकः, उपास्यश्च।

अक्षरस्यापि कृष्णस्तु कारणं चाश्रयो मतः।
प्रेरकश्चाऽत एवाऽसौ सर्वसेव्य उदीरितः॥

ईश्वरः प्रधानपुरुषः, ब्रह्मेति महापुरुषश्चेति परब्रह्मेति पुरुषोत्तमसंज्ञकः।

यस्तत्र भगवान्साक्षात्स परब्रह्मसंज्ञकः।
आत्मातत्त्वाभिधश्चासौ पुरुषोत्तम उच्यते॥[xxiv]

परब्रह्मणः अन्वयस्वरूपं व्यतिरेकस्वरूपं चेति इत्थं ज्ञातव्यम् –

अक्षराणां सर्वेषां हृदि साक्षितया स्थितिः।
पुरुषोत्तमपर्यायकृष्णस्यऽन्वयलक्षणम्॥

लीलादिहरणं राधादिभिः परमधामनि।
तिरोभावेऽपि कालादेर्व्यतिरेकोऽस्य चोदितः॥[xxv]

सम्प्रति अनादितत्त्वानां तत्रापि जीवेशयोः ईश्वरब्रह्मणोः ब्रह्मपरब्रह्मणोः च मिथः भेददिङ्मात्रदर्शनेन भ्रान्तिदूरीकरणं करिष्यते।

[xxiii] श्रीहरि०वा०सु०सि० ७/१२-१३

[xxiv] श्रीहरि०वा०सु०सि० १४६/३१

[xxv] श्रीहरि०वा०सु०सि० ७/१४-१५

जीवेशयोः भेदः

१. जीवः मायायाः अल्पभूतादिभिः निर्मितः। किञ्च ईश्वरः पञ्चमहाभूतेभ्यः तथा चतुर्विंशतितत्त्वेभ्यः निर्मितः।

२. जीवस्य शरीरत्रयं स्थूलसूक्ष्मकारणेति विद्यते। किञ्च ईश्वरस्य विराटसूत्रात्माव्याकृतेति शरीरत्रयम्[xxvi]।

३. जीवस्य जाग्रत्-सुषुप्तिः-स्वप्नज्ञेति तिस्रः अवस्थाः। किञ्च ईश्वरस्य तु उत्पत्ति-स्थिति-प्रलयेति।

४. जीवः कर्माधीनः, किञ्च ईश्वरः परब्रह्मणः इच्छाधीनः वर्तते।

५. जीवस्य कदाचिदूर्ध्वगमनं भवति कदाचिदधोगमनं भवति किञ्च ईश्वरस्य तु सदैवोर्ध्वगमनं भवति।[xxvii]

ईश्वरब्रह्मणोः भेदः

१. ईश्वरस्य अभिमानः स्थूलसूक्ष्मकारणेषु त्रिषु शरीरेषु विद्यते किञ्च अभिमानहीनं ब्रह्म।

२. उत्पत्त्यादिकाः ईश्वरस्य तिस्रः अवस्थाः, किञ्च सर्वावस्थाभ्यः परं स्थितं ब्रह्म।

३. ईश्वरस्य सम्बन्धः मायायाः गुणत्रयेण साकं भवति, किञ्च ब्रह्म मायागुणरहितम्।

४. ईश्वरः यद्यपि महान् तथापि मायया बद्धः, किञ्च मायाया मुक्तं ब्रह्म।

[xxvi] वचनामृतम् (गुजराती) गढडा-प्रथमप्रकरणं-२०

[xxvii] श्रीहरि०वा०सु०सि० ३१

५. ईश्वरस्य परब्रह्मणा सह साक्षात्सम्बन्धः न भवति, किञ्च ब्रह्मणः भवति।

ब्रह्मपरब्रह्मणोः भेदः

यद्यपि ब्रह्मपरब्रह्मणोः स्वरूपस्वभावगुणाश्च समानाः तथापि तत्र केचन भेदाः।

१. ब्रह्म सेवकः, किञ्च परब्रह्म स्वामी। तयोः स्वामिसेवकसम्बन्धः वर्तते।

२. ब्रह्म उपासकः, किञ्च परब्रह्म उपास्यम्।

३. ब्रह्मणि तादृशमैश्वर्यं नास्ति यथा परब्रह्मणि सर्वकर्मफलप्रदातृत्वमैश्वर्यम् विद्यते।

४. ब्रह्म परब्रह्माश्रितं, किञ्च परब्रह्म तु अत्यन्तरूपेण स्वतन्त्रः।

५. यद्यपि ब्रह्म बहुसमर्थः तथापि तद् परब्रह्मणः दास एव किञ्च परब्रह्म तु अक्षरादधिकसर्वाधारः सर्वनियामकः सर्वेषामन्तः बाह्ययोः व्यापकश्च।

उपसंहारः

असावेवांतरात्मा च वेदान्ते योगसांख्ययोः।
यथारुचि यथाबुद्धि वर्णितोऽस्ति महर्षिभिः॥

उद्धस्वामिमुखतः श्रुता स्वेन च निश्चिता।
मया त्वेषा कृता वार्ता सावधार्या मदाश्रितैः॥[xxviii]

---

xxviii श्रीहरि०वा०सु०सि० १२३

तत्त्वानां सन्दर्भे वेदान्तयोगसांख्येषु महर्षिभिः यथारुचि यथाबुद्धि वर्णितः तत्र मदनुसारं क्वचित् एकस्य तथ्यस्य समावेशः अन्यस्मिन् तत्त्वे क्रियते, क्वचित्तु अन्यस्य तत्त्वस्य विस्तारमात्रं विधीयते इत्येवं विरोधाभासः दूरीभवति। तस्मात् उद्धवसम्प्रदाये श्रीस्वामिनारायणेन पञ्च अनादितत्त्वानि जीवेशमायाब्रह्मपरब्रह्मेति स्वीकृतानि।

सङ्केतसूची

(१) श्रीहरि०वा०सु०सि० -श्रीहरिवाक्यसुधासिन्धुः, सहजानन्दशिष्यश्शतानन्दस्वामी-विरचिता।

(२) शि०प० - शिक्षापत्री, सहजानन्दशिष्यश्शतानन्द-स्वामीविरचिता।

(३) श्री सु०सि०सा०स०- श्रीसुधासिन्धुसारसन्दोहनम्, पण्डितः श्रीकृष्णवल्लभाचार्यः।

वेदान्तदर्शने अविद्या विचार:

श्री रविशंकर महापात्र
शोधछात्र:
श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालय:, वेरावलम्।

अविद्यावाद: अद्वैतवेदान्तस्य प्रमुख: सिद्धान्त:। इयमविद्या माया, अज्ञानम्, अव्यक्तं, प्रकृति:, तमस्, मिथ्याज्ञानं, मिथ्यात्वं, विपर्यय:, मोह:, अग्रहणमित्यादिनामभिरपि अभिहिताऽस्ति। एतेषु नामसु अविद्या, अज्ञानं, माया च प्रमुखानि नामानि। कतिपयैराचार्यै: "माया ब्रह्मणा" तथा च "अविद्या जीवने" सह सम्बन्धिताऽस्तीत्युच्यते। अयं सिद्धान्त: ऋग्वेदे, यास्कशास्त्रे, यजुर्वेदे, बृहदारण्यकोपनिषदि, छान्दोग्योपनिषदि, श्वेताश्वत-रोपनिषदि, श्रीमद्भागद्गीतायामपि उपलब्धोऽस्ति। तत्र वेदान्तशास्त्राधारेण अयमज्ञानवादोऽधस्तात् प्रस्तूयते। **वेदान्तशास्त्रानुसारं – "अज्ञानं तु सदसद्भ्यामनिर्वचनीयं त्रिगुणात्मकं ज्ञानविरोधि भावरूपं यत्किञ्चिदिति वदन्त्यहमज्ञ इत्याद्यनुभवात्, देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढामित्यादिश्रुतेश्च॥"** अस्यायं तावदभिप्रायो यद् अज्ञानमविद्या वा न सद्रूपा न च असद्रूपा न पुन: सदसदुभयात्मिका अपि तु सा अनिर्वचनीया त्रिगुणात्मिका, ज्ञानविरोधी, भावरूपा, यत्किञ्चिच्चास्ति।

१) अज्ञानमविद्या वा अनिर्वचनीया –

एतदज्ञानमात्मज्ञानादनन्तरं निवर्तते दीपकेनान्धकारवत् तस्माद् ब्रह्म इव इदं न सद्रूपम्। पुनश्च अहमज्ञ:, अहं न जानामि इति व्यावहारिकप्रयोगा: वन्ध्यापुत्र इव असद्रूपा:। तस्मात् सदसद्भ्यां भिन्नत्वादिदमनिर्वचनीयमिति उच्यते। अत: शङ्कराचार्येण उक्तं –

सन्नाप्यसन्नाप्युभयात्मिका नो भिन्नाप्यभिन्नाप्युभयात्मिका नो।
साङ्गाप्यनङ्गाप्युभयात्मिका नो महाद्भुताऽनिर्वचनीयरूपा ॥[१]

२) त्रिगुणात्मकमज्ञानम् –

अज्ञानमनिर्वचनीयमित्युक्ते सति तस्य असद्रूपत्वप्रसङ्ग आगच्छति। अतः तदा शङ्कानिदारणार्थं त्रिगुणात्मकमिति विशेषणमुपन्यस्तम्। त्रिगुणात्मकं नाम सत्वरजस्तमोगुणयुक्तम्। तदुक्तं श्वेताश्वतरोपनिषदि– **"देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्"**[२] इति।

पुनश्च श्रीमद्भगवद्गीतायामप्युक्तमस्ति यत् –

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते॥[३]

एवमज्ञानमिदमग्नि-जल-अन्नादीनां कारणं भवति । तत्र अग्नेः गुणं लोहितं, जलस्य शुक्लम्, अन्नस्य च कृष्णमस्ति। कार्याणां गुणात्मकत्वात्कारण-स्यापि गुणत्वं सिद्ध्यति। अत उक्तं रामतीर्थैः–**"तथा च कार्यगतत्रिरूपेण कारणमप्यज्ञानमव्याकृतात्मकं त्रिरूपेण त्रिगुणात्मकमि"**[४] ति।

३) **ज्ञानविरोधि अज्ञानम् –** न ज्ञानमज्ञानमिति व्युत्पत्त्या अज्ञानस्य ज्ञानविरोधित्वं स्वतः सिद्ध्यति। रामतीर्थानुसारं ज्ञानापनोद्यत्वमज्ञानम्। ज्ञानरूपे सूर्ये उदिते अज्ञानरूपान्धकारः दूरीभवति। तदुक्तं सुरेश्वरेण –

---

१ विवेकचूडामणिः – १११

२ श्वे.श्व.उप – १/३

३ श्रीमद् भा. गी -७/१४

४ वेदान्तसारः, विद्वन्मनोरञ्जनी – पृ. ८७

सेयं भ्रान्तिर्निरालम्बा सर्वन्यायविरोधिनी ।
सहते न विचारं सा तमो यद्वद् दिवाकरम् ॥[५]

अज्ञानं सर्वव्यापी, सत्यमिव प्रतिभासते। तस्माज्जगन्मिथ्येति तत्त्वमसङ्गत-मावहति। तदसङ्गततानिवारणार्थं तस्य ज्ञानविरोधित्वमुक्तमस्ति। अस्मात् ज्ञायते यदज्ञानमिदमात्मसाक्षात्कारादनन्तरं विवर्तते। तदुक्तं –

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया ।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते ॥[६]

अत्र इयमेव वास्तविकताऽस्ति यत् श्रवण-मनन-निदिध्यासनादिसाधनानाम् अनुष्ठानात्साधको यदा ब्रह्मसाक्षात्कारं करोति तदा तस्याज्ञानस्य निवृत्तिर्जायते। तस्माज्ज्ञानविरोधि इदमज्ञानम्।

४) भावरूपमज्ञानम् –

अद्वैतवेदान्तानुसारं भावरूपमज्ञानम्। भावरूपं नाम अभावाद् विलक्षणम्। अत्रावधेयं यत् अज्ञानस्य भावरूपताऽऽत्मसाक्षात्कारं यावत् तिष्ठति। परन्तु आत्मानुभूत्यनन्तरं तन्नष्टं याति। तदुक्तं – "भावत्वं चात्राभावविलक्षणमात्र-विवक्षितम्"[७] इति।

चित्सुखाचार्येणोक्तम् –

अनादिभावरूपं यद् विज्ञानेन विलीयते।
तदज्ञानमिति प्राज्ञा लक्षणं सम्प्रचक्षते ॥[८]

---

५ नैष्कर्म्यसिद्धिः - ३/३६

६ श्रीमद् भा. गी -७/१४

७ अद्वैतसिद्धिः - पृ ५४४

८ चित्सुखी – १/९७

सुरेश्वराचार्येणोक्तम् –

मिथ्याज्ञानस्य वस्तुत्वं येनैव स्यात् सदात्मना ।
अज्ञानस्यापि तेनैव सत्यत्वं केन वार्यते ॥[९]

५) **यत्किञ्चिदज्ञानम् –** वेदान्तसारे उक्तमस्ति यत् – त्रिगुणात्मकभावरूपत्वेऽपीदमित्थमेवेति पिण्डीकृत्य प्रदर्शयितुं न शक्यत इत्याह यत्किञ्चिदिति। किमप्यघटनापटीय इत्यर्थः। अर्थात् यद्यपि अज्ञानं त्रिगुणात्मकं भावरूपं च तथाऽपि तद्विषये इदमित्थमेव इति वक्तुं न शक्यते, तस्मादज्ञानं यत्किञ्चिदिति उच्यते।

[९] बृ.उप – १/४/४४२

श्रीमद्-भगवद्-गीता का अक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायणभाष्य - एक प्राथमिक आलोचना

प्रो. वसन्तकुमार म. भट्ट
पूर्व-निर्देशक, भाषा - साहित्य भवन,
गुजरात युनिवर्सिटी, अहमदाबाद।

भूमिकाः

प्रस्थानत्रयी के रूप में प्रसिद्ध उपनिषद्, बादरायण के ब्रह्मसूत्र एवं श्रीमद्-भगवद्-गीता जैसे तीन ग्रन्थों पर भाष्य लिखने की परम्परा जगद्गुरु आदि शङ्कराचार्य से शूरु हुई है। उसी परम्परा में गुजरात के स्वामिनारायण सम्प्रदाय में षड्-दर्शनाचार्य डॉ. श्रीभद्रेशदास जी ने भी इन तीनों ग्रन्थों पर बोचासणवासी श्रीअक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण सम्प्रदायानुसारी भाष्य लिख कर प्रकाशित किये हैं। इससे सब से पहले यही बात पुरस्कृत होती है कि आज भी संस्कृत भाषानिबद्ध शास्त्ररचना हो रही है। संस्कृत भाषा की अजस्र शाश्वतता बनी रहने का यह एक प्रमाण है। अतः विश्वविद्यालयों की दर्शनशास्त्र विषयक संगोष्ठिओं में ऐसे भाष्यों की ताटस्थ्यपूर्ण पर्यालोचना करना प्रासंगिक एवं आवश्यक है।

[१]

भारतीय दर्शनशास्त्रों में, और विशेष रूप से वेदान्त दर्शन के ग्रन्थराशि में प्रस्थानत्रयी के भाष्यों का महत्त्व सर्वसम्मत है। इस लिए श्रीमद्-भगवद्-गीता के अर्थघटन भी सदैव चर्चास्पद बने रहे हैं। यद्यपि समग्र हिन्दू प्रजा का वह उपास्य एवं मार्गदर्शक ग्रन्थ है। तथापि वर्तमान समय में यह ग्रन्थ दैनंदिन व्यवहार में केवल एक मरणोत्तर पाठ्यग्रन्थ बन गया है, वह शोचनीय हकीकत है। कुरुक्षेत्र के मैदान में किंकर्तव्य मूढ बने अर्जुन को

कर्तव्य का बोध कराने के लिए कही गई भगवद्गीता का आज किसी के घर किसी व्यक्ति का देहावसान होता है तब उसका पाठ करने में उपयोग होता है। हिन्दू धर्ममतावलम्बीओं के घरों में यह अज्ञानजनित रिवाज सा हो गया है। इसका प्रमुख कारण भी भगवद्गीता का एकदेशी अर्थघटन ही है। गीता के द्वितीय अध्याय में आत्मा की अमरता, अविनाशिता पौनःपुन्येन कही गई है। इस के कारण, "यही भगवद्गीता का प्रमुख सन्देश है"- ऐसा आंशिक तथ्य पकड कर, मरण के प्रसंग पर स्वजनों को आश्वासन देने के लिए गीतापाठ करवाना चाहिए ऐसा रिवाज प्रचलित हो गया है। खण्ड के दर्शन से संतृप्त हिन्दू प्रजा को अखण्ड का दर्शन कौन कराएगा? यह प्रश्न है।

भगवद्-गीता ग्रन्थ के साथ उपर्युक्त दुर्भाग्य पूर्ण जो रिवाज जुड गया है, उसके उन्मूलन के लिए भगवद्-गीता के सही एवं साद्यन्त अर्थघटन का मार्ग ही सच्चा उपाय हो सकता है। इस दृष्टि से सोचा जाय तो, अनेक स्वामिनाराय सम्प्रदायो में से अन्यतम श्रीअक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण सम्प्रदाय के डॉ. श्री भद्रेशदास जी के द्वारा जो भाष्य लिखा गया है वह आवकार्य उपक्रम लगता है। किन्तु उनका यह भाष्य भगवद्-गीता मरणोत्तर पाठ्यग्रन्थ है कि नहीं ? उसकी प्रकट अथवा प्रमुख चर्चा करनेवाला नहीं है। यह भाष्य तो उनके अपने सम्प्रदाय के तथाकथित "दार्शनिक मत" की प्रस्थापना करने के लिए, प्रस्थानत्रयी के अंश रूप में लिखा गया है। अतः इस भाष्य का समावेश परम्परागत भाष्यों में ही होता है।

[२]

हम जानते हैं जगद्गुरु श्री शङ्कराचार्य, श्री रामानुजाचार्य आदि ने अपने अपने अभिमत वेदान्तिक केवलाद्वैतादि विचारों को प्रस्थानत्रयी के माध्यम से सिद्ध होनेवाले बताये हैं। आदि शङ्कराचार्य जी ने कहा है कि भगवद्गीता में अर्जुन जैसे मध्यमाधिकारी को कर्म करने का बारबार उपदेश दिया है,

लेकिन यह उस ग्रन्थ का मुख्य प्रतिपाद्य विषय नहीं है। शङ्कराचार्य जी के मत से भगवद्गीता में ज्ञानमार्ग एवं कर्म-मार्ग का समुच्चय प्रतिपादित नहीं किया गया है। बल्कि भगवद्गीता में तो भगवान् श्रीकृष्ण के वचनों में ज्ञाननिष्ठा एवं कर्मनिष्ठा का निरूपण भिन्न भिन्न अधिकारी पुरुषों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। शङ्कराचार्य के द्वारा किये गये इस स्पष्टीकरण के शब्द इस तरह के हैः- "अस्माच्च भिन्नपुरुषानुष्ठेयत्वेन ज्ञान-कर्मनिष्ठयोः भगवतः प्रतिवचन-दर्शनात्, ज्ञानकर्मणोः समुच्चयानुपपत्तिः। तस्मात् केवलादेव ज्ञानाद् मोक्ष इति एषः अर्थो निश्चितो गीतासु सर्वोपनिषत्सु च।।"[१] इस तरह से श्रीकृष्ण के द्वारा अर्जुन जैसे मध्यमाधिकारी के लिए कर्मयोग का विधान है। किन्तु उत्तमाधिकारी के लिए तो कर्मसंन्यास अर्थात् कर्मत्याग करके संन्यस्त होकर ज्ञानमार्ग का अनुसरण करना ही मुख्य रूप से गीता और उपनिषदों में उपदिष्ट है। इससे विपरीत, अन्य आचार्यों ने भक्तिमार्ग ही मोक्षोपाय है, और वही भगवद्-गीता का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है ऐसा अपने अपने प्रस्थानत्रयी भाष्यों में प्रदर्शित किया है। इन आचार्यों के इस तरह के विभिन्न अर्थघटनों को देखते हुए, स्वाभाविक रूप से हम जैसे पामर मनुष्यों की बुद्धि अभी भी व्यामोह में फसी रही है। इन अनेक सत्यों में से कौन सा सत्य, यानी गीता का गूढ तात्पर्यार्थ हमारे लिए ग्राह्य हो सकता है ? यह प्रश्न है। भगवद्-गीता ग्रन्थ है तो एक ही, लेकिन आचार्यों के बहुविध भाष्य पढने से मालूम होता है कि उनके द्वारा बताये गये गीता के तात्पर्यार्थों में एकरूपता का सुतराम् अभाव है। तथा च, भगवद्गीता की रचना भी अनेक काल खण्ड के अनेक प्रदेशों के दार्शनिकों ने मिल कर की है। यह ग्रन्थ अपने वर्तमान स्वरूप में स्पष्टतया अनेक-कर्तृक रचना सिद्ध होती है। जिसके कारण उसमें अनेक मतों की खिचडी

---

१ श्रीमद्-भगवद्-गीता (शांकरभाष्य हिन्दी अनुवाद सहित), तृतीयाध्यायस्य भूमिकायाम्, (पृष्ठ-८१), गीताप्रेस, गोरखपुर, सं. २०५८,

प्रस्तुत की गई है। अतः सभी आचार्यों को अपने अपने अभिमतों की पुष्टि करनेवाले श्लोक या शब्दावली उस में से मिल ही जाते हैं । ऐसी स्थिति में भगवद्-गीता को हम किसके सहारे ठीक तरह से समझ सकें ? यह समस्या पुरातन काल से अद्यावधि निरन्तर बनी रही है। अर्थात् "वादे वादे जायते तत्त्वबोधः" की उक्ति चरितार्थ नहीं होती, प्रत्युत "वादे वादे जायते शिरोवेदना" का ही अनुभव हो रहा है। आधुनिक काल में श्रीभद्रेशदास जी के द्वारा लिखित गीता-स्वामिनारायण भाष्य का भी इसीमें समावेश हो रहा है। क्योंकि उन्होंने भी अपनी साम्प्रदायिक मान्यता के अनुसार कहा है कि सर्वावतारों के अवतारी परब्रह्म स्वरूप श्रीसहजानन्द स्वामी ने देवकीसुत श्रीकृष्ण में प्रवेश करके[२] यह भगवद्-गीता कही है ।।

[३]

इन विभिन्न आचार्यों ने अपने अपने सिद्धान्त कैसे भगवद्-गीता में अनुस्यूत है वह विस्तृत विवरण के द्वारा बताया है। उसी तरह से श्रीभद्रेशदास जी के द्वारा भी समग्र गीता में पूर्वापर सन्दर्भों में व्यक्त किये गये वचनों का स्मरण करवाते हुए, तथा उन के साथ साथ मुंडकोपनिषत्, श्वेताश्वतर उपनिषत्, वचनामृतादि के उद्धरणों से अपनी साम्प्रदायिक विचारधारा को यथाकथञ्चित् प्रस्थापित करने की कोशिश की है । इस सन्दर्भ में सब से पहले कहना होगा कि श्रीभद्रेशदास जी ने प्राचीन आचार्यों की परम्परागत शैली का बहुशः अनुसरण किया है। एक भाष्यकोटि के ग्रन्थ रचना करने के लिए उन्होंने जिस तरह से संस्कृत भाषा का प्रयोग किया है, वह भी कुछ हद तक संतर्पक है। "आज भी संस्कृत भाषा जीवन्त

---

२ कृष्णाख्यं विभवं नौमि वार्ष्णेयं देवकीसुतम्। यं प्रविश्य तु गीतेयं सम्प्रोक्ता परब्रह्मणा।।
- इति श्रीमद्-भगवद्-गीतायाः स्वामिनारायणभाष्यस्यान्तिमे पृष्ठे (पृ. ३७७)
प्रदत्ते श्लोके समुद्घोषितम् श्रीभद्रेशदासेन।।
प्रकाशकः- बीएपीएस, स्वामिनारायण-अक्षरपीठ, अहमदावाद, २०१२

है, प्रचार-प्रयोग में है" ऐसा गौरवास्पद अभिमान लेने के लिए, यह भाष्य एक निदर्श के रूप में, दुनिया के सामने रख भी सकते हैं। यहाँ पर शंका-समाधान के प्रतिपादन के लिए ननु, न च, इति न वाच्यम्, तद् उच्यते इत्यादि आक्षेप एवं समाधानादि सूचक निपातों का उपयोग बहुशः नहीं किया गया है। परन्तु श्लोकों का अर्थावबोध सुगम हो सके इस लिए पूर्वापर विषयों का अनुसन्धान करते हुए, प्रत्येक श्लोक के आरम्भ में आवश्यक अवतरणिका पङ्क्ति रखी गई है। तथा इसमें पाण्डित्यपूर्ण समासप्रचुर पदावली भी भाष्यकोटि के ग्रन्थ के अनुरूप प्रयुक्त की है। आधुनिक युग में सफलतापूर्वक इस तरह का भाषा-प्रयोग करके दिखलाने का यश श्रीभद्रेशदास जी के नाम अंकित होगा।।

लेकिन प्रस्थानत्रयी के ग्रन्थों पर भाष्य लिखनेवाले आचार्यों की पङ्क्ति में जब श्रीभद्रेशदास जी के भाष्य का विचार किया जायेगा तब, वह भगवद्-गीता का कोई कृतिनिष्ठ प्राकरणिक अर्थघटन प्रस्तुत नहीं करते है ऐसा भी कहना होगा। "न योत्स इति गोविन्दमुक्त्वा तूष्णीं बभूव" से शूरु हुई गुरु-शिष्य की संवादपरम्परा, जब अष्टदश अध्याय में पहुँचती है, तब अर्जुन बोलता है कि "नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा, करिष्ये वचनं तव"। मतलब कि अर्जुन शूरु में चाहता था कि मैं युद्ध नहीं करुँगा, लेकिन कृष्ण के उपदेश को सुन कर अन्त में तो वह युद्ध करने के लिए तैयार हो जाता है। इस तरह से गुरु-शिष्य का कृतिनिष्ठ जो उपक्रम एवं उपसंहार है, केवल उसीको ध्यान में लेकर भगवद्-गीता का कर्मयोग परक अर्थघटन किया जाना चाहिए। क्योंकि किसी भी कृति का मर्मोद्घाटन करने के लिए ग्रन्थकार ने दिया हुआ उपक्रम एवं उपसंहार ही नियामक प्रमाण हो सकते हैं[३]। ग्रन्थ के आदि एवं अन्त को, गजनिमीलिका-न्याय से नहीं देखते हुए जो कुछ भी

---

३ उपक्रमोपसंहारौ अभ्यासोऽपूर्वताफलम्।
अर्थवादोपपत्तिश्च लिङ्गं तात्पर्यनिर्णये ।।

बोला जायेगा वह सार्वभौम एवं सार्वकालिक सम्मति नहीं प्राप्त कर सकेगा। गीता के अर्थघटन का इतिहास कहता है कि, एक मात्र श्रीबाल गंगाधर टिळक को छोड कर, सभी परम्परागत आचार्यों ने गीता के उपक्रम-उपसंहार को ध्यान में लिए बिना ही, अपने अपने सिद्धान्तों की स्रोतस्विनी गीता से ही निकल रही है ऐसा कहने का हठाग्रह किया है। लेकिन सच यही है कि इन आचार्यों ने अपने सिद्धान्तों को इन ग्रन्थों की शब्दावली में अध्यारोपित ही किये हैं। यह हकीकत आदि शङ्कराचार्य से शूरु हुई है और दुर्भाग्यतया अद्यावधि उसी तरह से चलती रही है।

[४]

श्रीशङ्कराचार्य ने तो कहा है कि "ब्रह्म सत्यं, जगन्मिथ्या" यानी पूरे ब्रह्माण्ड में एक ब्रह्म तत्त्व ही अस्तित्व रखता है और जो दृश्यमान जगत् है वह मिथ्या है, आभासिक है। (उनका यह केवलाद्वैत वादी सिद्धान्त है।) तथा उनका कहना है कि ऐसा ही सिद्धान्त श्रीमद्-भगवद्-गीता में भी निरूपित है। परन्तु श्रीमद्-भगवद्-गीता का कृतिनिष्ठ वचन क्या है ? वह भी तो देखना चाहिएः -

द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते।।

उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः।
यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः।।[४]

उपनिषदों में जो एक मात्र ब्रह्म तत्त्व का निरूपण प्राप्त होता है, उससे हट कर भगवद्-गीता का प्रस्थान भिन्न ही है। यहाँ गीता में तो "क्षर" तथा "अक्षर" नामके दो पुरुष, तथा उन दोनों के उपरि स्थित एक "परमात्मा"

---

[४] गीता, अध्यायः –१५-१६,१७

(पुरुषोत्तम) की, (यानी तीन तत्त्वों की) प्रस्थापना है। और उन तीन तत्त्वों के आधार पर श्रीकृष्ण अर्जुन को सृष्टि के नियमों समझा रहे हैं। परन्तु परम्परागत आचार्यों के द्वारा गीता के ही कृतिनिष्ठ उपर्युक्त वचनों की अनदेखी करके एवं वचनामृत, पांचरात्र आगमादि के वचनों में जो पञ्चतत्त्वों का निरूपण है वह गीता के वचनों में आरोपित किये जा रहे हैं। शिक्षापत्री, वचनामृत एवं सत्संगिजीवन जैसे ग्रन्थ सभी स्वामिनारायण सम्प्रदायों को मान्य है। ऐसे ग्रन्थों में जीव, ईश्वर, माया, ब्रह्म तथा परब्रह्म नामक पाँच तत्त्वों का निरूपण किया गया है। उन पाँच में जो चतुर्थ तत्त्व "ब्रह्म" है, उसके आगे, बोचासणवासी श्रीअक्षरपुरुषोत्तम स्वामि-नारायण सम्प्रदाय के आचार्यों ने अक्षर शब्द जोड कर, "अक्षरब्रह्म" की नवीन स्वकल्पित विभावना प्रस्तुत की है। (यहाँ परब्रह्म के रूप में श्रीसहजानन्द स्वामी को लेना है, तथा अक्षरब्रह्म के रूप में गुणातीतानन्द स्वामी को लेना है। "श्रीशास्त्री जी महाराज" नाम से सुप्रसिद्ध श्री यज्ञपुरुषदास जी ने अपने मन्दिरों में श्रीसहजानन्द स्वामी की प्रतिमा के साथ साथ श्रीगुणातीतानन्द की भी प्रतिमाएँ स्थापित करने की नवीन परम्परा खडी की है। इन दो प्रतिमाओं में क्रमशः "परब्रह्म" के रूप में श्रीसहजानन्द जी है और "अक्षरब्रह्म" के रूप में श्रीगुणातीतानन्द जी प्रतिष्ठित है ऐसी इस सम्प्रदाय की मान्यता है। विशेष में जो भी वर्तमान गुरु-गादी पर आसीन होते हैं वे "प्रकटब्रह्म" कहे जाते हैं।) पारमार्थिक तया इस तरह के पाँच तत्त्वों का होना भगवद्-गीता में कहीं पर भी कण्ठरव से नहीं बताया है। उन्होंने तो सृष्टि की व्यवस्था को समझने के लिए पूर्वोक्त तीन तत्त्व ही कहे हैं। हाँ, यह कहना आवश्यक है कि स्वामिनारायण सम्प्रदाय के मतावलम्बियों की दृष्टि से जो पाँच तत्त्व है, वे पांचरात्र आगम, श्वेताश्वतर उपनिषद्, वचनामृतादि ग्रन्थ में निरूपित होगा, परन्तु वे तत्त्व भगवद्-गीतोक्त भी है ऐसा कहना बहुत मुश्कील है। मूल गीता के वचनों में इनका समर्थन ढूँढना

एक साहसिक बौद्धिक व्यायाम ही है। क्योंकि भगवद्-गीता में तो क्षर, अक्षर और परमात्मा जैसे तीन तत्त्व ही कण्ठरव से गिनाए गये हैं।।

[५]

अपने अक्षरपुरुषोत्तमस्वामिनारायण सम्प्रदाय को अभिमत है ऐसे अक्षरब्रह्म एवं परब्रह्म की उपासना एवं भक्ति का निरूपण करने के लिए, श्रीभद्रेशदास जी ने विवादास्पद गीताभाष्य लिखने का उपक्रम किये बिना ही, यदि कोई प्रकरण ग्रन्थ का प्रणयन किया होता तो वह भारतीय दर्शनग्रन्थों की परम्परा में नया संनिवेश माना गया होता - ऐसी मेरी मति है। अस्तु। किन्तु अब तो यह गीता-भाष्य प्रकाशित हो चूका है एवं विश्वविद्यालयादि के शैक्षणिक वर्तुलों पाठ्यग्रन्थ के रूप में समाविष्ट भी होगा, इस लिए "स्थितस्य गतिश्चिन्तनीया" न्याय से, उसकी आलोचना होनी अपेक्षित एवं अनिवार्य है। जहाँ तक भगवद्-गीता के अर्थघटन का प्रसंग प्राप्त होता है तब यह ध्यातव्य है कि गीता के रचयिताओं ने धर्म, सांख्य, यज्ञ, योग जैसे अनेक दार्शनिक शब्दों के रूढ या परम्परागत प्रचलित (रूढ) अर्थों को छोड कर, नवीन या व्यापक अर्थों में उन शब्दों का प्रयोग किया है। तथा कहीं कहीं पर एक ही अर्थ को द्योतित करने के लिए विभिन्न शब्दों का प्रयोग भी किया है। अतः भाष्यकारों के लिए ऐसे स्थान चुनौती रूप सिद्ध होते हैं। भाष्यकार श्रीभद्रेशदास जी ने भी इस समस्या को ठीक पकड ली है। जैसे कि, उन्होंने योग एवं धर्म शब्दों का कहाँ कहाँ समानार्थ में प्रयोग हुआ है ? वह स्पष्टतया गीता के २-३९ तथा २-४० श्लोकों के भाष्य में अनेक सन्दर्भों का निर्देश करते हुए बताया है।

जनसाधारण में ऐसी मान्यता प्रवर्तित है कि भगवद्-गीता के तीन षट्कों में क्रमशः ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग का निरूपण किया गया है। किन्तु श्रीभद्रेशदास जी ने भगवद्-गीता के प्रत्येक अध्याय की पुष्पिका में

"इति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे अमुकयोगो नाम अमुकोऽध्यायः समाप्तः" ऐसा जो कहा गया है, उसमें से संकेत प्राप्त करके गीता को केवल "योगशास्त्र" के रूप में देखा है। [श्रीभद्रेशदास जी ने भगवद्-गीता को "योगशास्त्र" के रूप में सिद्ध करने की कोशिश की है। उनके योगशास्त्र में कौन सा योगधर्म वर्णित है ?- उन्होंने उसका उत्तर धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे० (४-८) इस पंक्ति को समझाते हुए लिखा है - "परमात्मप्रत्यक्षस्वरूप-निष्ठालक्षणम् योगधर्मम् उपदेशाचरणाभ्यां संस्थापयितुं युगे युगे प्रतियुगम्०" (पृ. ९६) पर दिया है। यानी, परमात्मनः (श्रीसहजानन्दस्य) प्रत्यक्षस्वरूपे (अक्षरब्रह्मणि, प्रकटब्रह्मणि वा) निष्ठा रूपं लक्षणमस्ति यस्य, तादृशम् योगधर्मम् संस्थापयितुम्० इस विग्रह के अनुसार वे इस सम्प्रदाय के गुरुवर्य में निष्ठा स्थापित करने को योगधर्म कह रहे हैं । श्रीभद्रेशदास जी के द्वारा दिखाया गया यही भगवद्-गीता का "योगशास्त्र" है।] यानी गीता में ज्ञानमार्ग, कर्ममार्ग एवं भक्तिमार्ग का क्रमशः पृथक् पृथक् प्रतिपादन है, या केवल ज्ञानमार्ग का प्रतिपादन है, या प्राधान्येन अनासक्त कर्मयोग का निरूपण है, इत्यादि इत्यादि भूतकालिक भाष्यकारों की विचारधाराओं से हट कर श्रीभद्रेशदास जी ने गीता को केवल "प्रत्यक्षपरमात्मस्वरूप-निष्ठात्मकयोग" ही कहा है । इस सामासिक पद में आये "प्रत्यक्ष परमात्मा" शब्द से "श्रीसहजानन्द स्वामी" रूप अर्थ लेना है, या फिर उनके "अक्षरब्रह्म" का अर्थ लेना है, कि गुरुगादी पर आसीन प्रकटब्रह्म को लेना है ? वह उस सामासिक पद के विग्रहवाक्य की अनुपस्थिति में समझना सम्भव नहीं है। क्योंकि "प्रत्यक्षपदेन किं ग्राह्यम्?" उसका विवरण भाष्य में कहीं पर नहीं है, अतः यह सामासिक पद सामान्य (सम्प्रदाय-बाह्य) व्यक्ति के लिए अस्पष्ट है। यह भी ध्यानास्पद है कि जैसे वन-उपवन में सर्वत्र तृणाच्छादित रहता है, वैसे इस भाष्य में "प्रत्यक्षपरमात्मस्वरूप-

निष्ठात्मकयोग" सामासिक पद का विनियोग अत्र, तत्र सर्वत्र किया गया है। लेकिन उस सामासिक शब्द का विशदीकरण कहीं पर उपलब्ध नहीं है। वे इस तरह के योग-शास्त्र को न ज्ञान का नाम देते हैं, न कर्म का नाम देते हैं या न तो उसे भक्ति का नाम देते हैं। यद्यपि सभी भाष्यकारों से यह अपेक्षा रखी गई है कि वे सूत्रार्थ या श्लोकार्थ को तो स्पष्ट करे ही, लेकिन उसके साथ साथ उन्होंने स्वयं जिन शब्दों का प्रयोग किया हो उनको भी वे असंदिग्धतया विवृत करें। परन्तु इस भाष्यकार ने अपने वाचकों पर इतना अनुग्रह नहीं किया है। जिससे उनका ही प्रतिपाद्य तत्त्व "गुहायां निहितम्" ही प्रतीत होता है।

[६]

यह सुविदित है कि भारतीय दर्शनशास्त्र में अवतारवाद का विचार सब से पहले स्पष्ट शब्दों में प्रस्तुत करनेवाला ग्रन्थ महाभारत है, जो भीष्मपर्वान्तर्गत भगवद्-गीता के चतुर्थ अध्याय के सातवे और आठवे श्लोक में बताया है। इस गीतोक्त अवतारवाद के वचनों का सब से पहले, किसी भी भाष्यकार के वचनों का सहारा लिए बिना ही, पूर्वापर सन्दर्भों में कृतिनिष्ठ अर्थघटन सोचना चाहिए। तत्पश्चात् वे श्लोक भाष्यकारों के हाथ में जाने पर, उन्होंने कैसा कैसा अर्थ किया है ? वह जानना रसप्रद होगा। कृतिनिष्ठ सन्दर्भ को देखा जाय तो, श्रीकृष्ण परमात्मा ने अर्जुन को युद्ध के लिए तैयार करने के लिए, तीसरे अध्याय में अनासक्त कर्मयोग का निरूपण किया है। जिसके द्वारा यह कहा गया है कि कर्ममात्र बन्धनकारक होते हैं, तथापि यज्ञार्थक और लोकसंग्रहार्थक कर्म करने पर वे कर्मबन्धन नहीं देते हैं। अर्जुन के लिए महाभारत का यह युद्ध लोकसंग्रहार्थक था, इस लिए उसमें हुई हिंसा भी हिंसा नहीं मानी जायेगी, अर्थात् हिंसायुक्तकर्म भी बन्धनकारक नहीं होगा- ऐसा श्रीकृष्ण प्रतिपादित करते हैं। उसके ही अनुसन्धान में वे चतुर्थाध्याय में कहते हैं कि इस तरह के कर्मयोग की

परम्परा बहुत पुरानी है, और आदि काल से चली आ रही है। जैसे कि, सब से पहले मैं ने ही विवस्वान् को उसका उपदेश दिया था। उसके बाद विवस्वान् (सूर्य) ने यह कर्मयोग मनु को कहा था, उस मनु ने इसे सूर्यवंशी इक्ष्वाकु वंश के राजाओं को सुनाया था। जो कालक्रम में कदाचित् लुप्त हो गया था। (यहाँ सूर्य को श्रीकृष्ण से कर्मयोग को ग्रहण करनेवाला बतलाया है। क्योंकि सूर्य ही सब से बडा कर्मयोगी है । वह केवल लोकसंग्रहार्थ= प्रजाहित में निरन्तर उदित रहता है।) वही कर्मयोग आज मैं तुम्हें, अर्जुन को फिर से सुना रहा हूँ। लेकिन, श्रीकृष्ण इस कर्मयोग के आदि प्रवर्तक है ऐसा अर्जुन कैसे माने ? क्योंकि अर्जुन की दृष्टि से सूर्य का प्रादुर्भाव अनादि काल से सिद्ध है, और कृष्ण का जन्म तो पश्चाद्वर्ती है। इस शंका के उन्मूलन के लिए, चतुर्थाध्याय में अवतारवाद के विचार को रखा गया हैः- यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ।। ४-७।। इस श्लोक में धर्म शब्द का, पूर्वापर सन्दर्भ में, अर्थ होता है- कर्मयोग। जब जब इस संसार में कर्मयोग रूपी धर्म की ग्लानि होती है, तब तब में अवतार धारण करता हूँ।। इस तरह से, श्रीकृष्ण अर्जुन को लोकसंग्रह की दृष्टि से (सूर्य की भांति कर्मयोग का परिपालन करने का, और) युद्ध में व्यापृत होने का उपदेश दे रहे हैं।। यहाँ पुनरुक्तिपूर्वक कहना होगा कि **प्रकृत सन्दर्भ में** धर्म शब्द का **कृतिनिष्ठ अर्थ"**(अनासक्त) कर्मयोग" ही लेना है, लिया गया है।

परन्तु अवतारवाद के यही श्लोक जब भाष्याकारों के हाथ में जाते हैं, तब वे "धर्म" शब्द का कृतिनिष्ठ एवं सान्दर्भिक अर्थ छोड देते हैं। उदाहरणार्थ आदि शङ्कराचार्य जी के भाष्य को देखते है। उन्होंने लिखा है कि- यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिः हानिः वर्णाश्रमादिलक्षणस्य प्राणिनाम् अभ्युदय-निःश्रेयस-साधनस्य भवति भारत, अभ्युत्थानम् उद्भवः अधर्मस्य तदा आत्मानं सृजामि अहं मायया। (गीताप्रेस, संवत् २०५८, गीता, पृ.

१०९) यहाँ पर शङ्कराचार्य जी ने धर्मशब्द का अर्थ "वर्णाश्रम धर्म" लिया है। चूँकि अर्जुन क्षत्रिय है, तो वर्णाश्रम धर्म का परिपालन करते हुए, उसे युद्ध करना ही चाहिए। इस तरह से उन्होंने यहाँ अर्थसंगति बिठाई है। यानी भाष्यकार श्रीशङ्कराचार्य जी ने यहाँ कृतिनिष्ठ पूर्वापर सन्दर्भ से प्राप्त "कर्मयोग" ऐसा अर्थ ध्यान में नहीं लिया है। तथा धर्म शब्द का "वर्णाश्रम धर्म" ऐसा अर्थ लिया है, जो परम्परागत **स्मृतिशास्त्रोक्त रूढ** अर्थ है।

इस परामर्श के अनुसन्धान में अब श्रीभद्रेशदास जी का स्वामिनारायण-भाष्य में दिया गया अर्थघटन द्रष्टव्य है। - "हे भारत, यदा यदा **धर्मस्य** स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयाद् (गी.२-४०) इत्याद्युक्तस्य परमात्मस्वरूपनिष्ठालक्षण-योगरूपस्य भागवतधर्मस्य **ग्लानिः** न्यूनता, यदा वा अधर्मस्य परमात्मप्रत्यक्ष-स्वरूपसच्छास्त्रगुर्वाद्यनादरबहुलपाषण्डवादस्य अभ्युत्थानम् अत्युत्कर्षश्च भवति तदात्मानं सृजामि अवतीर्णो भवामीत्यर्थः। कदाचित् स्वेच्छयाऽन्यज्जीवेश्वरात्मनोऽनुप्रविश्य, कदाचित्साक्षाद् एव सम्भवामीति भावः। **धर्मशब्दो नेह केवलवर्णाश्रमधर्मपरः**।।" (पृ.९५) यहाँ पर श्रीभद्रेशदास जी ने धर्म शब्द का स्वाभीष्ट पूर्वोक्त (परमात्मस्वरूपनिष्ठा-लक्षणयोग) अर्थ लिया है, और उसी को **"भागवतधर्म"** ऐसा विशेष नाम भी दिया है। तथा अन्त में यह भी कहा है कि प्रकृत में "केवल वर्णाश्रमधर्म रूप" अर्थ नहीं लेना है। परन्तु इस अन्तिम वाक्य में जो "केवल" शब्द रखा है, वह ऐसा ज्ञापित कर रहा है कि इस श्लोक में वर्णाश्रम धर्म रूप अर्थ को नहीं छोडते हुए, कुछ नवीन/अधिक अर्थ भी लेना है! मुझे यहाँ कुछ तर्कदोष हो रहा है ऐसा लगता है। अथवा, सम्भव है कि इस अक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण सम्प्रदाय की विचारधारा में भी सनातन धर्म की वर्णाश्रम व्यवस्था का अंशतः या पूर्णतया स्वीकार किया गया होगा। यहाँ, अवतार की अवधारणा के सन्दर्भ में यह भी द्रष्टव्य है कि - "परमात्मा स्वेच्छा से अन्य जीवेश्वर (श्रीकृष्ण) की आत्मा में प्रवेश करके जन्म लेते है,

अथवा परमात्मा(=श्रीसहजानन्द स्वामी) साक्षात् ही जन्म लेते है"। इस तरह के अर्थघटन में साम्प्रदायिक अभिनिवेश बुद्धि कार्यरत है ऐसा स्पष्ट दिख रहा है। साम्प्रदायिक भाष्यों में ऐसा अर्थातिरेक होना स्वाभाविक है। किन्तु हमारी पर, यानी सम्प्रदायबाह्य व्यक्ति एवं शिक्षण-जगत् पर अनुग्रह करने के लिए उन्होंने कुछ खुल कर यहाँ लिखना आवश्यक था। परन्तु उन्होंने विशेष बात लिखी नहीं, सामान्य पाठक वर्ग उनके अनुग्रह से वंचित है।

एवमेव, परित्राणाय साधूनाम्०। ४-८ श्लोक के विवरण में भी श्रीभद्रेशदास जी ने अन्त में लिखा है कि - अवतारवादविमर्शस्त्वन्यत्र कृतो द्रष्टव्यः। (पृ.९६) लेकिन उनके अन्यत्र किये हुए अवतारवाद के विमर्श का कोई स्थान-निर्देश, सन्दर्भ तो वे देते ही नहीं हैं। भगवद्-गीता में जिस स्थान में अवतारवाद का इदं प्रप्रथमम् उल्लेख हो रहा हो, वहीं पर अपने साम्प्रदायिक अवतारवाद की सकल चर्चा नहीं करने का क्या कारण था ?, तथा उसका अन्यत्र किये गये विमर्श का स्थान-निर्देश नहीं करने का क्या कारण था ? उस रहस्य को हम नहीं समझ पाते हैं । अन्यथा यही तो स्थान था कि जहाँ से सर्वसाधारण व्यक्ति भी अक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण सम्प्रदाय की नवोद्भावित परब्रह्म, अक्षरब्रह्म एवं प्रकटब्रह्म की अवधारणा को आपके ही अभीष्ट दृष्टिकोण से यथार्थतया समझ सके। लगता है कि इस भाष्यकार ने अपने अनिवार्य कर्तव्य का परिपालन नहीं किया है।

[७]

श्रीभद्रेशदास जी ने भगवद्-गीता के श्लोकों की व्याख्या करते समय जो लिखा है वह कहीं कहीं पर चिन्त्य भी है। तथा पर्याप्त मात्रा में विवादास्पद भी है, क्योंकि शास्त्रीय शब्दों की उनकी व्याख्या में साद्यन्त एकरूपता भी नहीं है। संस्कृतविद्या के उपासक लोग जानते हैं कि भाष्य एवं व्याख्यान

के लक्षण भी अमुक अमुक रीति से निश्चित किये गये हैं[५] । लक्षण दार्शनिक एवं अन्य शास्त्रीय ग्रन्थों के निरूपण में यह अनिवार्यतया अपेक्षित होता है कि एक बार अमुक शब्द का जिस अर्थ में प्रयोग किया, अथवा किसी शब्द का जो अर्थ एक बार बतला दिया उसीका उसी तरह से साद्यन्त निर्वहण करना चाहिए। जैसे कि,

(१) गीता के द्वितीयाध्याय में कर्मयोग को पुरस्कृत करने के लिए श्रीकृष्ण ने कहा है कि, कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूः, मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।।२-४७।। इस श्लोक के स्वामिनारायण भाष्य में श्रीभद्रेशदास जी ने लिखा है कि- "हे पार्थ, ते मद्भक्तस्य तव कर्मण्येवाधिकारः अस्तु। कदाचन बन्धहेतुभूतेषु तेषां फलेषु तेऽधिकारो मा भवतु। हे पार्थ, त्वं च पुनः **कर्मफलहेतुः कर्मफलजनको** मा भूः। एवं सत्यपि अकर्मणि कर्मपरित्यागे ते तव सङ्गः आग्रहो माऽस्तु। परमात्मन एव सकलकर्मफलप्रदानाधिकारत्वात् त्वया तु फलालोचनं विहाय परमात्मप्रसन्नताहेतुभूतकर्माण्यनुष्ठेयानि, अतः पापाद्यनिष्टोत्थानाऽऽशङ्का-जातयुद्धाऽकरणाऽऽग्रहं परित्यजेति भावः।।" (पृ.५५) यहाँ पर "कर्मफलहेतुः" शब्द का जो अर्थ दिया है, वह अनवधान-प्रयुक्त दोष से ग्रस्त है। संस्कृत भाषा में हेतु शब्द के अनेक अर्थ हो सकते है। जैसे कि, प्रयोजन, प्रकृति, निमित्त, कारण इत्यादि। प्रकृत सन्दर्भ में, "कर्म के फलों का हेतुवाला यानी कर्मफल को प्रयोजन माननेवाला तुम न बनो"। हम कर्म करें, किन्तु किस प्रयोजन से प्रेरित होकर? उसका विचार करके जो व्यक्ति कार्य करता है, उसको कर्मफलहेतुः (बहुव्रीहि समास) कहा जाता है। यहाँ किसी भी तरह से अर्जुन को कर्मफल का उत्पादक या जनक

---

[५] सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र पदैः सूत्रानुसारिभिः । स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुः।। पदच्छेदः पदार्थोक्तिर्वाक्ययोजना । आक्षेपेषु समाधानं व्याख्यानं पञ्चलक्षणम्।।

कहेना श्रीकृष्ण को अभीष्ट ही नहीं है। यदि अर्जुन कर्मफल का उत्पादक हो सकता था तो उसे "न चैतद् विद्मः कतरन्नो गरीयो, यद्वा जयेम यदि वा नो जयेयुः" (२-६) जैसा संशय ही नहीं होता। श्रीभद्रेशदास जी इस पर पुनर्विचार करें ऐसा अपेक्षित है।।

(२) सप्तमाध्याय में श्रीकृष्ण ने चार प्रकार के भक्तों का निरूपण किया है - चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन। आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ। (७-१६) इस पर श्रीभद्रेशदास जी का भाष्य श्रवणीय हैः - हे **अर्जुन, चतुर्विधाः सुकृतिनः** स्वनुष्ठितपुण्याः **जनाः** मनुष्याः मां परमात्मानं भजन्ते समाश्रित्य समुपासते। के च त इत्याह हे **भरतर्षभ, आर्तः** बाह्याभ्यन्तरक्लेषक्लान्तो विषादी तत्क्लेषापनोदनाभिलाषी **अर्थार्थी** समृद्ध्यैश्वर्याद्यभिलाषी। अप्राप्तं प्राप्तुं प्राप्तादधिकं वा प्राप्तुं भजते। **जिज्ञासुः** ब्रह्मविद्याभिलाषी **ज्ञानी** ब्रह्मस्वरूप-गुरूपदेशादिभिर्लब्धब्रह्म-विद्यः। येनाक्षरं पुरुषं वेद सत्यं प्रोवाच तां तत्त्वतो ब्रह्मविद्याम् (मु. १-२-१३) इति हि ब्रह्मविद्यालक्षणम्। **आद्यास्त्रयो मुमुक्षवः**। चतुर्थो ब्रह्मरूपो मुक्तः। मुक्तस्यापि परमात्मभजनमुपासनमस्तीति सूचना। (पृ.१६४)

इस भाष्य में, चार प्रकार के भक्तों में से पहले जो तीन हैं (आर्त, अर्थार्थी एवं जिज्ञासु) उनको मुमुक्षु कहे हैं । जिज्ञासु व्यक्ति मुमुक्षु है, उसमें **प्रायः** कोई मतभेद नहीं हो सकता। लेकिन आर्त यानि रुग्ण व्यक्ति जब भगवान का भजन करेगा तो उसके लिए तो रोगमुक्ति रूप मुमुक्षुत्व होगा। लेकिन रोगमुक्ति मिल जाने के बाद, वह केवल ईश्वरपरायण ही हो जायेगा ऐसा मानना अनुभव-विरुद्ध है। मतलब कि उस आर्त प्रकार के भक्त में तो रूढ अर्थवाला (मोक्षलक्ष्यी) मुमुक्षुत्व घटित नहीं होगा। उसी तरह से अर्थार्थी यानि धनाकाङ्क्षी व्यक्ति में भी मुमुक्षुत्व घटित नहीं होगा। धनाकाङ्क्षा तो भोगविलास, सुख-सुविधा की प्राप्ति के लिए होती है। इस तरह का "मुमुक्षु" शब्द का प्रयोग रूढार्थ से विपरीत तो है ही, लेकिन जनसमूह को गुमराह

करनेवाला और दम्भी बनानेवाला भी सिद्ध हो सकता है। अथवा ऐसा कहना होगा की श्रीभद्रेशदास जी के मत से रोग से मुक्ति चाहनेवाला भी मुमुक्षु है, और दारिद्र्य से मुक्ति चाहनेवाला भी मुमुक्षु है, तो उन लोगों की मुमुक्षा भवसंसार से मोक्ष प्राप्त करने की मुमुक्षा नहीं ह । सारांशतः श्रीभद्रेशजास जी ने मुमुक्षु शब्द का रूढार्थ त्याग के, बहुत संकुचित अर्थ में उस शब्द का प्रयोग किया है।।

(३) द्वितीयाध्याय में, शरीर एवं शरीरी का विवेक बताते हुए श्रीकृष्ण ने कहा है कि- वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि। तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही।। २-२२ ।। इस श्लोक की व्याख्या करते हुए श्रीभद्रेशदास जी ने लिखा है कि- "नरः कुलीनो जनः जीर्णानि जर्जरितानि वासांसि वस्त्राणि विहाय परित्यज्य यथापराणि नवानि गृह्णाति परिधत्ते। .. जीर्णवसनत्यागे न शोचति भद्रो जनः, प्रत्युत नन्दति। तथा प्राज्ञाः शरीरत्यागेऽतः शोकं जहि।" इत्यादि।। (पृ. ३०-३१) यह श्लोक देहात्मभेद को उदाहरण के माध्यम से समझाने के लिए प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक मनुष्य (एवं जीवमात्र)को मरण की स्थिति में शरीर का त्याग करना होता है। जैसे मलिन या जीर्ण वस्त्र को त्याग के नवीन वस्त्र धारण किये जाते हैं, वैसे ही आत्मा को देहान्तर प्राप्ति होती है। इस श्लोक में शरीरधारी प्राणीमात्र के शरीर और जीवात्मा के पार्थक्य की बात कही है। तथापि श्रीभद्रेशदास जी ने इस श्लोक में आये हुए "नरः" शब्द का "कुलीनो जनः" एवं "भद्रो जनः" ऐसा अतिसंकुचित अर्थ बताया है। जिससे ऐसा प्रश्न होता है कि जो अकुलीन एवं अभद्र व्यक्ति होंगे, वे क्या कभी अपने पुराने शरीर का त्याग ही नहीं करते होंगे ? एवमेव, इस भाष्य का जो चतुर्थ वाक्य है - "तथा प्राज्ञाः शरीरत्यागेऽतः शोकं जहि।" वह व्याकरण की दृष्टि से असाधु है। क्योंकि उसमें तिङन्त एकवचनान्त पद के साथ कर्तृ-वाचक पद की संगति बैठती नहीं है।।

(४) चतुर्थाध्याय में श्रीकृष्ण ने कर्म, अकर्म एवं विकर्म जैसे शब्दों का प्रयोग करके, "कर्म की गति गहन है" इसकी ओर अर्जुन का ध्यान आकृष्ट किया है। अर्जुन कौन से कर्म करना चाहिए और कौन से कर्म नहीं करना चाहिए ? इसी प्रश्न को लेकर ही किंकर्तव्यमूढ बना है। श्रीकृष्ण कहते है कि -

कर्मणो ह्यपि बोद्धव्यं, बोद्धव्यं च विकर्मणः।
अकर्मणश्च बोद्धव्यं गहना कर्मणो गतिः।।४-१७।।

इस पर भाष्य लिखते हुए श्रीभद्रेशदास जी ने अपने स्वामिनारायण गीता-भाष्य में लिखा है कि- "पार्थ, कर्मणोऽपि परमनिःश्रेयसहेतुभूतायाः क्रियायास्तत्त्वं हि अवश्यमेव बोद्धव्यं विज्ञातव्य-मस्ति। विकमर्णश्च परमनिःश्रेयसप्रतिबन्धकरस्य विरुद्धस्य प्रतिषिद्धस्य कर्मणोऽपि तत्त्वं बोद्धव्यं ज्ञातव्यम् अस्ति। एवम् अकर्मणश्च कर्मभिन्नस्य ज्ञानस्य तत्त्वमपि बोद्धव्यम्। एवंविधस्य कर्मणः कर्माऽकर्म-विकर्मजातस्य गतिः अवबोधो गहना साधारणैः सम्पादयितुमशक्या। अतस्त्वं साध्वसाधु-कर्मज्ञानादिनिर्णयाऽभि-निवेषं विहाय तत्र मदुक्तम् अवधारयेति भावः।। "(पृ.१०१) यहाँ पर प्रस्तुत भाष्यकार ने परम निःश्रेयस्कर कर्म को "कर्म" कहा है तथा उससे विपरीत यानि परम निःश्रेयस में जो कर्म प्रतिबन्धक बनते हैं, उसको "विकर्म" के नाम से समझाया है। किन्तु "अकर्म" को समझाते हुए उन्होंने कर्मभिन्न जो (केवल) ज्ञान होता है उस ज्ञान को अकर्म कहा है। (यानि उन्होंने अकर्म शब्द में जो नञ् का प्रयोग है, उसका तद्भिन्नत्व अर्थ लिया है।) इस व्याकरणसम्मत अर्थ के सहारे उन्होंने अनुगामी श्लोक (४-१८) को भी बहुत सुचारु रूप से व्याख्यात किया है। कृत्स्नकर्मकृत् बुद्धिमान् व्यक्ति को कैसे कर्म में अकर्म और अकर्म में कर्म देखना है ? उसकी व्याख्या सद्यः हृदयंगम हो जाती है।परन्तु उक्त व्याख्यान के साथ दो बिन्दुओं पर विवाद खडा हो रहा है। जैसे कि, (क) श्रीभद्रेशदास जी ने जो लिखा है कि कर्म, अकर्म

और विकर्म का अवबोध अर्जुन (यानि किसी भी भक्त) को होना अशक्य है। और इसी लिए अर्जुन को साधु कर्म कौन है, असाधु कर्म कौन है और ज्ञानादि भी क्या है ? यह जानने का अभिनिवेश (=आग्रह) ही नहीं रखना चाहिए। बस, केवल गुरु-पद पर जो आसीन है उसका जो भी कहना है, उसका जो भी आदेश/उपदेश है, उसीको ही धारण करना है (यानि उसीको कार्यान्वित करना है)- तो यह व्याख्यान किसी भी तरह से सही नहीं है। क्योंकि इसी कृष्ण ने अष्टादश अध्याय में, सारी गीता सुनाने के बाद "यथेच्छसि तथा कुरु" (तुझे जो कर्म उचित प्रतीत होता है, उसके अनुसार तुम कर सकता है) ऐसी स्वतन्त्रता प्रदान की है। मतलब कि श्रीभद्रेशदास जी ने किया व्याख्यान कृतिनिष्ठ पूर्वापर वाक्यों के साथ सुसंगत नहीं है। (ख) अकर्म शब्द का यहाँ जो ("कर्मभिन्न ज्ञान") अर्थ लिया है, उसीका परिपालन पूरे भाष्य में होना अनिवार्य रूप से अपेक्षित है। परन्तु दुर्भाग्यतया ऐसा नहीं हो पाया है। जैसे कि, "मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि" (२-४७) में जो अकर्म शब्द का प्रयोग हुआ है, वहाँ पर तो इस भाष्यकार ने लिखा है कि- अकर्मणि कर्मपरित्यागे ते तव सङ्गः आग्रहो मास्तु। (पृ.५५) किन्तु किसी भाष्यकार से यह उम्मीद की जाती है कि वे अपने किये हुए व्याख्यान, विवरण, शब्दार्थ का साद्यन्त निर्वहण करें। उन्होंने जो ४-१७ में अकर्म का अर्थ "कर्मभिन्न ज्ञान" लिया है, तदनुसार २-४७ में "मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि" का अर्थ यही करना था कि "हे अर्जुन, तुम ज्ञान प्राप्ति में आसक्ति न रखो!" जैसा कि ४-१७ के भाष्य में साफ साफ समझाया है।

(४) तृतीयाध्याय में श्रीकृष्ण ने तीन तरह के कर्मों का निर्देश किया है - शरीरयात्रा को चलाने के लिए किये जानेवाले कर्म, यज्ञार्थक कर्म एवं लोकसंग्रहार्थ किये जानेवाले कर्म। इन में से जो यज्ञार्थ एवं लोकसंग्रहार्थ कर्म किये जाते हैं, वे दोनों ही मनुष्य को कर्मबन्धन में नहीं डालते हैं। इस विचार का विवरण करते हुए भगवद्गीता में तीसरे अध्याय के ९ से १६ श्लोक

प्रस्तुत किये गये हैं। श्रीभद्रेशदास जी ने यज्ञार्थात् कर्मणोऽन्यत्र लोकोऽयं कर्मबन्धनः। गीता ३-९ इस पङ्क्ति को समझाते हुए, यज्ञो वै विष्णुः। तै. सं. १-७-४ के आधार पर, यज्ञ शब्द का अर्थ "विष्णु" लिया है। तथा विष्णु के रूप में अक्षराधिपति को लेना है-यह भी स्पष्ट किया है। किन्तु यज्ञ शब्द के इस अर्थ का निर्वहण अनुगामी श्लोकों की व्याख्या में नहीं कर पाये हैं। उनमें तो यज्ञ का यजन रूप रूढ अर्थ लिया गया है।। तथा लोकसंग्रह जैसे अति महत्त्वपूर्ण शब्द की तो कोई व्याख्या ही नहीं की है। इससे ऐसा प्रतीत होता कि अक्षरब्रह्म की दार्शनिक विचारणा में साक्षात् ब्रह्म स्वरूप गुरु (प्रमुख स्वामी-आदि) की आज्ञा, उपदेश, भजनादि का ही स्थान है। लोकसंग्रहात्मक कार्य का कोई स्थान ही नहीं है। गीतोक्त लोकसंग्रह के विषय में भाष्यकार की क्या सोच है ? वह अकथित ही रहा है।।

यहाँ श्रीभद्रेशदास जी के इस "स्वामिनारायण गीता-भाष्य" का कतिपय उदाहरणों को लेकर स्थालि-पुलाक न्याय से जो प्राथमिक परामर्श किया गया है, वह उसको सर्वथा उपकारक या समाश्रयणीय भाष्य की कोटि में स्थापित नहीं कर सकता है[६]।।

[६] श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, वेरावल के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय दर्शनशास्त्र की संगोष्ठि में (दिनांक ५-७ फरवरी, २०१९) प्रस्तुत किया गया अभ्यास-लेख ।

बौद्धदर्शन में वैराग्य निरुपण

प्रि. डॉ रश्मि. प्रद्युम्नभाई. महेता
श्रीमति सी. पी. चोक्सी आर्ट्स एण्ड
श्री पी. एल. चोक्सी कॉमर्स कॉलेज, वेरावल।

बौद्ध धर्म घोर वैराग्यवादी, निवृत्तिवादी धर्म है। इसका विनयपिटक केवल भिक्षुओं के लिए है। बौद्ध धर्म ने उपासकों और गृहस्थो को कोई धर्मशास्त्र नहीं दिया है। दीर्घनिकाय के तृतीय, पाथिक-वर्ग के नवं, सिगालवाद-सुत्त में बुद्ध ने छह देशों को नमस्कार करने वाले ब्राह्मण को छह प्रकार के कर्तव्यों के पालन द्वारा दिशाओं को नमस्कार करने की जो विधि बतायी है उससे उपासकों को कुछ शिक्षा अवश्य मिलती है । उनके द्वारा उपदिष्ट कर्तव्य-पद्ध यह है पिता का कर्तव्य पुत्र के प्रति और पुत्र का पिता के प्रति, शिष्य का गुरु के प्रति और गुरु का शिष्य के प्रति, पति का पत्नी के प्रति और पत्नी का पति के प्रति, मित्र का मित्रों के प्रति और मित्रों का उस मित्र के प्रति, स्वामी का सेवकों के प्रति और सेवकों का स्वामी के प्रति, उपासकों को भिक्षुओं के प्रति और भिक्षुओं को उपासकों के प्रति। किन्तु इस प्रकार के छिटपुट अपवादभूत उपदेशों से लोक व्यवस्था नहीं बनती। बौद्ध धर्म द्वारा अनागरिक भिक्षु जीवन की गृहस्थ से श्रेष्ठता का भूरि-भूरि प्रतिपादन सिद्ध करता है कि उसका मूल स्वर लोकम्यवस्था-निरपेक्ष वैराग्यवाद ही है भिक्षु बनाने की प्रक्रिया समाज-निरपेक्षकरण की प्रक्रिया नहीं तो और क्या हैं? वस्तुतः उसमें उपासक-जीवन को अनुकम्पापूर्वक सहन ही किया गया है, प्रोत्साहित नहीं किया गया है। यह सही है कि बुद्ध ने कहा है कि लोक से वैसी ही ममता रखनी चाहिए जैसी माता अपने इकलौते पुत्र से रखती है और कि सबसे मैत्री की भावना होनी चाहिए

माता यथा नियं पुत्तं आयुसा एक पुत्त मनु रक्खे.
एवं पी सबुभूते मानस भावये अपरिमाणं॥

मेत्तं च सब्बलोकस्मिं मानसं भावये अपरिमाणं।
उद्धं, अघो च, तिरियं च असंबाधं अवेरमसपत्तं।।[४]

किन्तु यह वैसा ही हुआ जैसे कोई 'अत्तदीपो भव जैसे वचन के आधार पर बुद्ध को आत्मवादी घोषित करे। सामान्य नीति-नियमों का उपदेश और बात है और लोक- व्यवस्था - पन और ही । राजव्यवस्था विस्तृत: राग और ममता का खेल है, जबकि बुद्ध राग और ममता के उच्छेद का उपदेश करते हैं। मंत्री और करुणा वैदिक धर्म में केवल उपदेश की बस्तु नहीं हैं, उन्हें लोक व्यवस्था का अभिन्न अंग बनाने के निमित्त पंच महायज्ञों दवारा संस्थाबद्ध करने को चेष्टा की गयी है वैदिक धर्म में गार्हस्थ्य को आश्रमों में ज्येष्ठ बतलाकर उसका बिरुद गान किया गया है-

यथा वायुं समाश्रित्य वर्तन्ते सर्व जन्तवः,
तथा गृहस्थमानित्य वर्तेते सर्व आश्रमः।

यस्मात् त्रयोडप्याश्रमिणों ज्ञानेनान्ने न चान्वहम्
गृहस्पेनैव धार्यन्ते, तस्माज्येष्ठाश्रमो गृही॥ ५

मनु यहाँ तक कह जाते हैं कि गार्हस्थ्य के कर्तव्यों का भलीभांति पालन किये बिना.ऋणत्रय का सम्यक निर्वाचन किये बिना, संन्यास आश्रम में प्रवेश करने से मनुष्य नरक का भागी होता है।

ऋणानि श्रीण्यपाकृत्य मनो मोक्षे निवेशयेत्,
अनपाकृत्य मोक्षं तु सेवमानो बजत्यघः।

अधीत्य विधिवद् वेदान्, पुत्रानुत्पाघ धर्मतः,
इष्ट्वा च शक्तितो यज्ञैर् मनो मोक्षे निवेशयेत्॥

अनधीत्य द्विजो वेदाननुत्पाद्य तथा सुतान्,
अनिष्ट्या चैव यजैश्च मोक्षमिच्छन् व्रजत्यधः ॥६

बौद्ध धर्म में ऋण त्रय की कल्पना नितास्त शून्य है। यह कल्पना कि समाज-धारणा में योगदान प्रत्येक मनुष्य का धार्मिक कर्तव्य है, कि लोक का संग्रह होना चाहिए नकि उच्छेद, कि प्रजातन्तु को टूटने नहीं देना चाहिए, वेराग्यवाद से सर्वथा बेमेल है।

वैदिक धर्म में पुरुषार्थ, मानव, मूल्यों का वर्गीकरण चार शीर्षकों के अन्तर्गत किया गया है- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। यह वर्गीकरण प्रवृत्ति, भोग और वैराग्य, लोक और परलोक के सुन्दर समन्वय पर प्रतिष्ठित है। किन्तु वैराग्यवादी धर्म इस पुरुषार्थ - चतुष्टय में से केवल धर्म और मोक्ष को मान्यता दे सकते हैं; वे अर्थ और काम को सहन तो कर सकते किन्तु उन्हें परम पद की प्राप्ति में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से सहायक कथमपि स्वीकार नहीं कर सकते। तैत्तिरीयोपनिषद का आदेश है प्रजातन्तु को टूटने न दो (प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः)10 बुद्ध ऐसेउपदेश का दायित्व लेने को तैयार नहीं दिखायी देते। उन्हें सन्तति के सातत्य में कोई रुचि नहीं। बल्कि उनका स्पष्ट उपदेश है कि पुत्र, धन और राज्य की इच्छा ही नहीं करनी चाहिए, न अपने लिए, न दूसरे के लिए -

न अत्तहेतु न परस्स हेतु न पुत्तमिच्छे, न धनं, न रट।
न इच्छेश्च अधम्मेन समिद्धिमत्तनो-स सीलवा, पञ्ञवा, धम्मिको सिया।।
८

वे यह भी स्पष्ट करते है कि लोक का संवर्धन करना ही नहीं चाहिए -

होनं धम्मं न सेवेस्य, पमादेन न संवसे,
मिच्छादिटिठ न सेवेस्य, न सियालोकवद्डनो ॥ ९

शंकर का कहना है कि ब्रह्म ज्ञान हो जाने पर हमारा कोई भी कर्तव्य नहीं रह जाता है और कि यह नैष्कर्म्य हमारा दूषण नहीं भूषण है (अलंकारो त्यस्मांक यद् बनावगतौ सत्यां सर्वकर्तव्यता हानिः)।। ठीक इसी "स्वर में नागार्जुन का कहना है कि कर्म तो अज्ञानी करता है, जिसे तत्वदर्शन हो गया उसे कोई कर्म नहीं करना होता -

अखिद्वानकारकस् तस्मान्, न विद्वांस तत्वदर्शनात्।।

चन्द्रकीर्ति भी लिखता है "न क्वचिद् धर्मः मुह्यति, अमूढ च कर्म न करोति"। १२ अतः लोक व्यवस्था अज्ञानियों कि चीज़ होकर रह जाती है। बुद्ध की व्यवस्था के प्रति उदासीनता का सीधा अर्थ तो यही निकलता है कि उनकी दृष्टि में लोक का कोई महत्व नहीं था। कहने वाले यह भी कह सकते हैं कि बौद्ध धर्म मूलतः: भिक्षु-धर्म के रूप में उभरा, जिसकी आँत-स्मार्त धर्म से कोई प्रतिस्पर्धा अथवा विरोध न था। बौद्ध धर्म भिक्षुओं के लिए था और औत-स्मार्त धर्म मुख्यतः गृहस्यों के लिए। चूंकि गृहस्थों के लिए विधि-निषेध उपस्थित ही थे, अतः बौद्ध धर्म को इस विषय में कुछ भी करणीय नहीं था। बुध्ध-धर्म बस्तुतः कोई स्वतंत्र, सर्वाडगपूर्ण, स्वतःपूर्ण धर्म न होकर श्रौत-स्मार्त परम्परा में विकसित एक सम्प्रदाय मात्र था। उसकी हैसियत वैदिक धर्म रूपी आधार के आधेय (सुपर-स्ट्रक्चर) को सी थी। हो सकता है कि इस दृष्टिकोण में बल हो, किन्तु यह मानना ही होगा कि बुद्धोत्तर बौद्ध धर्म वैदिक परम्परा से अधिकाधिक स्वतन्त्र होता गया है, चाहे माहायानिक तत्वज्ञान

वेदान्त के सन्निकट ही क्यों न पहुँच गया हो।

बौद्ध धर्म में लोक व्यवस्थापरक आगम, धर्मशास्त्र, के अभाव तथा बौद्धों की एत द्विषयक परमुखापेक्षिता की कई दार्शनिकों ने खिल्ली उड़ायी है। वाचस्पतिमिश्र का कथन है कि बौद्धागम में न तो लोकव्यवस्था के लिए

कोई विधान है और न वैयक्तिक अथवा पारिवारिक संस्कार के लिए कोई योजना। अत: बौद्धों को विवश होकर लोकयात्रा के लिए श्रुति-स्मृति का अनुसरण करना पड़ता है- 'न चैतेषामागमा वर्णाश्रमाचारव्यवस्थाहेतवो, नो खलु निषेकाधाः त्रियाः श्मशानान्ते प्रजानामेते विदधाति। न हि प्रमाणीकृतबौद्धाधागमा अपि लोकयात्रायां श्रुतिस्मृतिहासप्राणनिरपेक्षागम मात्रेण प्रवर्तन्ते। अपितु तेडपि सांवृतमेतदिति बुवाणा लोकयात्रायां श्रुत्यादीनेवानुसरन्ति।'१३ जयन्त भट्ट का कथन है कि बौद्ध आदि वैदिक मर्यादा के प्रभाव में ही चांडाल आदि को

अस्पृश्य मानते हैं - 'बौद्धादयोडपि दुरात्यानो वेदप्रामाण्यनियमिता एव चांडालादिस्पर्श परिहरन्ति ।'१५

बौद्ध नीतिशास्त्र व्यक्तिवादी नीतिशास्त्र है, उसके लिए पारिवारिक सामाजिक सबंधों का विशेष महत्व नहीं है। उसका आदर्श है सबको भिक्षु बनाकर निर्वाणपुरगामिनीप्रतिपद पर आरूढ करना। बौद्ध धर्म वस्तुतः वैयत्विक धर्म है, सामाजिक धर्म नहीं; व्यक्ति-परक धर्म है, लोक-परक नहीं। बौद्ध संघ को परिकल्पता

कुछ दस प्रकार हुई है कि उसमें सामाजिक-सामूहिकता (कलेक्टिविटी) नहीं अपितु सामूहिक एकता कविता. (कलेक्टिव लोनलीनेस) को ही प्रश्रय मिलता है। लोक में रस लेने वाला धर्म ही लोकव्यवस्था में रुचि ले सकता है। वैराग्यवादी धर्म लोक को हेय समझता है और उसकी सारी चेष्टा एक ही और केन्द्रित होती है- लोकोच्छेद की ओर। अत: वैराग्यवाद लोक-विवृद्धि का स्वप्न भी नहींदेख सकता। मानव और मानवीय सम्बन्धों की पवित्रता में आस्था ही लोकव्यवस्था का मूलाधार है। इसके विपरीत वैराग्यवाद मानव के शरीर, मानवीय सम्बन्धो, मानव-जीवन, के विरुद्ध घृणा का भाव उत्पन्न करता है, अत: बह लोकव्यवस्था के सर्वथा प्रतिकूल पड़ता है। इस्लाम शूकर को हराम समझता है, अत: उससे यह आशा कि

वह शूकर-बश की वृद्धि में उसी प्रकार रुचि लेगा जैसे हिन्दू धर्म गौवंश की वृद्धि में लेता है. दुराशा मात्र है । बौद्ध धर्म से ही उदाहरण लीजिए । वह लोक का, जीवन का, विश्लेषण करके उसे निस्सार, निरर्थक, और गर्हणीय पाता है। स्त्री के कटाक्ष पर रीकने वालों को वह बतलाता है कि वह परमाणु-युज के अतिरिक्त कुछ नहीं है

नर्तकी भ्रू लताक्षेपो न ह्येकः परमार्थतः।
परमाणुसमूहत्वादेकत्वं तस्य कल्पितम् ॥१५

शान्तिदेव मानव-शरीर का विश्लेषण करके उसे असार घोषित करते हैं।

इमं चर्मपुटं तावत् स्वबुद्ध्यैव पृथक कुरु,
अस्थिपञ्जरतो मांसं प्रज्ञाशस्त्रेण मोचय,
अस्थीन्यपि पृथक् कृत्वा पश्य मज्जानमन्ततः,
किमत्र सारमस्तीति स्वयमेव विचारय ॥१६

विसुद्धिमग्ग में मानव में रक्त की अरुचि और मानव की सत्ता के अस्वीकार एक मार्मिक उदाहरण प्राप्त होता है। कोई किसी स्थविर से पूछता है। कि क्या आपने इधर जाती हुई स्त्री को देखा है? स्थविर का उत्तर है-

नाभिजानामि इत्थी वा पुरिसो वा इतो गतो।
अपि च अटिठसंधातो गच्छते स महापथे।।१७

अर्थात् मै यह तो नहीं जानता कि इधर से स्त्री गयी अथवा पुरुष गया, किन्तु इस मार्ग से एक अस्थिसंघात अवश्य जा रहा है।

वैराग्यवाद में मानव-मानव के बीच प्रेम और ममता का विकास ही नहीं हो सकता, क्योंकि मानव का व्यक्तित्व अस्थि और मांस के पुज से अधिक कोई मूल्य ही नहीं रखता। एक फारसी-कवि कहता है

गर दिल ब-मज्हबे तू हमीं गोश्त-पारः ईस्त,
कस्साबे शहर बिह जि तू दानद बहा-इ दिल

अर्थात् यदि हे प्रेयसि। तुम्हारी हष्टि में दिल मांस का एक लोथड़ा मात्र है, तब तो तुम्हारी अपेक्षा नगर का मासिक (कसाई) ही दिल की कीमत अच्छी आंक सकता है।

यही कारण है कि अर्हत् प्रेम को महत्व नहीं देता, ज्ञान को महत्व देता है, जिस से वह वैयक्तिक निर्वाण का प्रतिलाभ कर सके। महायान के अनुसार अर्हत् का आदर्श मूलतः स्वार्थपरक है। यहाँ यह भी विचारणीय है कि जब ज्ञान का स्वरूप यह है कि न आत्मा है, न जीवन पुद्गल, न मानव, तो शीलप्रयोग और संवरक्रिया से ही क्या बनेगा? यह आशंका बौद्धों में भी उठी थी, ऐसा प्रतीत होता है

यत्रात्म नास्ति, न च जीवो देशित, पुद्गलोऽपि न कथञ्चित्,
व्यर्थ श्रमोऽत्र घटते य: शीलप्रयोग संवरक्रिया च।

यधस्ति चैव महायानं नात्र हि आत्म, सत्व, मनुजो वा
व्यर्थ: श्रमोऽत्र हि कृतो मे यत्र न चात्मसत्व उपलब्धि: ॥१८

किसी भी धर्म अथवा दर्शन की जीवन-व्यवहार, लोक-व्यवस्था के प्रति प्रासंगिकता और सार्थकता का निकष है व्यक्तित्व का वह चरम आदर्श जो वह धर्म अथवा दर्शन प्रस्तावित करता है। आदि बौद्ध धर्म का जिसे मैं बुद्ध-धर्म (Buddha-ism) कहता हूँ, चरम आदर्श है सम्यक् सम्बुद्ध, जो आर्य सत्य चतुष्टय का साक्षात्कार कर दु:खनिरोध और सम्बोधि का प्रतिलाम कर लोककल्याणार्थ, बहजनहिताय, धर्मोपदेश करता है आदि बौद्ध धर्म सम्यक्सम्बुद्धत्व की सिद्धि सबके लिए सम्भव मानता है। वह यह भी मानता प्रतीत होता है कि बुद्ध और उनके प्रबुद्ध शिष्यों-अनुयायियों में केवल तारतम्य भेद है, प्रकार-भेद नहीं। आगे चलकर इस सम्बन्ध में एक त्रिविध प्रकार-भेद प्रकाश में आया-श्रावक, प्रत्येक बुद्ध और सम्बुद्ध, यह भेद हीनयान में विकसित हुआ था। महायान ने इसे अपने ढंग से लिया।

श्रावक चार प्रकार के माने गये हैं। स्रोतआपन, सकृदागामी, अनागामी और अर्हत्। स्रोतआपन्न श्रावक वे हैं जो निर्वाण-पथ पर अभी-अभी आस्हुए है। सकृदागामी श्रावकों को लोकधातु-त्रय में बस एक बार जन्म लेना शेष है, उसके पश्चात् वे निवृत्त हो जाने वाले है। अनागामी श्रावक उक्त लोकथातु त्रय से निवृत्त होकर पुनर्जन्म से विरत है और अगली बार निर्वृत्त हो जाने वाले हैं। अहित् श्रावक वे है जो जीते - जी निर्वाण - लाभ कर रहे हैं और शरीर छूटते ही स्कन्धो से पूर्णत: निवृत्त होकर परिनिर्वाण प्राप्त कर लेते है।

आदि बौद्ध धर्म और हीनयान में निर्वाण के दो प्रकार है सोपधिशेष और निरुपधिशेष। शरीर रहते प्राप्य निर्वाण सोपधिशेष और शरीरपात, स्कन्धनिवृत्ति के अनन्तर प्राप्य निर्वाण निरूपधिशेष निर्वाण कहलाता है। सोपधिशेष निर्वाण प्राप्त करने वाला श्रावक ही अर्हत् का महनीय अभिधान प्राप्त करता है।

वैयक्तिक दु:ख और दस संयोजनों का नाश करके वैयक्तिक निर्वाण प्राप्त करने वाला श्रावक अर्हत् बनता है। उसमें पहले सत्वावलम्बना करुणा का उदय होता है, जिसका उपयोग वह वैयक्तिक निर्वाण के हित में करता है। उसके दु:ख निरोध का साक्षात् कारण है पुदगलनैरात्म्य-ज्ञान अथवा प्रतीत्वसमुत्पाद-ज्ञान। किसी श्रावक को पुदगलनैरात्म्यज्ञान से दु:खनिरोध सिद्ध होता है तो किसी को प्रतीत्वसमुत्पाद-ज्ञान से। अर्हत् का ज्ञान परोपदेशहेतुक ज्ञान, उपदेश ज्ञान, होता है। महायान का आरोप है कि तीव्र करुणा के अभाव में वह संसार के त्रास से पीड़ित रहता है। महाकरुणा की अवस्था में तो वहपरार्थ बड़े-से-बड़े दु:ख को झेलने के लिए तैयार रहेगा, संसार से किसी प्रकार के बास का प्रश्न ही नहीं उठेगा। अर्हत् का वैत-बोध भी बना रहता है, जेयावरण भी बना रहता है, केवल क्लेशावरण क्षीण होता है। महायान के अनुसार अर्हत् का निर्वाण वास्तविक निर्वाण न होकर

संसार से निर्गम जैसा है। आदि बौद्ध-धर्म और हीनयान के अनुसार अर्हत शील, समाधि, प्रज्ञा और अनुत्तरा विमुक्ति द्वारा निर्वाण को उपलब्धि करता है। १९ अन्यत्र श्रद्धा, वीर्य, स्मृति, समाधि और प्रज्ञा नामक इंद्रियों द्वारा निर्वाण की प्राप्ति मानी गयी है। २० श्रावक अपनी निर्वाण-यात्रा अष्टाङ्गिक मार्ग से प्रारम्भ करता है। वह कुल मिलाकर कर्मग्रही ठहरता है।

प्रत्येक बुद्ध वह ज्ञानी पुरुष है जो वैयक्तिक दुःख का विरोध कर एक प्रकार से स्वान्तःसुखाब बोधि लाभ करता है। उसकी करुणा भी सत्वावलम्बना करुणा है। वह पूर्व श्रुति अमि संस्कारों द्वारा स्वतः बोधि लाभ करता है, बुद्धत्व की प्राप्ति करता हैं। उसे उपदेश ग्रहण करने की आवश्यकता नहीं होती, उसका ज्ञान एक प्रकार से प्रातिम ज्ञान कहा जा सकता है, जो तन्मयता मात्र से उद्भुत स्वयंबोध रूप होता है । वह ऋद्धि, आदेशना और अनुशासनी नामक प्रतिहार्यत्रय के सामर्थ्य से अन्यो को कुशल आदि में प्रवृत्त करता है। उसका द्वैत-बोध भी पूरा जा नहीं पाता। बोधि से बुद्वत्व प्राप्त होता है, किन्तु सम्बदवत्व के लिए महाबोधि और महाकरुणा की अपेक्षा होता है। प्रत्येक बुद्ध अर्हत की अपेक्षा अधिक ज्ञान नहीं होता है, किन्तु उसका ज्ञान प्रायः उसके लिए होता है, परार्थ नहीं। प्रत्येक बुद्ध का क्लेशावरन तो क्षीण होता ही है, उसमें जेयावरण के एक-देश यायावर का भी क्षय हो जाता है; केवल गृहकावरण शेष रहता है।

सम्बुद्ध सर्वोपरि है। वे महाबोधि-सम्पन्न और अद्वय-भूमि में पूर्णतः प्रतिष्ठित होते हैं। वे अत्यंत ज्ञान और अनंत करुणा का प्रतिनिधित्व करते है। उनकी महाबोधि का अर्थ है पारमिता-चर्चा की पूर्ति से प्राप्त भगवत्ता से मंडित शुद्धबोधि। उनकी विशेषता यह है कि वे अपना सारा ज्ञान-पुण्य लोककल्याणार्थ सञ्चित करते हैं।

महायान के अनुसार श्रावक और प्रत्येक बौद्ध पुद्गल-नैरात्म्य का साक्षात्कार करते हैं, जबकि सम्बुद्ध धर्म-नैरात्म्य का दर्शन करते हैं। यही

कारण है कि श्रावक और प्रत्येक बुद्ध की करुणा वस्तुधर्मातात्विक अन्तर्दृष्टि (Metaphysical insight) से उत्पन्न होती है। जैसाकि धर्मकिर्ति कहता है।

दुःखज्ञानेऽविरुद्वस्य, पूर्वसंस्कारवाहिनी।
वस्तुधर्मादयोत्पत्तिर्, नसा सत्वानुरोधिनी।। २१

योगाचार के अनुसार करुणा का मल है क्षणिकत्व और नश्वरत्व की चेतना, किन्त आध्यमिक करुणा को शून्यता से अभिन्न मान कर ही उसे महाबोधि का हेतु मान सकता है।

हीनयान के अनुसार सामान्य जन केवल अर्हत् बन सकते हैं, लाखों में एक प्रत्येक बुद्ध बन सकता है और अनेक कल्पों में कोई एक बुद्ध बन सकता है।

महायान ने श्रावक प्रत्येक बुद्ध और सम्बन्ध के प्रकार-भेद को हटाने और उच्छिन्न-गोत्र' व्यक्तियों को छोड़कर सम्बुद्वत्व का द्वार प्राय: सबके लिए खोलने का स्तुत्य प्रयास किया है। श्रावक-यान, प्रत्येक बुद्ध-यान और बोधिसत्व-यान, करके यान तीन प्रकार के माने गये हैं। विचारान्तर से उक्त तीनों यान ही यान,महायान, के विविध सोपान है। प्रासंगिक और स्वातन्त्रिक माध्यमिक तथा युक्तानुयायी विज्ञानवादी एकयान-वादि कहे जाते हैं। उनका कहना कि बोधिसत्वयान महायान ही एकमात्र यान है और कि श्रावक, प्रत्येक बुद्ध और बोधिसत्व सबका अंतिम प्राप्य फल एकमात्र बुद्धत्व है। बुद्ध-गोत्र सबमें व्यापक हैं। श्रावक और प्रत्येकबुद्ध के लिए निरुपधिशेष-निर्वाण प्राप्त कर लेने के बाद भी बोधिसत्व-यान में प्रवेश और बुदवत्व-लाभ अनिवार्य है। आगम अनुयायी विज्ञानवादी त्रियानवादी कहलाता है। उनके अनुसार उक्त तीनों खानों में से प्रत्येक कोन स्वतंत्र और अन्तिम है। तथापि इनकी मान्यता है कि यद्यपि श्रावक और प्रत्येक बुद्ध की चरम गति

निरुपथिशेष निर्वाण है, तथापि इस निर्वाणकी प्राप्ति के पूर्व वे बोधिसत्व यान में प्रविष्ट होना चाहें तो होकर बुद्वत्व लाभ कर सकते हैं। निरुपधिशेष निर्वाण की प्राप्ति के फलस्वरूप अनेक कल्पों तक निर्वाण-धातु में लीन रहने के बाद भी श्रावक और प्रत्येक बुद्ध एक-न-एक दिन बोधिसत्वयान में प्रविष्ट हो बुद्धत्व-लाभ अवश्य करेंगे। घर्म कीर्ति के अनुसार चित्त सन्तति अनादि और अनंत है। २२ वह निरुपथिशेष निर्वाण में भी विधमान रहती है। सयुत्तनिकाय के इस वाक्य की भी ध्वनि है- "यञ्च ख्वस्स त्तं दीघा त्तं सदवापरिभावितं सील-सुत-छग- परिभावितं, तं उद्वगामि होति विसेसगामि। २३ (अर्थात् यदि शरीर काकों और गृधों द्वारा भक्षित भी हो जाय तो भी चित्त श्रद्धा आदि से परिभावित होकर ऊर्ध्वगामी बना रहता है। अतएव बोधिचित्त का उत्पाद उस अवस्था में भी सर्वथा सम्भव है।) अभिसमय लकारा लोक के अनुसार श्रावक और प्रत्येक बुद्ध केवल त्रै धातुक जन्म का उपराम लाभ करते हैं, किन्तु वे मनास्त्रव धातु अर्थात परिशुद्ध बुद्ध-क्षेत्रों में कमल-पत्रों में जन्म लेकर समाधि की अवस्था में वहीं अवस्थित रहते है। पुनः अमिताभ आदि बुद्ध अक्लिष्ट विज्ञान की हानि के लिए उसका प्रबोध करते हैं और बोधिचित्त का ग्रहण कर लोकनायक बनते हैं। बुद्ध-धातु, बुद्ध-बीच,बुद्ध-गोत्र तथागत-गर्भ शब्द पर्याय हैं।बुद्धगोत्र का धर्म-धातु से तादात्म्य है।

धर्मधातोरसम्भेदाद् गोत्रभेदो न युज्यते।
आधेयधर्मभेदात् तु तद्भेदः परिगीयते।। २५

इस वचन से धर्मधातु में भेद का निषेध होता है और इस प्रकार गोत्र-भेद भी समाप्त हो जाता है।

आदि बौद्ध धर्म से लेकर महायान तक की यह पूरी प्रक्रिया लोक व्यवस्था निरपेक्ष है। निर्वाण की प्राप्ति का प्रश्न व्यक्ति का निजी मामला है, उससे समाज को कुछ भी लेना-देना नहीं। तदर्थ कारुण्य आदि का अभ्यास

अवश्य प्रतिपादित है, किन्तु उससे लोक व्यवस्था में विशेष अंतर नहीं आता। जब तक जीवन के प्रति गहरा अनुराग, जोशी जिंदगी, न पैदा हो तब तक मनुष्य लोक व्यवस्था की कोई दोधसूत्री योजना, नहीं बना सकता। यहीं कारण है कि बौद्ध आचार्यों ने समाज के संस्कार, मूढग्राहों के उच्छेद, राज्य की परिकल्पना, आदि लोक व्यवस्थात्मक क्रिया-कलाप में कभी रुचि ही नहीं ली। बुद्ध ने, जहाँ आवश्यकता पड़ी, प्राचीन वर्णव्यवस्था को आगे करके काम चला लिया। वे जब कर्मणा वर्ण व्यवस्था के प्राचीन आदर्श का बखान करने लगते है तो प्रतीत होता है कि वे वैदिक परम्परा से सर्वथा स्वतन्त्र किसी अपने में परिपूर्ण, स्वत:पूर्ण धर्म की योजना लेकर नहीं आये थे, बल्कि उनका धर्म वैदिक परम्परा का आधेय मात्र है। जो हो. बौद्ध धर्म, में लोक व्यवस्था के प्रति दायित्व-चेतना का अत्यन्ताभाव ही परिलक्षित होता है।

सोपधिशेष-निर्वाण-प्राप्त अर्हत् स्खलन-अय से लोक से अपने को असम्पृक्त ही रखता है। उस अवस्था में उपादान-रूपी ईन्धन विद्यमान रहता है, अतः तृष्णा की अग्नि कभी भी भड़क सकती है। निरूपधिशेष निर्वाण में, जैसा कि ऊपर कहा गया है, चित्त शेष रहता है, किन्तु वह बुझी हुई अग्नि अथवा प्रशान्त, गम्और महासमुद्र के समान हो जाता है। २५ और यह अवस्था लोक व्यवस्था के लिए उपयुक्त नहीं है। संयुत्तनिकाय के एक वचन के अनसार क्षीणास्त्रव अर्हत के लिए लाभ, सत्कार आदि अन्तराय सिद्ध होते हैं (यो भिक्खवे। भिक्खु अरहं खीणासवो तस्स पाहं लाभ-सक्कार सिलोकं अन्तरायाय वदामीति)। २६ ऐसा अ्हत् न पुण्य कर्म करता है, ना पुण्य कर्म करता है, और न तटस्थ प्रकार का कर्म करता है (यतो...भिक्खुनो अविज्जा पहीना होति विज्जा उप्पन्ना, सो. नेव पञ्ञभिसद्धारं अभिसइखरोति, न अपुञ्ञाभिसद्धारं अभिसइखरोति, न आनेञ्जभिसद्धारं अभिसद्धरोति)। २७ यह वह अवस्था है जिसमें सारी क्रियाएँ शान्त हो जाती हैं (पदं सन्तं

सद्धारूप समं सुखं) २८ वह शरीर-क्रियाओं के उपशम का अभ्यास करता रहता है (काय सखारं अस्ससिस्सामीति) २९ वह केवल राग-द्वेष- निरोध-रूपी कार्य करता है (कम्मसेस्स कारका-रागं, दोसं, पजहनन्ति)। ३० अर्हत रुग्ण भिक्षुओं की परिचर्या आदि कर सकता था, ३१ किन्तु उसका नियमित कार्य उन्हें उपदेश करना मात्र था। ३२ एक कृषक ब्राहमण ने बुद्ध से कहा कि आप खेती करके क्यों नहीं खाते, जैसा मैं करता हूँ? बुद्ध ने उत्तर दिया कि मै भी खेती करके खाता हूँ, मेरी खेती के लिए बीज श्रद्धालु, वृष्टि ते है, आदि-आदि। ३३ सारिपुत्त गोग्गलान को पापग्रही बताया गया है (पाप गरही आयस्मा सारिपुत्तो)। ३४ अन्यथा, अर्हत के लिए कुछ भी करणीय नहीं है (न्यू...अरहतो उत्तरिकरणीय। ३५ बोधिसत्व का आदर्श लोक व्यवस्था के लिए अधिक उपयुक्त है।

बोधिसत्व की विशेषता है कि वह लोक कल्याण में प्रवृत्त होने के लिए निर्वाण को भी ठुकरा देता है। उसकी घोषणा है-

मुच्यमानेषु सत्वेषु ये ते प्रामोधसागराः।
तैरेव ननु पर्याप्तं, मोक्षेणारसिकेन किम् ?।। ३६

वह लोक को पुण्य-दान करने के लिए तो तैयार है ही, अन्न पान आदि की व्यवस्था करके क्षुब्धा-पिपासा की व्यथा हारने के लिए भी सन्नदव बताया गया है।

क्षुत्पिपासा-व्यथा हन्यामन्नपाणप्रवर्षणैः।
दुर्भिक्षान्तरकल्पेषु भवेयं पानभोजनम्।। ३७

उसे वीर्य-पारमिता को भी साधना करनी पड़ती है, जिसे कर्म के लिए आहवान समझता चाहिये। शान्तिदेव बोधिसत्व के लिए इस सन्दर्भ में इस प्रकार उपदेश करते हैं -

यदेवापधते कर्म तत्कर्मव्यसनी भवेत्।
तत्कर्मशौष्ठोतृप्तात्मा क्रीडाफलसुखेप्सुवत्॥ ३८

अर्थात् प्रवाहपतित कर्म बोधिसत्व के लिए अवश्य करणीय हैं। यह भी कहा है।

सुखार्थं क्रियते कर्म तथाऽपी स्यान् न वा सुखम्।
कर्मैव तु सुखं यस्य निष्कर्मा स सुखी कथम्?
कामैर् न तृप्तिः संसारे क्षुरधारामधूपमैः
पुण्यामृतैः कथं तृप्तिर् विपाकमघुरैः शिवैः। ४०

हमारे प्रतिपाद्य विषय में एक महत्वपूर्ण विचार-पद अभी शेष है। वैराग्य का लोक-व्यवस्था में स्थान एक बात है और लोकव्यवस्था-निरपेक्ष वैराग्य दूसरी बात। वैराग्य दो प्रकार का होता है : एक है जीवन को बघाओं, अभावों से पराजित पुरुष ऐहिक-नैराश्यमूलक वैराग्य, जिसके परिणामस्वरूप पुरुष सर्वविध सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण स्वर्ग आदि की कल्पना करके मनस्तोष प्राप्त करता है। दूसरे प्रकार का वैराग्य मूलतः वैयत्किक दुःख नहीं बल्कि एक प्रकार के सामान्य तत्वज्ञानमूलक (मैटाफ़िजिकल) दुख की उत्कट चेतना का प्रतिफल होता है, जिस अर्थ में "सर्व दुःख अथवा 'सर्व दुःख विवेकिन जैसे वाक्य बोले जाते हैं। यह जीवन की सीमाओं के तीव्र बोध और तज्जनित औदासीन्य का परिणाम है। यह भौतिक अपकर्ष नहीं, बल्कि जीव के गहरे, व्यापक, और युग-युग से संचित अनुभव का फल है । अत: ऐसे वैराग्य का उदय जीवन के अनुभवों के परिपाक के फलस्वरूप ही हो सकता है। वैदिक आश्रम व्यवस्था में ऐसे वैराग्य को जीवन के चौथे, अंतिम चरण में स्थान दिया गया है जो सर्वथा स्वाभाविक और समीचीन लगता है । ऐसे विरक्त पुरुष समाज से अनासक्त रहकर उसकी बेलाग समीक्षा कर सकने की स्थिति में होते हैं और इस प्रकार लोक का सही मर्ग-दर्शन करने की क्षमता रखते हैं। ऐसे विरक्त

समाज के लिए वरदान सिद्ध होते हैं। गीतोक्त लोकसंग्रही सिद्ध पुरुष इसी कोटि के अंतर्गत आता है। उसका अनासक्त भाव से किया हुआ कर्म लोक के लिए उदाहरण बनता है, जिसके अभाव में लोक के कुकर्म में फंस जाने का अंतराय उपस्थित हो जाता है। कृष्ण कहते है कि यदि अनासक्त होते हुए भी स्थितप्रज्ञ कर्म न करे तो लोक उत्सन्न हो जाय, अव्यवस्था उत्पन्न हो जाय और प्रजाओं का नाश हो जाय।

उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्या कर्म चेदहम्।
सङ्करस्य च कर्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजा।।

इस प्रकार के वैराग्य की कल्पना बौद्ध परम्परा में अलीक है।

१. न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका र.१.६८ (चौखम्बा), पृ. ४३२..
२. न्यायमञ्जरी, प्रमाण-प्रकरण (चौखम्बा) पृ. २४३.
३. तु. तत्त्वसइग्रहह (वाराणसी) २००.
४ बोधिचर्यावतार (मिथिला) ५.६२-६२.
५. विसुद्धिमग्ग (वाराणसी), भाग १ पृ. ६७.
६. राष्ट्रपति-परिपृच्छा (मिथिला), १७४-१७५.
७. दीघ-निकाय, महापरिनिब्बान-सुत्त (नालंदा), खण्ड २ पृ. ९५.
C संयुत्त-निकाय (नालन्दा), महावग्ग, इन्द्रिय-संयुक्त, पृ. १६७ से.
९. प्रमाणवातिक (वाराणसी) १.१९६-१६७-
१०. तत्रेव ९.४६-.
११. संयुत्त-निकाय, मदावग्गा, सीतापति-संयुक्त, पठ महानाम-सुत्त, चतुर्थ खण्ड(नालंदा), पर. ३१५,
१२. असम लकार कारकः (मिथिला) १.४०, पु. ३०७.
१३. मजिभ्कम-निकाय (नालन्दा)।
१५. संयुक्त-निकाय, निदान-वग्ग (२) लामसक्कार-संयुत्त (१७), भिक्खु-सुत्त (३०) खण्ड र. पु. १९९.

१५. तत्रेव, निदान-संयुत्त (१२). परि भीमसेन-सुत्त (५१) पृ. ७०.
१६. धम्मपद ३६८.
१७. मजिभ्कम-निकाय, मुल-पण्णासक (१), सतिपड्टान-सुत्तं (१०), पृ. ७७.
१८. थेरीगाथा (नालन्दा)
१९. संयुत्त-निकाय (नालन्दा)
२०. सुत्त-निपात (नालन्दा), महावग्गा। २१
२१. तत्रैव, उरगवग्गा, कसि भारद्वाज-सुत्त, पृ.२८१
२२. संयुक्त-निकाय, सगाथ-वग्गा (१), देवपुत्त-संयुक्त (२), सिम-सुत्त(२५), पृ.६२
२३. तत्रैव, खन्ध-वग्गा (३), खन्ध-संयुक्त(२२), सडिकवन्त-सुत्त(१२२) पृ.३८९-३८३.
२४. बोधिचर्यावतार (मिथिला) ८.१०८.
२५. तत्रैव ३.६.
२६. तत्रैव ३.८.
२७. तत्रैव ४.६.२.
२८. तत्रैव ४.६.३.-६४.
२९. गिबा ३.२४.

रामानन्दसम्प्रदाये तत्वत्रयविमर्शः

प्रि. डो. नरेन्द्रकुमारः एल. पण्ड्या
प्राचार्यः,
श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी संचालित
संस्कृतकोलेज, वेरावल, गुजरात।

भगवान् श्रीराम का स्तुतिमङ्गल।

श्रीमन्तं श्रुतिवेद्यमद्भुतगुणग्रामाग्र्यरत्नाकरं
प्रेयःस्वेक्षणसंसुलज्जितमहीजाताक्षिकोणेक्षितम्।

भक्ताशेषमनोभिवाञ्छितचतुर्वर्गप्रदं स्वर्द्रुमं
रामं स्मेरमुखाम्बुजं शुचिमहानीलाश्मकान्ति भजे।।

ऐश्वर्यं यदपाङ्गसंश्रयमिदं भोग्यं दिगीशैर्जग-
च्चित्रं चाखिलमद्भुतं शुभगुणा वात्सल्यसीमा च या।

विद्युत्पुञ्जसमानकान्तिरमितक्षान्तिः सुपद्मेक्षणा दत्तान्नो-ऽखिलसंपदो जनकजा रामप्रिया साऽनिशम्।।[१]

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी।

"रामानन्दः स्वयं रामः प्रादुर्भूतो महीतले" इत्यागमप्रामाण्यात् "यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।। परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।।"[२] इति स्वोक्तिं संपुष्टयन्नधिप्रयागेऽवततार श्रीरामानन्दरूपेण स्वयं श्रीरामः त्रयोदशशतोत्तरषट्चाशत्तमे वैक्रमाब्दे श्रीसुशीलादेवीकुक्षितः

१ वै.म.भा. १-१,२

२ भ.गी. ४–७,८

श्रीपुण्यसदनसद्मनि। वाराणसीस्थ श्रीमठाध्यक्षजगद्गुरुश्रीराघवानन्दाचार्य-चरणमाराध्यलब्धसाङ्गवेदवेदान्तविद्यास्ततः प्राव्राज्यं स्वीचक्रुरिति विश्वविदितमितिवृत्तमानन्दाचार्याणाम्।

इतरसमस्तकार्याणि सम्पाद्य मोक्षसाधनीभूततत्त्वसम्पादनाय स्वशिष्यानन्यतमं जगद्गुरुश्रीसुरसुरानन्दाचार्यं निमित्तिकृत्य तत्त्वत्रयमुपदिदेश सर्वमुमुक्षुजीवोपकृतये।[३]

इस गद्यखण्ड में जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी के जीवन का संक्षिप्त साररूप परिचय प्रस्तुत किया है, जिस के अनुसार भगवान् श्रीराम स्वयं जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी के रूप में धर्मसंस्थापन हेतु वि. सं. १३५६ में प्रकट होतें हैं। इन का प्राकट्य तीर्थराज प्रयाग में माता श्रीसुशीलादेवी और पिता श्रीपुण्यसदन से हुआ था। वाराणसीस्थ श्रीमठ के अध्यक्ष जगद्गुरुश्रीराघवानन्दाचार्यचरण के आश्रय में रहकर इन्होंने वेद,वेदाङ्ग और वेदान्त विद्या का अध्ययन किया था तथा मोक्ष के साधनभूत तत्वज्ञान सम्पादन करने के लिए वैष्णवमताब्जभास्कर ग्रन्थ के रूप में अपने द्वादश शिष्यरत्नों में अन्यतम श्रीसुरसुरानन्दाचार्य को निमित्त करके सभी मुमुक्षु जीवों के ऊपर उपकार करने हेतु तत्वत्रय का उपदेश किया।

तत्त्वनिरूपण

सकल जगत् के हित करने की दृष्टि से श्रीसुरसुरानन्दाचार्यजी ने विविध प्रश्न पूछ। यथा - "तत्वं किं किञ्च जाप्यं परमिह विबुधैर्वैष्णवैर्ध्यानमिष्टं मुक्तेः किं साधनं सत्सुमतिमतिमतो धर्म एकोऽस्ति कश्च । धर्माणां वैष्णवास्ते गुरुवर कतिधा लक्षणं किञ्च तेषां कालक्षेपः किमाप्यं कथमुरुशुभदं कुत्र कार्यो निवासः"[४] इन प्रश्नों में प्रथम प्रश्न तत्वनिरूपण के सन्दर्भ में है।

---

[३] स्मृतिग्रन्थे तत्वत्रयसिद्धिः पृ.१

[४] वै.म.भा. १-३

रामानन्दसम्प्रदाय में तीन तत्त्व कहे गये हैं **१.** अचित्-प्रकृति **२.** चित्-चेतन बद्ध आदि जीव समुदाय और **३.** सर्व जगत् के कारण, सर्वेश्वर, सर्वशेषी परमेश्वर श्रीरामचन्द्रजी ।

१. अचित् तत्त्वनिरूपण

तीन तत्त्वों में अचित् तत्त्व के विविध नामभेद कहे हैं। अचित्, प्रकृति, अचेतना,जडा, अज्ञा, अजा आदि अचित् प्रकृति के नाम हैं। यह अचित् प्रकृति नित्य अर्थात् उत्पादविनाश रहित कही जाती है। नित्य होने से इस के जन्म-मरण नहीं होतें हैं किन्तु आविर्भावतिरोभाव होता है। यह अचित् प्रकृति अविकृति (किसी से उत्पन्न न होनेवाली), विश्वयोनि, विविधवर्णयुक्त,अजा (जन्मरूप, विकाररहित), त्रिगुणा, अव्यक्त, निर्व्यापार (स्वतः व्यापार रहित) और परार्थ है। "पृष्टानामेकमाद्यं त्रिकमपि शृणु तद्भेदतो नामभेदैर्नित्याऽज्ञाऽचेतना सा प्रकृतिरविकृतिर्विश्वयोनिः शुभैका। नानावर्णात्मिकाऽजा त्रिगुणसुनिलयाऽव्यक्तशब्दाभिधेया निर्व्यापारा परार्था महदहमितिसूरुच्यते तत्वविद्भिः"[५]।।

ज्ञानरहित यह अचित् तत्व, जो अवस्थान्तरापत्तिरूप विकर का आश्रय होने से द्रव्य भी कहा जाता है, जड और अजड के भेद से दो प्रकार का है। उस में परप्रकाश्य जड और तद्भिन्न (स्वप्रकाश्य) अजड है। अजड पराक् और प्रत्यक् दो प्रकार का है। पराक् स्वयं प्रकाशमान होते हुवे दूसरों का भी प्रकाशक होता है। पराक् के शुद्धसत्व और ज्ञान ऐसे दो भेद है। यह शुद्धसत्व त्रिगुणभिन्न शुद्धसत्व का अधिकरण है, इस को "आदित्यवर्णं तमसः परस्तात् ....."[६], "तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः"[७] से

---

[५] वै.म.भा. १-६

[६] श्वेता. ३/८

[७] नृ.पु. ५/१०

वर्णित किया गया है। यह ईश्वर के संकल्प से नित्यमुक्तेश्वर के भोगोपकरण रूप भोगस्थान है। नत्यविभूति, नित्यधाम, परमधाम, परमव्योम, अक्षरधाम और साकेत आदि इस शुद्धसत्व के पर्यायवाची शब्द हैं। पराक् का दूसरा भेद ज्ञान अर्थप्रकाशरूप है। यह ज्ञान प्रभावान् द्रव्यगुणात्मक अजड विभु द्रव्य है। यह नित्य होते हुवे भी बद्धावस्थ जीवों में तिरोहित रूप से रहता है। ईश्वर और नित्यमुक्त जीवों का ज्ञान नित्य विभु होता है तथा मुक्त जीवों का ज्ञान बद्धावस्था में तरोहित रहता है एवं बद्ध जीवों का ज्ञान तिरोहित रहता है। ज्ञान को नित्य द्रव्य कहा है, इस में श्रुति प्रमाण है यथा- "न विज्ञातेर्विपरिलोपो विद्यते"[८]। यद्यपि ज्ञानमुत्पन्नम्, ज्ञानं नष्टम् इत्यादि व्यवहार होता है वह तो ज्ञान के संकोच और विकास अवस्था के कारण होता है। ज्ञान, मति, प्रज्ञा, संवित्, धिषणा, धी, मनीषा, शेमुषी, बुद्धि आदि शब्द ज्ञान के पर्यायवाची है।

परप्रकाश्य जड दो प्रकार का है १ प्रकृति और २. काल.। श्रौतसिद्धान्तबिन्दु के रचयिता श्रीश्रुतानन्दाचार्यने अचित् तत्त्व का निरूपण एक पद्य में किया है। यथा- अचिन्नाम तत्त्वं द्विधा ज्ञानशून्यं जडञ्चाजडं नैव मिथ्या कदाचित्। जडं मिश्रसत्त्वं तथा कालतत्त्वं मनीषाऽजडं शुद्धरूपं च सत्त्वम्[९]।।

मिश्रसत्त्व प्रकृति अविद्या माया आदि शब्द पर्यायवाची है। सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण के आश्रयरूप प्रकृति महत्तत्त्व अहंकार एकादश इन्द्रिय पञ्च तन्मात्रा पञ्च महाभूत ये जड अचित् तत्त्व है। सर्वेश्वर भगवान् श्रीराम पञ्च महाभूतों से पञ्चीकरण प्रक्रिया से पञ्च महाभूतों का सर्जन करतें हैं। जड अचित् तत्त्व काल भी नित्य अनित्य रूप से द्विविध है। अखण्डकाल

---

८ बृ. ४/३/३०

९ स्मृतिग्रन्थ पृ. ६२८

नित्य और विभु है तथा निमेष आदि काल अनित्य है। "सत्त्वादिरहितः कालो विभुर्जडो हरेस्तनुः" [१०]इस तरह अचित् तत्त्व का निरूपण प्राप्त होता है।

(२) चित्तत्त्वनिरूपण

द्वितीय चित्तत्त्व का निरूपण है। चित्तत्त्व जीव है , वह नित्य, सर्वदा एकरूप, सनातन, अनादिमध्यनिधन, ज्ञानानन्दमय, निर्मल (ज्ञानानन्दमयोऽमलः), स्वरूपतः निर्मल होते हुए भी जीव **पुरुषः प्रकृतिस्थोऽपि भुङ्क्ते प्रकृतिजान् गुणान्। कारणं गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनिजन्मसु।।** अनादिकालिक भवपरम्परा से उपार्जित कर्म के बल से देव-मनुष्य-तिर्यक् आदि शरीरों में जन्म लेकर सुखदुःखादिभोग का कर्ता – भोक्ता होता है। अच्छेद्य, अदाह्य, अक्लेद्य, अशोष्य, नित्य, सर्वगत, स्थाणु, अचल है। जीव अज, नित्य, शाश्वत, पुराण, अवध्य कहा गया है। वह ज्ञानघन है। विशिष्टाद्वैत सम्प्रदाय में धर्मिज्ञान और धर्मज्ञान रूप से जीव को धर्मिज्ञान स्वरूप होने से ज्ञान तथा धर्मभूत ज्ञान का अधिकरण होने से ज्ञाता कहा जाता है। "ज्ञोऽत एव "सूत्र में इस का विवरण है[११]। जीव को ज्ञ भी कहा जाता है "नित्यो ज्ञः " इत्यादि पद्य से, तथा उसी पद्य में "नित्योऽज्ञः" ऐसा पदच्छेद करने पर अल्पत्व रूप नञर्थ ग्रहण करते हुए जीव को अज्ञ–अल्पज्ञ भी कहा जाता है। "ज्ञाऽज्ञौ द्वावजानीशौ"। जब जीव को अज्ञ कहा जाता है तब इस का तात्पर्य सर्वज्ञ परमेश्वर की अपेक्षा से जीव अल्पज्ञ है ऐसा समझना चाहिए। जीव अज, चेतन और अनीश (अस्वतन्त्र, पराधीन, परमात्मा के अधीन) है। यह जीव सूक्ष्म से भी सूक्ष्म-अत्यन्त सूक्ष्म (अणु) है। जीव निजकृतिफलभुक् (स्वयं किए हुए कर्म-सुकृतदुष्कृत के फल का भोक्ता होता है। ईश्वर, योगसूत्र में जिस को

---

[१०] श्रीजगद्गुरुश्रीदेवानन्दाचार्यकृत योगपञ्चक २१

[११] वै.म.भा. पृ. १४०

"क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेषः ईश्वरः" कहा है, फल का भोक्ता नहीं है। "द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया ...." इत्यादि मन्त्र में भी ईश्वर को फल का अभोक्ता कहा है। जीव परमात्मा की सहायता से युक्त और कर्ता –भोक्ता के अभिमान से युक्त रहता है। वह बद्ध भी होता है तथा परमात्मा की शरणागति से मुक्त भी होता है। जीव का अनुगत लक्षण" शेषित्वे सति ज्ञातृत्वम्" है।

"नित्यो ज्ञश्चेतनोऽजः सततपरवशः सूक्ष्मतोऽत्यन्तसूक्ष्मः भिन्नो बद्धादिभेदैः प्रतिकुणपमसौ नैकधा सूरिवर्यैः। श्रीशाक्रान्तालयस्थो निजकृतिफलभुक् तत्सहायोऽभिमानी जीवः सम्प्रोच्यते श्रीरघुपतिसुमते तत्वजिज्ञासुवेद्यः[१२]।।"

चित्पदवाच्य अणु चेतन (ज्ञानाश्रय) जीव के विषय में निम्न श्रुतियां प्रमाण रूप से मिलती है। "एष द्रष्टा स्प्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मन्ता बोद्धा कर्ता विज्ञानात्मापुरुषः"[१३]

"न जायते म्रियते वा विपश्चित्"[१४]

"नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानाम्" [१५]

"एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यः" [१६]

"बालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च।
भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते[१७]।।"

---

१२ वै.म.भा. १-७

१३ प्रश्नो. ५/९

१४ कठ. १/२/१८

१५ श्वे.उ. ६/१३

१६ मु. ३/१/९

१७ श्वे.उ. ५/९

"आराग्रमात्रो ह्यवरोऽपि दृष्टः"[१८]

"कर्ता शास्त्रार्थवत्त्वात् " [१९]

जीव के स्वरूप का प्रतिपादन जगद्गुरुश्री-श्रुतानन्दाचार्यजी ने सुन्दररीति से किया है। यथा-

"सुखश्चाणुचिज्ज्ञातृरूपोऽस्ति जीवःपरब्रह्मणोंऽशस्तनुर्नित्यशेषः।
न देहेन्द्रियप्राणबुद्धिस्वरूपो विकारी जडो ब्रह्मरूपोऽपि नैव।।"

जीव के प्रकार

जीव के तीन प्रकार है १) बद्ध २) मुक्त और ३) नित्य। अनादि काल से स्वनियामक पाप-पुण्यात्मक कर्म के अनुसार जन्म-मृत्यु आदि धर्मों को प्राप्त करनेवाले जीव बद्ध कहे जाते हैं। अनेक जन्मों के पुण्योदय से प्राप्त सत्त्वोद्रेक से सद्गुरु की शरण में जाकर परब्रह्म श्रीराम के स्वरूप को जानकर उस की भक्ति–प्रपत्ति से जन्मादि बन्धन के कारणभूत कर्मों का विनाश करके कर्मोपार्जित देह के त्याग के अनन्तर दिव्य साकेतधाम में भगवत्सायुज्य को प्राप्त जीव मुक्त कहे जाते हैं। हनुमान् आदि नित्य मुक्त जीव है। नित्य मुक्त जीवों का अवतार भगवदिच्छा अथवा स्वेच्छा से होता है। इस तरह जीव का स्वरूप और प्रकार कहे गये हैं।

(३) ईश्वरत्तत्व निरूपण

तृतीय ईश्वर तत्त्व है। श्रुतिस्मृतिपुराणेतिहासप्रतिपाद्य, सारभूत, चिदचिद्विशिष्ट, सर्वान्तर्यामी, सर्वशेषी भगवान् श्रीरामचन्द्रजी स्थूल-सूक्ष्म सकल विश्व के सर्जक–आविर्भावक, पालक-पोषक-रक्षक, तिरोधायक–संहारक-लयकारक-तिरोभावक ईश्वर है। ईश्वर जगत् के अभिन्न

---

[१८] श्वे.उ. ५/८

[१९] ब्र.सू. २/३/३४

निमित्तोपादान कारण है, सर्वप्रकाशक, सर्वदा सर्वत्र अचल, साक्षी, सर्वज्ञ, शरणागतवत्सलता आदि कल्याणगुणगण विशिष्ट, जन्मादिविकाररहित, जनकनन्दिनी जानकी रूप लक्ष्मी से सम्बद्ध, ब्रह्मादि देवों के आराध्य, शरणागतप्रपन्न परिरक्षक, करुणानिधान, ज्ञानकर्मसमुच्चित भक्तियोग सहकृत प्रपत्ति प्राप्य, क्लेश कर्मविपाक आशयों से अपरामृष्ट, श्रीवाल्मीकि आदि मुनिवरों से गीतकीर्ति, हनुमान् आदि महाज्ञानियों से ध्येय, योगिध्येय, भक्तानुग्रहार्थ आविर्भूत, अविनाशी, अजन्मा, मन-वाणी का अविषय (यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह[२०], सकल वसुधाधिप, अयोध्याधिपति, सर्वशेषी, ज्ञेय, ध्येय, प्राप्य भगवान् श्रीरामचन्द्रजी है।

सदेव सौम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयं ब्रह्म।[२१]
आत्मा वा इदमग्र आसीन्नान्यत् किञ्चन मिषत्।[२२]

यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति
यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्म।[२३]

यतः सर्वाणि भूतानि भवन्त्यादियुगागमे।
यस्मिँश्च प्रलयं यान्ति पुनरेव युगक्षये।। [२४]

यतः सर्वाणि भूतानि प्रभवन्त्यहरागमे।
रात्र्यागमे प्रलीयन्ते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके।। [२५]

---

[२०] तैत्तरीय उप.ब्रह्मानन्दवल्ली ४-१

[२१] छां. उप. ६-२-१

[२२] ऐत.उप. १-१-१

[२३] तैत्तरीय उप. भृगुवल्ली १-१

[२४] विष्णुसहस्र, ११

[२५] भ.गी. ८-१८

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः। तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा जगदिदं विभाति।।[२६]

यदादित्यगतं तेजो जगद्भासयतेऽखिलम्।
यच्चन्द्रमसि यच्चाग्नौ तत्तेजो विद्धि मामकम्।।[२७]

भयादस्याग्निस्तपति भयात्तपति सूर्यः। भयादिन्द्रश्च वायुश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः।।[२८]

एतस्याक्षरस्य प्रशासने द्यावापृथिवी विधृते तिष्ठतः।[२९] साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च।[३०]

निर्गता निकृष्टाः सत्त्वादयः प्राकृता गुणाः यस्मात्तन्निर्गुणम् इति व्युत्पत्तेर्निकृष्टगुणराहित्यमेव निर्गुणत्त्वम्[३१]

सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।
अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम।।[३२]

वैष्णवाब्जमतभास्कर में ईश्वरनिरूपण किया है। यथा- **"विश्वं जातं यतोऽद्धा यदवितमखिलं लीयते यत्र चान्ते सूर्यो यत्तेजसेन्दुः सकलमविरतं भासयत्येतदेषः। यद्भीत्या वाति वातोऽवनिरपि सुतलं याति नैवेश्वरो ज्ञः साक्षी कूटस्थ एको बहुशुभगुणवानव्ययो विश्वभर्ता।।"** "श्रीमानर्च्यः शरण्यो बहुविधविबुधैर्योगिगम्याङ्घ्रिपद्मोऽस्पृश्यः क्लेशादिभिः सत्समुदित-सुयशाः

---

२६ कठो. २-२-१५ - श्वेता. ६-१४ - मुण्डक. २-२-१०

२७ भ.गी. १५-१२

२८ कठो. २-३-३

२९ बृहदा. उप.

३० श्वेता. ६-११

३१ आनन्दभाष्यम् १-१-२

३२ वाल्मीकिरामायणम्, युद्धकाण्डम्

सूरिमान्यो वदान्यः। शश्वच्छ्रीरामचन्द्रः सुमहितमहिमा साधु वेदैरशेषैः निर्मृत्युः सर्वशक्तिर्विकलुषविजरो गीर्मनोभ्यामगम्यः"[३३] सर्वेश्वर भगवान् श्रीराम के पांच स्वरूप पर, व्यूह, विभव, अन्तर्यामी और अर्चावतार के रूप में दर्शायें हैं।

रामश्च ब्रह्म कर्ता हि विष्णुत्वमुपजग्मिवान्। परव्यूहादिरूपेण सीतानाथश्च पञ्चधा। परश्च परलोके हि साकेते सोऽधिराजते। दिव्यदेहगुणो नित्यो दिव्यशस्त्रास्त्रभूषणः। अनन्तकरुणावत्या सीतया जगदम्बया। सिंहासने समासीनो दिव्ये दिव्यपुरे परे। सर्वज्ञः सर्वशक्तिश्च भगवान् करुणाम्बुधिः। नित्यमुक्तैः स्तुतश्चाथ वेदवेद्यः परात्परः। व्यूहतां याति रामश्च सृष्ट्याद्यर्थमुपासितुम्। चतुर्धा च मतो व्यूहो वासुदेवादिभेदतः। वासुदेवात् त्रिधा व्यूहा भवन्ति केशवादयः। सङ्कर्षणाच्च गोविन्दादयस्त्रिधा भवन्ति हि।। प्रद्युम्नाच्च त्रिधा व्यूहा ऋषिकेशादयो मताः। भवन्त्यथानिरुद्धाच्च त्रयः श्रीवामनादयः।। रामः सर्वावताराणामवतारी समीरितः। परित्राणं च साधूनामवतारप्रयोजनम्। सर्वेभ्यश्चाभयं दत्ते रामः सकृत् प्रपत्तितः। स्वाश्रितस्यापराधाँश्च रामः स्मरति नैव हि। साक्षाद्गौणस्तथाऽऽवेश इत्येवं विभवास्त्रयः। मुख्यमुख्यतरत्वादिभेदात् साक्षात् त्रिधा मतः। नृसिंहवामनभेदाद् द्विधा मुख्यः प्रकीर्तितः। मुख्यतरश्च श्रीकृष्णो रामो मुख्यतमः स्मृतः। मत्स्यकूर्मादिभेदैश्च मतो गौणस्त्वेकधा। विभवाश्च कलावेशात् पृथुधन्वन्तरादयः। शुद्धावेशाश्च विज्ञेयाः श्रीव्यासकपिलादयः। मता परशुरामादावशुद्धावेशिता बुधैः। शक्त्यावेशो द्विधा शुद्धाशुद्धत्वभेदतः। आदिमोऽपि द्विधा मुख्यगौणभेदात् प्रकीर्तितः। हंसादयो मता मुख्या गौणा बुद्धादयो मताः। अन्तिमोऽपि द्विधा मुख्यगौभेदादुदीरितः।। तत्र ब्रह्मादयो मुख्या गौणा मन्वादयो मताः। अन्तर्यामी द्विधा मूर्त्तामूर्त्तभेदात् प्रभाषितः।।

---

[३३] वै.म.भा. १-८-९

स्थापितो वैष्णवैर्मन्त्रैर्यश्चतुर्धाऽवतारकः।
स्वयं व्यक्तश्च दैवश्च सैद्धश्च मानुषः खलु।।[३४]

इस तरह सर्वेश्वर भगवान् श्रीराम के पांच स्वरूप पर, व्यूह, विभव, अन्तर्यामी और अर्चावतार के रूप बतायें हैं, तदनुसार सर्वेश्वर भगवान् श्रीराम पर स्वरूप है, जो नित्यधाम साकेत में जगज्जननी श्रसीताजी के साथ नित्यमुक्तों से सेवित विराजमान है। यह पर स्वरूप परिपूर्ण ब्रह्म है सर्वावतारी भगवान् श्रीराम। वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध ये चार व्यूह चतुर्व्यूह के नाम से जाने जातें है। सर्वावतारी भगवान् श्रीराम के मत्स्य आदि अवतार विभव है। जीव के परम सुहृद् होकर हृदय में विराजमान श्रीराम अन्तर्यामी है।

इस तरह ईश्वर तत्त्व का निरूपण मिलता है। श्रीरामानन्दसम्प्रदाय में इस तरह अचित्, चित् और ईश्वर रूप तीन तत्त्वों (तत्त्वत्रय) का निरूपण प्राप्त होता है।

सन्दर्भग्रन्थ

२. महामहोपाध्याय जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्य रघुवराचार्य स्मृतिग्रन्थ में तत्त्वत्रयसिद्धि, सं. स्वामी रामेश्वरानन्दाचार्य आदि, प्रकाशक - विश्रामद्वारकास्थ पश्चिमाम्नाय श्रीरामानन्दाचार्यपीठ, श्रीशेषमठ का धर्मप्रचार विभाग, पो.शींगडा, वाया - बगवदर, ता. जि. पोरबन्दर (सौराष्ट्र) इ.स.१९८७

३४ प्रमेयोद्देशभास्करः ७४-९१

३. आनन्दभाष्य, सं. जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्य रामेश्वरानन्दाचार्याः, प्रकाशक - स्वामी सीतारामाचार्यः, व्यवस्थापक - जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ, अहमदाबाद - ३८०००७, इ.स.१९९६

४. वैष्णवमताब्जभास्करः, सं. आनन्दभाष्यसिंहासनासीनजी, प्रकाशक- जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ, अहमदाबाद – ३८०००७ इ.स.२०००३

५, छान्दोग्योपनिषदानन्दभाष्यम्, सं. आनन्दभाष्यसिंहासनासीनजी, प्रकाशक - श्रीरामानन्ददर्शनशोधसंस्थानजगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ, अहमदाबाद - ३८० ००७ इ.स.२००४

६, श्रीमद्भगवद्गीता, श्रीरामानुजभाष्य हिन्दी अनुवादसहित, अनुवादक - श्रीहरिकृष्णदास गोयन्दका, प्रका. गीताप्रेस गोरखपुर-२७३००५ सं. २०६६ पुनर्मुद्रण ७)

सत्, आत्मा और ब्रह्म का तात्त्विक अद्वैत एक पारिभाषिक अवधारणा

प्रो. राजेन्द्रकुमार चोटलीया
सौराष्ट्र युनिवर्सिटी,
राजकोट।

सम्यग्दर्धन सम्पन्नः कर्मभिर्न निबध्यते।
दर्शनेन विहीनस्तु संसारं प्रतिपद्यते॥ मनु.

ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिधारा में व्यापित रहना ही भारतीयता है। दर्शनशास्त्र, आत्माविद्या, आन्वीक्षिकी समस्त शास्त्रो का शास्त्र, समस्त विद्याओं का प्रदीप और सर्व व्यावहारिक सत्कर्मों का उपाय है, दुष्कर्मों का अपाय है। दर्शन-शास्त्र और जीवन अविनाभावि सम्बन्ध युक्त है। दोनों का परम लक्ष्य परमश्रेय की खोज करना है। उसी का सैद्धान्तिक रूप दर्शन है। आत्मा की सैद्धान्तिमीमांसा और जीवन की व्यावहारिक मीमांसा दर्शन का एकमात्र उद्देश्य है। जगत चर और अचर है। इन पदार्थों का बाहरी स्वरुप का विचार करने वाला शास्त्र विज्ञान है और भीतरी सूक्ष्मताओं का अन्वेषण, परीक्षण करने वाला शास्त्र दर्शन है, दोनो की अनेक कोटियाँ है। सत् तत्त्व का दर्शन, आत्मतत्त्व का दर्शन अध्यात्मविद् करता है तब क्रियमाण कर्मों में विवेक आ जाता है अन्यथा मनुस्मृति कहती है कि **"न हि अनध्यात्मवित् कश्चित् क्रियाफलमुपाश्नुते"**। भारतीय दर्शन में सद् ब्रह्म को प्राप्त करना, इस लोक में प्राप्त करना जीवनमुक्ति है पारलौकिक मोक्ष विदेहमुक्ति कहलाता है इनकी अनुभूति की अभिव्यक्ति शरीर से परे कैसे हो सकती है?

कठोपनिषद्[१] में कामनाओं की निवृत्ति ब्रह्मप्राप्ति का साधन वनती हुई दिखाई है-

यदा सर्वे प्रमुच्यन्ते कामा: येऽस्य हृदि श्रिता: ।
अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते ॥

इस प्रपत्र का उद्देश भारतीय दर्शनों में बीजभूतचिन्तनरूप 'सत्''आत्मा' और 'ब्रह्म' में तात्त्विक अद्वैत की प्रस्थापना दार्शनिक परिभाषाओं के माध्यमसे करने का है।

सत् का चिन्तनकेन्द्र वेद १०.१२९.१ नासदीय सूक्त है, आत्मा का चिन्तनबीज उपनिषद् में है। आत्मा वा इदमेक एवाग्र अपरं और ब्रह्म की गवेषणा उपनिषदों से लेकर अद्वैतवादी दर्शनों में – ब्रह्मसूत्र की भाष्य परंपरा के माध्यम से होती रही है अत: ब्रह्म तत्त्वचिन्तन अपना शाब्दिक अर्थ को सार्थक करता हुआ उपनिषद् विद्या और दार्शनिक ग्रन्थों में व्याप्त है।

दर्शन के क्षेत्र में शांकर अद्वैतवाद का ही सर्वाधिक महत्त्व है अर्थात् जब वेदान्तदर्शन की चर्चा होती है तो उससे प्राय: शांकर दर्शन का ही अर्थ ग्रहण किया जाता है ऐसा डॊ.एस एन.दासगुप्ता Indian philosophy में vol – page no- ४२९ में कहते है। हलायुध कोश में अद्वय को चित्स्वरूप आत्मा कहा गया है (१.८५) अद्वयं सर्वमेव चित्स्वरुपं नात्मनोऽन्यत् किञ्चनेति वदति। द्विधा इतिं द्वीतं तस्यभाव: द्वैतम् भेदो नास्ति द्वैतं, भेदो यत्र तदद्वैतम्।

---

१ कठ. उ. -२.३.१४

शंकराचार्य ने **अद्वैत** शब्द का प्रयोग **भेदरहित** एवं **परमार्थ सत्यस्वरूप** आत्मा एवं ब्रह्म के लिए किया है- अत: शंकराचार्य का सम्बन्ध अद्वैतवाद से घनिष्ठरूप में है। उन्होंने अद्वैतवाद के प्रतिपादन के द्वारा केवल आत्मा एवं ब्रह्म की सत्यता तथा जगत् के मिथ्यात्व का समर्थन किया है और अद्वैततत्त्व को निर्गुण सत्य के रूप में स्वीकार किया है।

वैदिक सिद्धान्तों के समन्वय की प्रतिष्ठा जैसी अद्वैत वेदान्त में मिलती है वैसी रामानुजाचार्य से वल्लभाचार्यपर्यन्त के सिद्धान्तों में अप्राप्य है। अर्थात् वैष्णवदर्शन की पद्धतियों के विकास में शांकर अद्वैत वाद का अत्यन्त आदान प्रदान है। वस्तुतः आदि शंकराचार्य द्वारा प्रतिष्ठित अद्वैत वेदान्त सिद्धान्त इतना विशाल, उदार एवं समन्वय पूर्ण है कि इस विलक्षण सिद्धान्त में वैष्णवो, शैवों, शाक्तिं, मीमांसकों विशिष्टाद्वैतवादियों, द्वैतवादियो, वैदिकों, तान्त्रिको, मान्त्रिको – किसी भी प्रकार की आस्था धर्म एवं क्रिया से सम्पन्न अन्य आगामी दार्शनिकों के लिए भी स्थान प्राप्त है।[२]

१ सत् – पारिभाषिक पद की दार्शनिक अवधारणा

भारतीय दर्शन के सदसद् विवेक के मूल में ऋग्वेदिक दार्शनिक चिन्तन अर्थात् नासदीय सूक्त (ऋ १०.१२९.०१/४) में प्रमुख था। नासदासीन्नो

---

[२] The vaishnavites, the Shaivites and shaktas The Mimansakas, the vishishtadvaitas and the Dvaitas, The Tantrikas and the mantrikas, all these and others yet to come, irrespective of their faith or creed or practice have a place in the wonderful system of philosophy, evolved and perfected by the revered sankara [Indian Historical, Quarterly – page 692 – 1920]

सदासीत् तदानीं, सतो बन्धुमसति निरविन्दन्। वेद में अन्यत्र दो स्थान में १०-५-७ में एवं १०-७२.२ में सत् का उल्लेख है यथा – असच्च सच्च परमे व्योमन्, देवानां पूर्व्ये युगेऽसत: सदजायत। यहां सायण असत् को नाम और रूप से रहित कहते है तो सत् को नाम रुपविशिष्ट देवों कहते है। अर्थात् सायण के मतमें असत् अर्थात् सायण के मत में असत् अर्थात् ब्रह्म में से देवों की उत्पत्ति हुई।

सत् तत्त्व को दर्शनपरंपरा में अस् का वर्तमानकालिक स्वरुप कहा जाता है। सत्य, नित्य विद्यमान और परब्रह्म का विधेय या आत्माका एक विशेषण सत् का अर्थतत्त्व है। सत् वह है जिसका निवारण ज्ञान से या तो अन्य किसी से भी न हो सके, जिसका अस्तित्व त्रिकालाबाधित है ऐसा नित्य अस्तित्व का अंश, जिसमें समस्त अस्तित्वों का समावेशन होता है और यह तत्त्व निर्विकार रहना है।

छान्दोग्योपनिषद् में ६/२ में "सदेव सोम्येदमग्रे आसीदेकमेवाद्वितीयम्" कहा गया है अर्थात् सत् को सृष्टि का मूल कारण और अद्वैतरूप कहा गया है, जिसके ज्ञान से इन्द्रियज्ञेय जगत् असत् बन जाता है। शंकराचार्य ने तत्त्वबोध में सत् की परिभाषा बनाई है- सत् किम्, कालत्रयेऽपि तिष्ठति इति सत्। ब्रह्म को अद्वैतवेदान्त का सत् कहा गया है जो ज्ञानस्वरूप, अनादि, अनन्त, सर्वोच्च एवं निर्गुण है। अद्वैत वेदान्त में मायिक जगत को सत् और असत् से विलक्षण कहा गया है।

बृहदारण्यक उपनिषद् में सत् एवं असत् रूप में ब्रह्म का आकलन किया गया है। गौडपाद कारिका ३-२७ में – सतो हि मायया जन्म युज्यते न तु तत्त्वत:। यहां शंकराचार्य ने सत: का अर्थ पञ्चमी और षष्ठी विभक्ति दोनों

से किया है। पंचमी से सत; अर्थात् विद्यमान कारण से मायायुक्त जगत् का जन्म होता है। षष्ठी विभक्ति लेने से सत् अर्थात् विद्यमान वस्तु का माया के द्वार जन्म। सत् और जगत् अधिष्ठान अधिष्ठाता भाव संबंध से युक्त है। सत् अर्थात् ब्रह्म अधिष्ठान है, जगत अधिष्ठेय है।

१२वीं शती के अद्वैत वेदान्त के समीक्षक आचार्य आनन्दबोध भट्टारक मानते है कि सदसद् विलक्षण अविद्या ही जगत् का कारण है – असत् जगत् की उत्पत्ति किसी सत् पदार्थ से तो हो नहीं सकती, असत् वस्तु जगत का कारण नहीं हो सकती तो सत् एवं असत् विलक्षण वस्तु ही जगत का कारण हो सकती है और यह तत्त्व है अविद्या। छान्दोग्योपनिषद् में सत् रूप परमत्मा से जगत की उत्पत्ति का वर्णन है। सदेव सोम्येदमग्र आसीत् अनेन जीवेनाऽऽत्माऽनुप्रविश्य नामरुपे व्यकरवाणि अत: छान्दोग्योपनिषद् के विषयवाक्यों को उद्धृत करके शंकराचार्यने सद्ब्रह्म का विवेक किया है। अतति सन्ततभावेन जाग्रदादि सर्वावस्थासु अनुवर्तते। अत सातत्यगमने हला।

२ आत्मा – अतति शरीरात् शरीरमिति आत्मा। शीर्यते इति शरीरम् शीर्यते मरणं प्राप्नोति तच्छरीरम्। गीता २-२२ "वासांसि जीर्णानि" वेदान्त में आत्मा को चैतन्यस्वरूप माना है। किन्तु कुमारिल भट्ट के अनुसार आत्मा चैतन्यविशिष्ट है। आत्मा की सत्ता प्रत्येक ज्ञान के कर्ता के रुपमें है। वेदान्त में आत्मा में कर्तृत्व और ज्ञातृत्व दोनों का समन्वय है।

बृहदारण्यकोपनिषद् में याज्ञवल्क्य ने पाँच स्थानों पर आत्मा एवं ब्रह्म के अज्ञेयत्व को प्रदर्शित किया है - "स एष नेति नेत्यात्मा अगृह्यो न हि गृह्यते अशीर्यो नहि शीर्यते असंगो नहि सज्यतेऽसितो न व्यथते न रिश्यति विज्ञातारमरे केन विजानीयात्" (बृ. ४-५-१५) अर्थात् वह आत्मा नेति नेति

से अग्राह्य है। वह आत्मा अशीर्य असंग एवं अबद्ध है क्योंकि न वह जीर्ण हो सकता है, न किसी में आसक्त है और न उसको कोई पीडा दे सकता है तथा न वह हत् हो सकता है।हे मैत्रेयि ! उस ज्ञानस्वरुप आत्मा को कोई किस के द्वारा जान सकता है। याज्ञवल्क्य ने आत्मा को ब्रह्मरूप कहकर उसका नकारात्मक रूप से वर्णन किया है – कि ब्रह्म अक्षर, अस्थूल, अनणु, अह्रस्य, अदीर्घ, अलोहित, अस्नेह, अच्छाय, अतम, अवायु, अनाकाश, असंग, अरस, अगन्ध, अचक्षुष्क, अश्रोत्र, अवाक्, अमन, अतेजस्क, अप्राण, अमुख, अमात्र अनन्तर तथा अबाह्य है।

आत्मा का दूसरे विधेय विशेषणों से अभिव्यक्ति की है। आत्मा सत् है, चित् रूप है और आनन्द स्वरूप है। जिसके बिना कोई भी वस्तु अभिव्यक्त हो सकती है, उसमें जीवित रहने का आनन्द विद्यमान होने से मनुष्य जीने का प्रयत्न करता है। अत: आत्मा आनन्द हैं आत्मा ब्रह्म है आत्मा और ब्रह्म एक है अत: आत्मा के सारे विशेषणों ब्रह्म के विशेषण बन जाते है। आत्मा स्वयंप्रकाश रूप है, जगत में यत् किंचित् भासमान है वह आत्मा की सत्ता के अधीन है जैसे सूर्य से सब हम देख सकते है वैसे सूर्य अपने आप से भी दिखाइ देता है। आत्मा कूटस्थ है अर्थात् लोहार की कूट के उपर स्थित है। जैसे लोहार हथोडे से कूट कूट कर लोखंड के विविध ओजार बनाता है लेकिन कूट तो वैसी की वैसी रहती है वैसे आत्मा कूट की तरह अविचल और निर्विकार बनता है। आत्मा साक्षी है, द्दष्टा है, उपद्दष्टा है और एकम् एव अद्वितीय है।

छान्दोग्योपनिषद् में आत्मा के तीन रूप मिलते है (१) शारीरिक आत्मा (२) जीवात्मा (३) सर्वोच्च आत्मा या परमात्मा। उपनिषदों में आत्मा को

पंच कोष अभिव्यक्ति प्रदान की है – यथा अन्नमयआत्मा, प्राणमय आत्मा, मनोमय आत्मा, विज्ञानमय आत्मा और आनन्दमय आत्मा।

श्रुति जिसका प्रमाण है वह दर्शन वाङ्मय में अद्वैतदर्शन न्याय और तर्कपरिनिष्ठित है। उपनिषदों के विषयवाक्य उनकी श्रुतिप्रमाणितता है अत: उपनिषदों का मूल कथयितव्य ब्रह्मविद्या अर्थात् आत्मविद्या है। औपनिषदिक ब्रह्म विद्या चतुर्विध है। (१)ब्रह्म (२)आत्मा (३)आत्मा का ब्रह्मैकत्व (४) ब्रह्मप्राप्ति के साधन।

उपनिषदों के चार महावाक्य भारतीय ज्ञानराशि को विश्व में प्रवाहित करने वाले उन्नतगिरिश्रृंग है। आत्मा और ब्रह्म का ऐक्य उनका हार्द है।

छान्दोग्योपनिषद् – तत् त्वम् असि। सामवेदीय है।

ऐतरेयोपनिषद् – प्रज्ञानं ब्रह्म – ऋग्वेदीय है।

बृहदारण्यकोपनिषद् – अहं ब्रह्मास्मि – यजुर्वेदीय है।

माण्डूक्योपनिषद् – अयमात्मा ब्रह्म – अथर्ववेदीय है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

(१) वेदान्तसंज्ञार्थ संग्रह – स्वामी प्रणवतीर्थ – १९५२

(२) अद्वैतवेदान्त – राममूर्ति शर्मा - १९७२

(३) हलायुधकोश: - सं, जयशंकर जोषी - १९९३

(४) भारतीय दर्शन – वाचस्पति गौरोला - २००९

(५) वैदिक ज्ञान-विज्ञान कोष – डो. मदनमोहन पाठक - २०१४

(६) भारतीय दर्शन की रूपरेखा – एम. हिरियन्ना - १९६५

(७) तत्त्वमसि – सुकुमार अषीक्कोड - २००२

(८) उपनिषद् वाक्यमहाकोष – गजानन साघले - १९९१

(९) भारतीय दर्शन – डो. बलदेव उपाध्याय

(१०) भारतीय दर्शन – डो उमेश मिश्र - १९५७

(११) दर्शनदिग्दर्शन – राहुल सांकृत्यायन - १९४७

(१२) Indian Philosophy – Das Gupta

(१३) Philosophy of Upnishadas (ET) Deussen p.

भारतीय दर्शनों में जगत् तत्त्व की अवधारणा।

प्रो. देव सिंह राठवा
अध्यक्ष एवं प्रोफेसर
संस्कृत एवं भारतीय विद्या जनता भवन,
हेमचन्द्राचार्य उत्तर गुजरात यूनिवर्सिटी, पाटण।

भारतीय का अर्थ होता है जो भारत देश में रहनेवाला भारतीय नागरिक दर्शन का अर्थ होता है देखना। जब तब की बात आती है। दृश्यते अनेन इति दर्शनम्। जिस के द्वारा परम तत्त्व का परमात्मा का दर्शन कर सके, अवलोकन कर सकें, अनुभव कर सके वो भी है दर्शन। जगत् शब्द संस्कृत में गम्-धातु में बना है और उसका अर्थ होता है जाना, गति करना। जो परिवर्तनशील है, गतिशील है वो जगत्, मुष्टि, दुनिया आदि नाम से पुकारा जाता है। 'तत्त्व का अर्थ है अच्छी तरह से पदार्थ का, वस्तु का ज्ञान प्राप्त करना इस तरह भारतीय दर्शनों में जगत् का परिचय, उनकी पहचान, उनका ज्ञान हमको हा - कहा से मिल सकता है, उसके बारे में वेदों से लेकर अद्यावधी जानी नाग क्या कहते हैं। भारतीय दर्शनों में जगत् तत्त्व की अवधारणा क्या है उनकी चर्चा इस मंशोधन मे हम करेंगे। प्राचीन युग और आधुनिक युग में बड़ा अन्तर है। प्राचीन ऋषिमुनियों त्रिकाल ज्ञानी थे। उनको भूत, वर्तमान और भविष्य का ज्ञान था। वा कुछ भी कर सकता था। ऋषिणा पुनः आद्याना वाचमथो अनुधावति। (उत्तररामचरितम् ११-०) वाहे अहिल्या को शल्या भी बना सकते और शल्या अहिल्या भी। उनकी गति भूतकाल से भविष्य तक जाति थी। आधुनिक में दो वर्तमान से लेकर प्राचिन की ओर जाने की कोशीस करते हैं लेकिन वहाँ तक जा नहीं सकता।

भौतिक सामग्री से चन्द्र तक जा सकते हैं ते स्वर्गादि लोक में गति नहीं हो सकती।

भारतीय परंपरा के अनुसार धरती पर जीवन की उत्पत्ति के कई कारण हैं। जहां एक और धरती पर जीवन आकाशीय तत्त्वों के माध्यम से शुरू हुआ, वहीं जल में जीवन की उत्पत्ति निर्जीव पदार्थों से अपने आप प्राकृतिक रूप से होती रही है। भारतीय परंपरा के अनुसार सबसे पहले हिरण्यगर्भ उत्पन्न हुआ अर्थात् जल का गर्भ। हालांकि इससे पूर्व भी कुछ था, जो शून्य था। सूर्य के प्रकाश के कारण हिरण्यगर्भ बना । इसीलिए हिरण्यगर्भ को स्वर्ण अंडा कहा जाता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि प्रकाशसंश्लेषण की क्रिया का इसमें सबसे बड़ा योगदान रहा। जिस तरह हिरण्यगर्भ से ब्रह्मांड आदि ग्रह - नक्षत्रों की उत्पत्ति हुई उसी तरह अगले हिरण्यगर्भ से धरती पर जीवों की उत्पत्ति हुई, जैसे बीज (गर्भ) से वृक्ष निकला और वृक्षों पर हजारों फल के बीच में पुनः बीज (गर्भ उत्पन्न हो गया। जब धरती ठंडी होने लगी तो उस पर बर्फ और जल का साम्राज्य हो गया। तब धरती पर जल ही जल हो गया। संपूर्ण धरती जल में करोड़ों वर्षो तक डूबी रही। इस जल में ही जीवन की उत्पत्ति हुई। आत्मा ने ही खुद को जल में व्यक्त किया फिर जल में ही जलरूप बना और उस जलरूप ने ही करोड़ों रूप धरे। आत्मा को ब्रह्मस्वरूप कहा गया है। ऋग्वेद में आपः (जल) को जीवन उत्पत्ति के मूल क्रियाशील प्रवाह के रूप में व्यक्त किया है, वही हिरण्यगर्भ रुप है। इस हिरण्यगर्भ रूप में ब्रह्म का संकल्प वीज पक कर विश्वरूप बनता है। इसी हिरण्यगर्भ से विराट पुरुष (आत्मा) एवं उसकी इन्द्रियों की उत्पत्ति होती है और उसकी इन्द्रियों से देवताओं का सृजन होता है। यही जीवन का विकास क्रम है। सर्वप्रथम हिरण्यगर्भ से

अंडे के रूप का एक मुख प्रकट हुआ। मुख से वाक् इन्द्रिय, वाक् इन्द्रिय से 'अग्नि उत्पन्न हुई, तदुपरांत नाक के छिद्र प्रकट हुए। नाक के छिद्रों से 'प्राण' और प्राण से 'वायु' उत्पन्न हुआ। फिर नेत्र उत्पन्न हुए। नेत्रों से चक्षु (देखने की शक्ति) प्रकट हुई और चक्षु से 'आदित्य' प्रकट हुआ। फिर 'त्वचा', त्वचा से 'रोम' और रोगों से वनस्पति-रूप 'औषधीयाँ प्रकट हुई। उसके बाद 'हृदय', हृदय से 'मन, 'मन से 'चन्द्र उदित हुआ। तदुपरांत 'नाभि', 'नाभि से 'अपान' और अपान से 'मृत्यु का प्रादुर्भाव हुया फिर जननेन्द्रिय, 'जननेन्द्रिय' से 'वीर्य' और वीर्य से 'आप' (जल या सृजनशीलता) की उत्पत्ति हुई। यहां वीर्य से पुनः 'आपः' की उत्पत्ति कही गई है। यह आपः ही सृष्टिकर्ता का आधारभूत प्रवाह है। वीर्य में सृष्टि का 'बीज' तैयार होता है। उसी के प्रवाह में चेतनाशक्ति पुनः आकार ग्रहण करने लगती है। सर्वप्रथम चेतनाशक्ति हिरण्य पुरुष के रूप में सामने आई।

ब्रह्म की चार अवस्थाएँ है। प्रथम अवस्था अव्यक्त है, जिसे कहा नहीं जा सकता, बताया नहीं जा सकता। दूसरी प्राज्ञ है, जिसे पूर्ण विशुद्ध ज्ञान की शान्तावस्था कहा जाता है। इसे हिरण्य कह सकते है। क्षीर सागर में नाग शय्या पर लेटे श्री हरि विष्णु इसी का चित्रण है। मनुष्य की सुषुप्ति इसका प्रतिरुप है। शैवों ने इसे ही शिव कहा है। तीसरी अवस्था तैजस है जो हिरण्य में जन्म लेता है इसे हिरण्यगर्भ कहा है। यहाँ ब्रह्म ईश्वर कहलाता है। इसे ही ब्रह्मा जी कहा है। मनुष्य की स्प्नावस्था इसका प्रतिरुप है। यही मनुष्य में जीवात्मा है। यह जगत के आरम्भ मे जन्म लेता है और जगत के अन्त के साथ लुप्त हो जाता है। ब्रह्म की चौथी अवस्था वैश्वानर है। मनुष्य की जागृत अवस्था इसका प्रतिरूप है। सम्पूर्ण सृष्टि का निर्माण विस्तार ब्रह्म का वैश्वानर स्वरूप है। इससे यह न समझें कि ब्रह्म या ईश्वर चार प्रकार का

होता है, यह ब्रह्म की चार अवस्था है। इसकी छाया मनुष्य की चार अवस्थाओं में मिलती है, जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और स्वरूप स्थिति जिसे बताया नहीं जा सकता।

सृष्टि की उत्पत्ति के बारे में हम वेदों में दृष्टि करते है तो हिरण्यगर्भ सूक्त (ऋग्वेद-१०-१२१) में मिलता है।

हिरण्यगर्भ शब्द भारतीय विचारधारा में सृष्टि का आरंभिक स्रोत माना जाता है। इसका शाब्दिक अर्थ है (स्थान-उत्पत्ति या अंडा या) प्रदीप गर्भ-इस शब्द का प्रथमतः उल्लेख ऋग्वेद में हुआ है।

हिरण्यगर्भः समवर्ततात्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमा कस्मै देवाय हविषा विधेम - सूक्त ऋग्वेद -१०-१२१-१

अर्थात् - सब सूर्यादि तेजस्वी पदार्थों का आधार जो जो जगत हो और होएगा उसका आधार परमात्मा जगत की उत्पत्ति के पूर्व विद्यमान था। जिसने पृथ्वी और सूर्य-तारो का सृजन किया उस देव की प्रेम भक्ति किया करे। इस श्लोक से हिरण्यगर्भ ईदरका अर्थ भी लगाया जाता है-यानि वो गर्भ जहाँ हर कोई वास करता हो। वेदान्त और दर्शन ग्रंथों में हिरण्यगर्भ शब्द कई बार आया है। अनेक भारतीय परम्पराओं में इस शब्द का अर्थ अलग प्रकार से लगाया जाता है।

सामान्यतः हिरण्यगर्भ शब्द का प्रयोग जीवात्मा के लिए हुआ है। जिसे ब्रह्मा जी भी कहा गया है। ब्रह्म और ब्रह्मा जी एक ही ब्रह्म के दो अलग अलग तत्त्व है। ब्रह्म अव्यक्त अवस्था के लिए प्रयुक्त होता है और ब्रह्मा जी ब्रह्म की तैजस अवस्था है। ब्रह्मा का तैजस स्वरूप ब्रह्मा जी है। हिरण्यगर्भ शब्द का अर्थ है सोने के अंडे के भीतर रहने वाला। सोने का अंडा क्या है और सोने के अंडे के भीतर रहने वाला कौन है? पूर्ण शुद्ध ज्ञान की

शांतावस्था ही हिरण्य - सोने का अंडा है। उसके अंदर अभिमान करनेवाला चैतन्य ज्ञान ही उसका गर्भ है जिसे हिरण्यगर्भ कहते हैं। स्वर्ण आभा को पूर्ण शुद्ध ज्ञान का प्रतीक माना गया है जो शान्ति और आनन्द देता है। जैसे प्रातः कालीन सूर्य की अरुणिमा। इसके साथ ही अरुणिमा सूर्य के उदित होने (जन्म) का संकेत है।

हमारा ध्यान अक्सर उस तरफ नहीं जाता, जिसकी चर्चा जीवन में सबसे कम होती है। पर ज्यादातर मामलों में जो अचर्चित रहता है, वही सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होता है। इसका अभिप्राय किसी अन्य तत्त्व के महत्व को कम करना नहीं, बल्कि जो वास्तव में महत्त्वपूर्ण है, उसकी महत्ता जानने का प्रयास करना है। जैसे बीज को ही लें। वृक्ष है, तो वह बीज से ही पैदा हुआ होगा। बीज का अंकुरण हुआ, उससे पौधा बना और फिर पौधा बड़ा होकर वृक्ष के रूप में सामने आया। बीज और वृक्ष, इनमें से किसी का महत्त्व कम नहीं है, पर क्या किसी को यह ध्यान रहता है कि बीज को धारण करने और उसे सुरक्षित रखने वाला एक खोल या छिलका भी होता है। न वह बीज है और न वृक्ष, तो क्या इससे छिलके का महत्त्व कम हो जाता है ? पिता महत्त्वपूर्ण है, माता की भी महत्ता है, मगर माता जन्म देने में सफल मात्र इसलिए होती है कि उसके शरीर में 'गर्भाशय' है। गर्भाशय जीव नहीं है, स्वयं में जीवन नहीं है, किन्तु वह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि वह जीव को धारण करता है। उसीके अंदर जीव सुरक्षित रहता है, पलता है और परिपक्व होकर जन्म लेता है। अंडा फूटता है, उसका खोल निष्क्रिय, बेकार हो जाता है, किन्तु उस खोल की अनुपस्थिति में अंडा कैसा ? जीव कहाँ ? जीवन कैसे? धान कूटकर चावल निकाल लिया जाता है, भूसा फेंक दिया जाता है। लगता है कि जैसे उसमें कोई तत्त्व नहीं,

किन्तु उस भूसे में भी बहुत कुछ है। बहुत उपयोग है उसका। कई कार्यों में वह सहायक होता है। उसे जब जलाया जाता है, तब बह निरंतर मंद ताप देता है। वही चावल को धारण करने वाला है। बेकार नहीं है वह, बल्कि महत्त्वपूर्ण है। जो खोल का महत्त्व है, वही वेदों में वर्णित हिरण्यगर्भ का है। वेद बताते हैं कि हिरण्यगर्भ का सृजन सर्वप्रथम हुआ था। यहाँ 'सर्वप्रथम' शब्द पर विवाद जरूर है, किन्तु कई मान्यताओं के अनुसार उसकी सर्जना पहले हुई। वही शून्य था। वह शून्य बढ़ते हुए महाशून्य हुआ उसी महाशून्य में संपूर्ण ब्रह्मांड विराजमान है। यह हिरण्यगर्भ गर्भाशय है, जीव का भी। और सृष्टि का भी इसी हिरण्यगर्भ को भगवान्, समष्टि और बुद्धि भी कहते हैं। योगियों के लिए यह अजन्मा है (क्योंकि जन्म इसी से सम्भव है)। 'हिरण्यगर्भ' को समझने - पहचानने में कठिनाई इसलिए होती है कि छान्दोग्योपनिषद् में इसके पुरुष स्वरूप का जो वर्णन है, वह सर्वथा भिन्न है :

अथ य एषोन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते।
हिरण्यष्मश्रु हिरण्यकेश आप्रशाश्वात् सर्व एव सुवर्णः।।

(छान्दोग्य, १/६/६)

अर्थात् यह सुनहरा पुरुष जो सूर्य के अंदर दिखता है, जिसकी सुनहरी दाढ़ी-मूंछे और सुनहले बाल हैं, नखों से अग्र तक सारा ही सुवर्णमय है। हिरण्य का अर्थ वीर्य या शुक्र माना गया है, शिव के लिए जिन विशेषणों का प्रयोग होता है, उसमें एक 'हिरण्यबाहु' भी है। हिरण्यगर्भ का अर्थ ब्रह्मा भी माना जाता है, हिरण्यगर्भ विष्णु को भी कहते हैं और इसे सूक्ष्म शरीर धारण करने वाली आत्मा भी कहते हैं। हिरण्यरेतस सूर्य है और शिव है। वस्तुतः हिरण्यगर्भ की विस्तृत परिभाषा में ये सभी आते हैं। सब कुछ

इसमें प्रतिपादित और निहित है। यह सबका आवरण है। यह सबका स्वरूप निश्चित करता है और सब में अपना स्वरूप या चिन्ह रख छोड़ता है। यह आवरण है और इसी में सारे तत्त्व समाहित हैं। जीव की उत्पत्ति के बाद यह स्वयं समाप्त हो जाता है या अपने मूल स्वरूप को समाप्त कर देता है और उत्पन्न जीव में प्राणतत्त्व या ऊर्जा या शक्ति या प्राणवायु के रूप में विराजमान हो जाता है, जिससे उस जीव विशेष (मानव या कोई अन्य जीव) में उसी जैसा अन्य जीवन उत्पन्न करने की क्षमता आ जाती है। यही जीवन की निरंतरता का रहस्य है और इसी में जीव की नश्वरता झलकती है कि बीज को बीजरूप में नहीं रहना है। उसे समाप्त हो जाना है, किन्तु बीज से उत्पन्न जीव में बीज की साधना और अवस्थिति जरूरी है, ताकि फिर-बार नया सृजन हो सके। यही तो हिरण्यगर्भ का प्राथमिक, मूल और शाश्वत सिद्धांत है। इसे प्रकृति या ब्रह्मांड किसी का भी नियम कहें, सत्य तो यही है। सृष्टि की उत्पत्ति के बारे में हम वेदों में सृष्टि करते है तो नासदीय सूक्त (ऋग्वेद-१-१२९) में मिलता है।

नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्।
किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्।।

इस प्रथम ऋचा में व्यक्त संसार के अस्तित्व का निषेध करते हैं। प्रलयावस्था में असत् या सत् कुछ प्रतीत नहीं होता था। कोई लोक वा यह दृश्यामान आकाश भी प्रतीत नहीं होते थे। अत्यन्त गंभीर जलादिक भी नहीं था। जब कुछ नहीं था तो उसका आवरण भी नहीं था। यह प्रत्यक्ष है कि बीज की रक्षा के लिये आवरण हुआ करता है। इसी प्रकार गेहूँ, यव, चने आदि पदार्थों में आवरण होते हैं। जब आच्छाद्य नहीं था, तब आच्छादक का भी अभाव था।

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः।

आनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किञ्चनास।।

उस प्रलय कालिक समय में मृत्यु नहीं थी और अमृत । रात्री और दिन का ज्ञान भी नहीं था उस समय वह ब्रह्म था। तत्त्व ही केवल प्राण युक्त, क्रिया से शून्य और माया के साथ जुड़ा हुआ एकरूप में विद्यमान था, उस माया सहित ब्रह्म से कुछ भी नहीं था, उस से परे भी कुछ नहीं था।

तम आरती तमसा गूडमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्।

तुच्छयेनाम्वपिहितं यदासीत्तपसस्तन्महिनाजायतैकम् ।।

सृष्टि के उत्पन्न होने से पहले अर्थात् प्रलय अवस्था में यह जगत् अन्धकार से आच्छादित था और यह जगत् तमस् रूप मूल कारण में विद्यमान तथा, अज्ञात यह सम्पूर्ण जगत् सलिल = जल रूप में था। अर्थात् उस समय कार्य और कारण दोनों मिले हुए थे। यह जगत् है वह व्यापक एवं निम्न स्तरीय अभावरूप अज्ञान से आच्छादित है । इसीलिए कारण के साथ कार्य एकरूप होकर यह जगत् ईश्वर के संकल्प और तप की महिमा से उत्पन्न हुआ।

कामस्तदग्रे समाधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।

सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदी प्रतीष्या कवयो मनीषा ।।

सृष्टि की उत्पत्ति होने के समय सबसे पहले काम = अर्थात्सृष्टि रचना करने की इच्छा शक्ति उत्पन्न हुई, जो परमेश्वर के मन में सबसे पहला बीज रूप कारण हुआ; भौतिकरूप से विद्यमान जगत् के बन्धन - कामरूप कारण को क्रान्तदर्शी ऋषियों ने अपने ज्ञान द्वारा भाव से विलक्षण अभाव में खोज डाला।

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषामधः स्थिदासीउदुपरि स्विदासिउत्।
रेतोधा आसन् महिमान आसन्त्स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्।।

यह सृष्टि किस प्रकार स्थापित है और कहाँ तक है, इसका आदि अन्त कहीं है अथवा नहीं, इत्यादि ज्ञान कठिन है किन्तु रेतोधा = जीवात्मा इत्यादि हैं, थे और रहेंगे, यह विस्पष्ट प्रतीत होता है। रेतोधा = यह जीवात्मा वाचक शब्द है। जीवात्मा का परम्परा, वंश चलाने के लिए आवश्यक है कि उसमें बीजस्वरूप वीर्य हो। अत एव रेतो वीर्यं दधातीतिरेतोधा' अर्थात्-[जो] वीर्य को धारण करे उसे रेतोधा कहते हैं। अनेक लक्षणों में से जीव का एक लक्षण यह है कि जो अपने समान बीज को छोड़ जाता है। उद्भिज सृष्टि में इसकी तो बहुत ही अधिक है किन्तु अण्डज, जरायुज और ऊष्मज जीवों में भी इसकी न्यूनता नहीं। प्रत्येक प्राणी अपने समान कम से कम एकाध अपत्य उत्पादन के लिए सचेष्ट रहता है और प्रायः सन्तान छोड़ भी जाता है। अत एव इस सृष्टि के प्रवाह का उच्छेद नहीं होता। सायण भी रेतोधा शब्द का अर्थ जीवात्मा करते हैं। उनका शब्द इस प्रकार है - रितसो बीजभूतस्य कर्मणो विधातारः कार्तारोभोक्तारश्च जीवः" - सायण रेत शब्द का अर्थ बीजभूत कर्म करते हैं। किन्तु रेत शब्द का अर्थ वीर्य भी प्रसिद्ध है। जैसे उर्वरता योगिनी कहलाते हैं। 'स्वधावस्तात्' - स्वधा नाम प्रकृति का है और वह अचेतन है, अत एव जीव और ईश्वर के नीचे उसे स्वभावतया ही रहना पड़ता है। इस हेतु स्वधा के नीचे रहने का वर्णन यहाँ आया है। और 'प्रयतिः परस्तात्' - प्रयतिनाम प्रयत्न का है। प्रयत्न प्रकृति के ऊपर है अर्थात उसका शासक है, यह प्रत्यक्ष है।

को अद्धा वेद क इह प्रवोचत् कुत आ जाता कुत इयं विसृष्टिः।
अर्वाग्देवा अस्य विसर्जनेनाथा को वेद यत आबभूव।।

कौन इस बात को वास्तविक रूप से जानता है और कौन इस लोक में सृष्टि के उत्पन्न होने के विवरण को बता सकता है कि यह विविध प्रकार की सृष्टि किस उपादान कारण से और किस निमित्त कारण से सब ओर से उत्पन्न हुई। देवता भी इस विविध प्रकार की सृष्टि उत्पन्न होने से बाद के हैं। अतः ये देवगण भी अपने से पहले की बात के विषय में नहीं बता सकते इसलिए कौन मनुष्य जानता है। जिस कारण यह सारा संसार उत्पन्न हुआ।

इयं विसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न।
यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन्त्सो अंग वेद यदि वा न वेद।।

यह विविध प्रकार की सृष्टि जिस प्रकार के उपादान और निमित्तकारण से उत्पन्न हुई। इस का मुख्य कारण है ईश्वर के द्वारा इसे धारण करना। इसके अतिरिक्त अन्य कोई धारण नहीं कर सकता। इस सृष्टि का जो स्वामी ईश्वर है, अपने प्रकाश या आनंद स्वरूप में प्रतिष्ठित है। हे प्रिय श्रोताओं! वह आनंद स्वरूप परमात्मा ही इस विषय को जानता है। इसके अतिरिक्त सृष्टि उत्पत्ति को कोइ नहीं जानता।

वेदों के पश्चाद् उपनिषदों में वर्णन मिलता है।

असद्वा इदमग्र आसीत्। ततो वै सदजायत।..... यद्वै तत्सुकृतं रसो वै सः। रसं ह्येवायं लब्ध्वा आनन्दी भवति। (तैत्तिरीय उ. २-७-१) तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः। आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः। अग्नेरापः। अद्भ्यः पृथिवी। पृथिव्या ओषधयः .. (तैत्तिरीय उ. २-१-३)

पुरुष एवेदं सर्वं यद् भूतं यच्च भव्यम्।
उतामृतत्त्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति ।२।

एतावानस्य महिमातो ज्यायाँश्च पूरुषः। पादोस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि १३१ वर्तमान, भूत, या भविष्य में जो कुछ भी विश्व था वह सब पुरुष है।

सदेव सोम्येदमग्रे आसीदेकमेवाद्वितीयम्। (छान्दोग्य उपनिषद् ६-२-१) मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्। तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत्। (श्वेताश्वतर उपनिषद् ४-१०) माया को प्रकृति समझो तथा माया (के नियन्ता) को महेश्वर। उसी के अवयवों से सभी भूत तथा जगत् व्याप्त है।

श्रीमद्भगवद्गीता

जगत् की उत्पत्ति, स्थिति तथा लय भगवान् के कारण है। गीता के शब्दों में भगवान् सब भूतों का सनातन - अविनाशी बीज है (सनातन बीजम् ७-१०) या अव्यय बीज है (बीजमव्ययम् ९-१८) जिस प्रकार बीज से वृक्ष उत्पन्न होता है तथा अंत में फिर बीज में ही लीन हो जाता है, उसी प्रकार यह जगत् भगवान् से उत्पन्न होता है तथा फिर उन्ही में लीन हो जाता है। जगत् के अवांतर आविर्भाव काल को ब्रह्मा का दिन कहते हैं तथा अवांतर तिरोभाव काल को ब्रह्मा की रात्रि कहते हैं (८-१८,१९)। गीता में सांख्य की प्रकृति स्वीकृत की गई है। गीता में प्रकृति को कहीं अव्यक्त (८-१८, ८-२०) तथा कहीं महद् ब्रह्म (१४-१३) की संज्ञा दी गई है। सांख्य प्रकृति से ही जगत् की उत्पत्ति मानता है, परंतु गीता इस सिद्धांत से सहमत नहीं है। उसके मतानुसार प्रकृति का अध्यक्ष ईश्वर है। उसी की अध्यक्षता में प्रकृति जगत् को पैदा करती है, नहीं तो अचेतन जड़ात्मिका प्रकृति में इतना सामर्थ्य कहाँ से आता?

मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूयते सचराचरम्।
हेतुनानेन कौन्तेय जगत् विपरिवर्तते।। (९-१०)

पशु पक्षी आदि सब योनियों में उत्पन्न होने वाली मूर्तियों की योनि (उत्पत्ति स्थान) महत् ब्रह्म है तथा ईश्वर बीज रखने वाला है। (१४-४) अतः स्पष्ट है कि प्रकृति विश्व की मातृस्थानीया है तथा ईश्वर पितृस्थानीय है। इस प्रकार प्रकृति का स्थान ईश्वर से न्यून है। गीता नासतो विद्यते भावो ना भावो विद्यते सतः का प्रतिपादन करती है। यह सत्कार्यवाद है। अतः गीता की दृष्टि में जगत् मायिक तथा काल्पनिक न होकर सर्वथा सत्य तथा वास्तविक है।

उपनिषदों और स्मृति के बाद हमें दर्शनों में अलग-अलग मतमतान्तर मिलता है।

चार्वाक मत

चार्वाकों की तत्त्व समीक्षा भी अपने ढंग की एक निराली वस्तु है पृथ्वी, जल, तेज तथा वायु ये ही चार जगत् के तत्त्व हैं। बौद्धों के ही समान चार्वाकों का भी मत था कि आवरण अभाव के कारण आकाश शून्य ही है, कोई सत्तात्मक पदार्थ नहीं। ये ही चार पदार्थ अपनी आणविक अवस्था में जगत् के मूल कारण हैं। बाह्य जगत्, इन्द्रियों तथा भौतिक शरीर इन्हीं चार मूलभूतों से उत्पन्न होते हैं। पर इनकी उत्पत्ति होती है कैसे? इस प्रश्न का उत्तर देने से चार्वाक लोग सदा वीरत थे उन्होंने इस संबंध को समझाया ही नहीं। दृष्ट तथा अदृष्ट कारणों के साक्षात् निषेध करने से तथा इस जगत् के किसी चेतन अंतर्यामी की सत्ता न मानने से यह विश्व, चार्वाकों की दृष्टि में अकस्मात् सम्मिलित होने वाले भूतचतुष्टय का एक संग्रहमात्र है। इसकी

उत्पत्ति के रहस्य का पता अभी तक मानव बुद्धि को लगा ही नहीं है। अतः इसे ठीक-ठीक समझाने की चेष्टा विडंबना मात्र है।

सांख्य मत

प्रकृति सत्त्व, रज तथा तम- इन तीनों गुणों की साम्यावस्था है, अर्थात् प्रकृति में ये तीनों गुण वर्तमान रहते हैं। इसीलिए जगत के पदार्थों में ये तीनों गुण विद्यमान रहते हैं। एक ही वस्तु किसी के हृदय में आनंद, किसी के हृदय में दुःख और किसी तीसरे व्यक्ति के चित्त में मोह पैदा करती है प्रकृति साख्य में मूल तत्त्व है। वह सत्य है। संसार को वह उत्पन्न करती है, परंतु वह स्वयं किसी से उत्पन्न नहीं होती (अहेतुमत्)। वह व्यापक, एक, किसी पर आश्रित न होने वाली होती है उसमें अवयव नहीं होता। जगत् के पदार्थों में अवयवों की सत्ता होती है और उसी से वे आपस में मिश्रण तथा संयोग को पाते हैं। पृथ्वी आदि पदार्थ आपस में मिलते हैं। प्रकृति का बुद्धि आदि के साथ जो संबंध है वह संयोग नहीं, तादात्म्य होता है। प्रकृति स्वतंत्र होती है। वह अपने क्षेत्र में किसी के ऊपर अपने व्यापार के लिए आश्रित नहीं होती। प्रकृति अपने भीतर से समस्त संसार उत्पन्न करती है और प्रलय दशा में फिर उसे अपने भीतर निविष्ट कर लेती है। प्रकृति जडात्मिका होती है। सांख्यों के अनुसार इसमें जगत् के दो ही तत्त्व मौलिक होते हैं – एक जड़ रूप और दूसरा चेतन रूप। जडरूप तत्त्व ही प्रकृति है और चेतन तत्त्व पुरुष है इस प्रकार अपरिमित, स्वतंत्र, सर्वव्यापक मूल कारण को मानना पूर्वोक्त युक्तियों के आधार पर नितांत युक्तियुक्त है। इसे ही अव्यक्त रूप होने से अव्यक्त प्रधान कारण होने से प्रधान, सबकी जननी होने से प्रकृति आदि भिन्न-भिन्न संज्ञायें हैं। यह स्वयं अजन्मा है - कारण होते हुए भी स्वयं किसी का कार्य नहीं है। यदि इस तत्त्व के कारण की

कल्पना की जाय, तो अनवस्था दोष गले पतित हो जाता है अतः इस दोष के निराश के लिए प्रकृति को ही जगत का आदि कारण मानना नितांत उचित है।

न्याय मत

न्याय दर्शन ईश्वर को जगत् का केवल निमित्तकारण मानता है, परंतु वेदांत के मत में ईश्वर ही जगत् का उपादान कारण भी है। जगत् की सृष्टि इच्छापूर्वक है। ईक्षणपूर्वक सृष्टि - व्यापार करनेवाला ईश्वर निमित्तकारण नहीं निःसंदेह है, पर उसका उपादान कारण भी सिद्ध है। उपनिषद् में इस प्रश्न के उत्तर में जिस एक वस्तु के जानने पर सब वस्तुएं ज्ञात हो जाती है, ब्रह्म ही उपदिष्ट है। जिस प्रकार एक मिट्टी के पिंड के जानने से मिट्टी के समग्र बने पदार्थों का ज्ञान हो जाता है, क्योंकि मृतिका ही सत्य है, मृण्मय पदार्थ केवल नामरूप वाले हैं, उसी प्रकार एक ब्रह्म के जानने पर समस्त पदार्थ जाने जाते हैं। ब्रह्म की मृत्तिका के साथ दृष्टांत उपस्थित किए जाने से ब्रह्म का उपादान होना स्पष्ट है। मुंडक (३-१-३) ब्रह्म को योनि शब्द से अभिहित करता है। अतः ब्रह्म ही इस जगत् का निमित्त कारण और उपादान कारण भी है।

इस प्रकार ब्रह्म जगत् की सृष्टि कर्ता है (निमित्त कारण) और साथ ही साथ जगत् का वह उपादान कारण है, मृत्तिका की तरह। जिस प्रकार कुंभकार मिट्टी से नाना प्रकार के मिट्टी के बर्तनों को तैयार करता है। उसी प्रकार ईश्वर भी अपने ही में से जगत् को स्वयं बनाता है। एक ही वस्तु के दोनों कारण होने में कोई विरोध नहीं है। ईश्वर है मायोपाधिक ब्रह्म, अर्थात् वह ब्रह्म जीसे माया आवृत्त किये रहती है। वह चेतन भी है। चैतन्य पक्ष के अवलंबन करने पर ब्रह्म जगत् का निमित्त कारण है और उपाधि (माया)

पक्ष की दृष्टि से वहीं ब्रह्म उपादान कारण है । इस प्रकार ब्रह्म का एक साथ ही जगत् का उपादान और निमित्त कारण होना कोई आश्चर्य की घटना नहीं है। अतः ब्रह्म की जगत् सृष्टि में माया को ही प्रधानतया कारण मानना उचित है।

न्याय-वैशेषिक मत

न्याय-वैशेषिक के मतानुसार परमाणुओं के संयोग से सृष्टि होती है। यह संयोग किस प्रकार होता है। इसको प्रशस्तपाद। आचार्य कहते है कि- जब ब्रह्मा के काल से सौ वर्ष बीत जाते हैं, तब परमेश्वर की इच्छा होती है कि संसार चक्र में जुड़े हुए सभी प्राणी कुछ काल तक विश्राम करें बस, वह ब्रह्मा को सृष्टि कार्य से मुक्त कर देते हैं और संसार को अपने में खींचकर मिला लेते हैं। उस समय शरीर, इन्द्रिय और महाभूत के सभी आत्माओं के अदृष्ट रुक जाते हैं। अर्थात् अदृष्ट की वृत्तियों का विरोध हो जाता है, आत्मा शरीर से पृथक् हो जाते हैं। शरीर और इन्द्रियों के प्रमाण बिखरकर अलग-अलग हो जाते हैं। जितने कार्यद्रव्य हैं वे सब विनष्ट हो जाते हैं। पहले पृथ्वी, जल, उसके बाद अग्नि और अन्त में वायु का विनाश होता है। इस तरह संसार की कोई वस्तु कायम नहीं रहती। इस अवस्था का नाम संहार या प्रलय है। संसार के झंझटों से थके जीव इस प्रलय रात्रि में सोकर अपने को भूल जाते हैं।

किन्तु, इस प्रलय-काल में भी मूल सत्ता का संहार नहीं हो सकता। मूलभूत परमाणु ज्यों के त्यों बने रहते हैं। परमाणु अजर अमर है। उसका विनाश नहीं हो सकता।

प्रलय-काल में आत्मा भी नष्ट नहीं होते। वे अपने अपने धर्माधर्म के संस्कार से युक्त बने रहते हैं। किन्तु अदृष्ट की गति कुण्ठित हो जाने के

कारण वे स्तब्ध और निश्चेष्ट पड़े रहते हैं। परमाणु और आत्मा के अतिरिक्त कुछ और भी सत्ताएँ ऐसी हैं जिनका कभी विनाश नहीं हो सकता। वे हें काल, दिक् और आकाश। प्रलय-काल में भी ज्यों के त्यों बने रहते हैं।

प्रलय निशा में विश्राम कर चुकने के उपरान्त परमेश्वर के फिर से सृष्टि रचना की इच्छा होती है। ऐसी इच्छा उत्पन्न होते ही सभी सोई हुई शक्तियों फिर से जाग उठती हैं और सृष्टि कार्य प्रारंभ हो जाता है। सर्वप्रथम वायु के परमाणुओं में स्पन्दन होता है और वे परस्पर सहत होने लग जाते हैं। क्रमशः द्वयणुक त्र्यणुक बनते बनते महावायु के झकोरे आकाश में उठने लगते हैं। तदन्तर जल के परमाणुओं में कर्म का संचार होता है और महासमुद्र बन जाता है। पर उस समुद्र में पृथ्वी के परमाणु इकट्ठे होने लगते है, और धीरे धीरे धरातल की उत्पत्ति हो जाती है। अन्त में तेज के परमाणु आपस में मिलने लगते है और देदीप्यमान तेज पुंज प्रकट होता है।

इस प्रकार चारों महाभूत फिर से आविर्भूत होते हैं। तब परमेश्वर के ध्यान मात्र से तेज और पृथ्वी के परमाणु मिलकर एक महान् अण्ड के रूप में परिणत होते है। यह अण्ड हिरण्यगर्भ कहलाता है। इस हिरण्यगर्भ से चतुर्मुख ब्रह्मा निकलते है जो सृष्टि कर्म में प्रवृत्त होते हैं। ये सब लोकों के स्रष्टा होने के कारण पितामह कहलाते है।

सृष्टिकर्ता ब्रह्मा में असीम ज्ञान का भंडार रहता है। अतएव वे सभी प्राणियों का धर्माधर्म जानते हैं और वे अतुलित शक्तिशाली होते हैं। अतः वे सभी प्राणियों को कर्मानुसार फल प्रदान कर सकते हैं। उनमें किसी के प्रति आसक्ति नहीं रहती अर्थात् वे वीतराग होते हैं। अतएव वे कभी किसी का पक्षपात नहीं करते। इन गुणों से युक्त ब्रह्मा अपने मन से प्रजापतियों को उत्पन्न करते हैं। फिर क्रमशः मनु, देवता, ऋषि, पितर, ब्राह्मण, क्षत्रिय,

वैश्य शूद्र और नाना कोटियों के जीव उत्पन्न होते हैं। सभी प्राणियों को अपने अपने पूर्व कर्मानुसार योनि मिलती है। और कर्म विपाक के अनुरूप ही आयु,ज्ञान और भोग के साधन भी निलते हैं। इस प्रकार सृष्टि का प्रवाह फिर से चालू हो जाता है।

पूर्वमीमांसा मत

हमारी इंद्रियाँ बाह्य वस्तुओं की उपलब्धि के साधन है। उनके द्वारा जगत् की जिस रूप से उपलब्धि होती है, उसी रूप में जगत की सत्यता है। इस संसार में तीन प्रकार की वस्तु का ज्ञान हमें होता है। (१) शरीर, जिनमें रहकर आत्मा सुख दुख का अनुभव करता है (भोगायतन), (२) इंद्रियाँ, जिनके द्वारा आत्मा सुख दुःख का भोग किया करता है (भोगसाधन), (३) पदार्थ, जिनका भोग आत्मा किया करता है (भोगविषय)। इन तीन वस्तुओं से युक्त नाना रूप यह संसार अनादि तथा अनंत है। मीमांसा मूल जगत् की सृष्टि तथा प्रलय नहीं मानती। केवल व्यक्ति उत्पन्न होते रहते हैं तथा विनाश को प्राप्त करते हैं, जगत् की सृष्टि तथा नाश कभी नहीं होता कुछ मीमांसक लोग अणुवाद को स्वीकार करते हैं। जगत् के सब पदार्थ अणु से उत्पन्न हुए हैं। कर्मो के फलोन्मुख होने पर अणुसंयोग से व्यक्ति उत्पन्न होते हैं, तथा फल का सम हान पर उनका नाश हो जाता है। न्याय - वैशेषिक दर्शन में भी जगत् की उत्पत्ति परमाणुओं से मानकर परमाणुवाद को स्वीकार किया गया है, पर दोनों दर्शनों के परमाणुवाद में अनेक अंश में भेद दिख पड़ता है। न्याय परमाणुओं को हमारे लिए प्रत्यक्ष सिद्ध न मानकर अनुमेय मानता है। सूर्य किरण के छिद्रगत होने पर जो सूक्ष्म द्रव्य दिख पड़ते हैं, वे त्रसरेणु कहलाते हैं और उनके छठे भाग को परमाणु माना जाता है, पर मीमांसक का यह मत

अभीष्ट नहीं है। हमारे नेत्रगोचर कण ही परमाणु है, इनसे भी सूक्ष्म कणों की कल्पना के लिए कोई आधार नहीं है। न्याय उसे योगी प्रत्यक्ष का विषय मानता है, पर मीमांसा योगज प्रत्यक्ष को साधारण प्रत्यक्ष से लक्षण नहीं मानती। अतः हमारे नेत्र गोचर कण ही परमाणु है, यही मीमांसा के मत का निष्कर्ष है। जगत् का यह मीमांसा समस्त स्वरूप है।

इस प्रकार तत्व विचार की दृष्टि से मीमांसा दर्शन जगत् को सत्य मानता है और वेद के द्वारा प्रतिपादित स्वर्ग, नरक, अदृश्य आदि अनेक अतींद्रिय विषयों की भी सत्ता मानता है। अतः वह वस्तुवादी ही नहीं प्रत्यूत अनेक वस्तुवादी दर्शन है।

उत्तरमीमांसा

ब्रह्म ही उस सृष्टि का उपादान तथा निमित्त कारण है। मुंडक उपनिषद् (१-१७) का कहना है कि जिस प्रकार मकड़ा अपने शरीर से जाला तानता है तथा उसे अपने शरीर में फिर समेट लेता है, जिस प्रकार पृथ्वी में औषधियाँ उत्पन्न होती है, जैसे पुरुष से केश लोम उत्पन्न होते हैं, उसी प्रकार उस नित्य ब्रह्म (अक्षर से यह समस्त विश्व उत्पन्न होता है। (यथोर्णनाभिः सृजते गृह्णते च यथा पृथिव्यामोषधः सम्भवन्ति। यथा सतः पुरुषात् केशलोमानि तथा क्षरात् सम्भवतीह विश्वम्।। (मु.उप. १-१-७) परमात्मा से पहले उत्पन्न हुआ आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी, पृथ्वी से समस्त जीवजंतुमय जगत्। इस जगत् के लय होने का क्रम इससे ठीक विपरीत है।

जन्माद्यस्य यतः। ब्र.सू. १-१-२०। मे - यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते... इस तै.उप. ३-१।। द्वारा ब्रह्म को जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और लय का कारण बताया है। ईक्षते शब्दम्। ब्र.सू. १-१-५ मे केवल ब्रह्म की

ईच्छा से जगत् की उत्पत्ति हुई है। लोकवत्तु लीला कैवल्यम्। ब्र.सू.२-१-३३ सूत्र द्वारा केवल आनन्द के लिए जगत् की रचना की है।

शंकराचार्य

शंकराचार्य मानते हैं कि-ब्रह्म सत्यं जगत् मिथ्या जीवो ब्रह्मेव नापरः। अर्थात् केवल ब्रह्म ही सत्य हैं, जगत् मिथ्या है, जीव ब्रह्म ही है। केवलाद्वैत। लेकिन जगत् दिखता तो है। इसके बारे में शंकराचार्यजी ने तीन सत्ताओं को स्वीकार किया है। प्रातिभाषिक, व्यावहारिक और आध्यात्मिक या पारमार्थिक इसमें व्यावहारिक दृष्टि से जगत् सत्य है, किन्तु पारमार्थिक दृष्टि से मिथ्या है। पारमार्थिक दृष्टि से जगत् जैसा कुछ भी नहीं है।

रामानुजाचार्य

सृष्टि के विषय में रामानुज उपनिषदों के सिद्धान्तों का अक्षरशः पालन करते हैं सर्वव्यापी ब्रह्म में चित् और अचित् दोनों तत्त्व विद्यमान रहते हैं। इनमें चित् जीव का द्योतक है और अचित् जडतत्त्व या प्रकृति का। श्वेताश्वतर उपनिषद, पुराण कथा स्मृति ग्रन्थों में वर्णित प्रकृति के रूप को स्वयं स्वीकार करते हैं। श्वेताश्वतर उपनिषद् के अनुसार प्रकृति एक है, अनादि (अजा) है तथा अपने समान ही बहुत सी प्रजाओं की सृष्टि करनेवाली है। इतना तो सांख्य भी मानता है, परन्तु रामानुज तथा सांख्यमत से भेद इस बात को लेकर है कि रामानुज प्रकृति को ईश्वर का अंश तथा ईश्वर के द्वारा परिचालित मानते हैं। प्रकृति स्वयं सृष्टि नहीं करती (जैसा सांख्य मानता है), प्रत्युत ईश्वर की अध्यक्षता में ही वह सृष्टि का कार्य करती है। सर्वशक्तिमान् ईश्वर की इच्छा से सूक्ष्म प्रकृति तीन प्रकार के तत्त्वों - तेज, जल तथा पृथिवी – में विभाजित हो जाति है, जिनमें क्रमशः सत्त्व, रज तथा तमो गुण पाये जाते हैं। इन्हीं तीनों तत्वों के नाना प्रकार के सहयोग तथा मिश्रण के फल

से जगत् के स्थूल पदार्थ उत्पन्न होते हैं और इसीलिए यह तीनों तत्त्व संसार के प्रत्येक पदार्थ में विद्यमान रहते हैं। इस मिश्रण क्रिया का नाम त्रिवृत्त - करण है। इसका मूलतः संकेत छांदोग्य उपनिषद में पाया जाता है जिसे रामानुज ने अपने सिद्धांत के लिए अपनाया है।

ईश्वर अपनी माया शक्ति के द्वारा जगत् की सृष्टि कर्ता है। माया क्या है? माया का अर्थ है- अद्भुत पदार्थों की सृष्टि करने वाली शक्ति। इस माया से युक्त होने से श्वेताश्वतर में ईश्वर मायी कहा गया है। इसे रामानुज अक्षरशः मानते हैं, परंतु ईश्वर को मायावी कहने का इतना ही तात्पर्य है कि उसकी सृष्टिलीला अद्भुत तथा विचित्र होती है। ईश्वर की यह सृष्टि उतनी ही वास्तविक तथा सत्य है जितना स्वयं ईश्वर। रामानुज शंकर के समान इस संसार को काल्पनिक तथा असत्य नहीं मानते। जहाँ शंकर विवर्तवाद के सिद्धांत को सृष्टि व्यापार के लिए सत्य मानते हैं, वहां रामानुज परिणाम के सिद्धांत को ही ठीक मानते हैं। संसार तथा सृष्टि भ्रममात्र है- इस मत को रामानुज नहीं मानते। उनके मत में ज्ञान मात्र ही सत्य होता है और कोई भी वस्तु मिथ्या नहीं है। इसी तथ्य के आधार पर वे सृष्टि को सत्य मानते हैं। समस्त वैष्णव आचार्य शंकराचार्य के मायावाद का खंडन करने में अपनी शक्ति लगाते हैं। रामानुज भी मायावाद का खंडन अनेक तर्कों के बल पर करते हैं, तथा अद्वैत वादियों ने भी अपने मत का समर्थन अपनी युक्तियों के सहारे किया है। यह खंडन मंडन का क्रम आज भी चलता है।

वल्लभाचार्य

जगत् के विषय में आचार्य अविकृत परिणामवाद स्वीकार करते हैं। कनक, कामधेनु, कल्पवृक्ष, चिंतामणि आदि के समान निर्गुण सच्चिदानंदात्मक ब्रह्म ही अविकृत भाव से जगत् रूपेण होता है। जिस

प्रकार कुंडलादि रूपों से परिणत होने पर भी सुवर्ण में किसी प्रकार का विकार नहीं उत्पन्न होता। उसी प्रकार जगत् रूप से परिणत होने पर भी ब्रह्म में किसी प्रकार का विकार नहीं होता।

वल्लभाचार्य परिणामवाद को ही कार्य - कारण संबंध के विषय में मानते हैं, परंतु परिणाम मानने से मूल वस्तु में विचार होना अवश्यम्भावी होता है। दूध से दही बनता है। दूध का परिणाम दही है। यहाँ दूध में विकार उत्पन्न होने से ही दही जैसा परिणाम उत्पन्न होता है, परंतु जगत् की सृष्टि के विषय में यह नियम कथमपि नहीं माना जाता। ब्रह्म से जगत् का परिणाम होता है, परंतु ब्रह्म में किसी प्रकार का परिवर्तन या विकार नहीं उत्पन्न होता। वल्लभाचार्य इसीलिए अपने इस विशिष्ट मत को अविकृत परिणामवाद के नाम से पुकारते हैं। कार्य कारण के विषय में उनकी यह नई धारणा श्रीमद्भागवत की मान्यता के अनुसार है। भागवत ने सुवर्ण का उदाहरण देकर इस तत्त्व को समझाया है। सोने से जितने भी गहने (अंगूठी, कुंडल आदि) तथा पदार्थ बनते हैं जिनमें सोना ही सदा अपने अविकृत रूप में बना रहता है। समस्त सुनहले पदार्थों के आदि, अंत तथा मध्य में स्वर्ण की प्राप्ति होती है और वह भी बिना किसी विकारी रूप में। इसी प्रकार ब्रह्म भी नाना नामों तथा रूपों के भीतर एक ही प्रकार से अविकृत रूप में विद्यमान रहता है। यह जगत् भगवान् का ही आकार है। श्रुति तथा पुराण दोनों एक ही तत्त्व के बोधक हैं। उपनिषद कहती है - सर्वं खलु इदम् ब्रह्म, अर्थात् संपूर्ण जगत ही ब्रह्ममय है। भागवत अपने मंगल श्लोक में ही इस तत्त्व का सुंदर प्रतिपादन करता है। अतः जगत् को भगवान का रूप मानना सर्वथा उचित है। कहना ना होगा कि भगवान् का आकार होने से यह जगत् भी सर्वथा नित्य सिद्ध होता है।

आचार्य जगत् की उत्पत्ति तथा विनाश को नहीं मानते। वे आविर्भाव तथा तिरोभाव के पक्ष पाती है। अनुभव योग्य होने पर जगत् का आविर्भाव होता है और अनुभव योग्य ना होने पर जगत् का तिरोभाव होता है।

वल्लभ मत में जगत् और संसार में एक विलक्षण पार्थक्य स्वीकृत किया जाता है। ईश्वरेच्छा के विलास से संदेश से प्रादुर्भूत पदार्थ को जगत् कहते हैं, परंतु पंचपर्वा अविद्या के द्वारा जीव के द्वारा कल्पित ममता रूप पदार्थ की संज्ञा संसार है अविद्या के पांच पर्व होते हैं- स्वरूपाज्ञान, देहाध्यास, इंद्रियाध्यास, प्राणाध्यास तथा अंतःकरणाध्यास। इस अविद्या की सत्ता रहने पर संसार है। अतः ज्ञान के उदय होने पर संसार का तो नाश हो जाता है, परंतु ब्रह्म रूप होने के कारण जगत् का विनाश कभी संभव नहीं है। वह तो ब्रह्म तथा जीव के समान ही नित्य पदार्थ है।

संत कबीर

संत शिरोमणी मे संत कबीर भी अपना मत प्रकट करता है। कबीरसागर, कबीर बीजक और ज्ञान गुदडी मे जगत् की उत्पत्ति के बारे मे कहा है कि-

धर्मदास बिनवे कर जोरी, साहेब सुनिये बिनति मोरी।
काया गुदडी का कहो संदेशा, जासे मिटे जीवका अंदेशा।।
अलख पुरुष जब किया विचारा, लख चोर्यासी धागा डारा।
पाँच तत्त्व की गुदडी बिनि, तीन गुनन से ठाडा किनी ।।
तामे जीव ब्रह्म और माया, समरथ ऐसा खेल बनाया।
जीवन पांच पचीसो लागे, काम क्रोध मोह मद पागे ।।

ज्ञान गुदड़ी १-३

इस तरह भारतीय दर्शनों में अनेक मत-मतान्तर उपलब्ध होतें हैं। इनमे से जो वैदिक परंपरा से लेकर उपनिषद में बताया गया है, वही श्रेष्ठ है। फीर भी वो भी नेति नेति कहकर छट जाते हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

१. भारतीय दर्शन, बलदेव उपाध्याय, शारदा मंदिर काशी, संस्करण-७, १९६६

२. ह्मसूत्र-शांकरभाष्य, अनुवादक - डॉ. लक्ष्मण जोशी, पाश्वप्रकाशन - अमदावाद

३. श्रीभाष्यम्-रामानुजाचार्य, अनुवादक - गौतम पटेल, संस्कृत साहित्य अकादमी, गांधीनगर

४. अणुभाष्य-वल्लभाचार्य, अनुवादक - पुनिताबेन नागरजी देसाई, सरस्वती प्रकाशन, अहमदाबाद

५. श्रीमद् भगवद् गीता, प्रकाशक - चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी.

६. कबीर सागर, संपादक - स्वामी श्री युगलानंद बिहारी, प्रकाशन - खेमराज श्रीकृष्णदास, बम्बई

वैदिकवाङ्मय में दर्शनन शास्त्र के मूल परकात्वे अन्वेषण

प्रा. मयूरीबेन भाटिया
प्रोफेसर,
संस्कृतविभाग, भाषा साहित्यभवन
गुजरात युनिर्सिटी, अमदावाद।

श्रीमद् शंकराचार्य के द्वादशपञ्जरिकास्तोत्र की "कोऽहं कस्त्वं कुत आयातः[१]" द्वारा व्यक्त जिज्ञासा प्राकृतिक रूप से ही मननशील मनुष्य के मस्तिष्क में प्रारंभ से ही आ रही है। वस्तुतः समस्त दर्शनों का उद्भव इन्हीं गंभीर जिज्ञासा युक्त प्रश्नों के साथ हुआ है। अथातो ब्रह्मजिज्ञासा से युक्त भारतीय मनीषियों के ऊर्ध्व मस्तिष्क से जिस कर्म, ज्ञान एवं भक्ति की त्रिपथगा का प्रवाह प्रकट हुआ, उसने मानवों को पवित्र, नित्य, शुद्ध बुद्ध बनाकर मानवता के विकास में प्रेरित किया। इसी पतितपावनी धारा को लोग दर्शन के नाम से पुकारते है। दर्शन शब्द पाणिनीय व्याकरणानुसार दृशिर् प्रेक्षणे धातु से ल्युट् प्रत्यय करने से निष्पन्न होता है। यह ल्युट् प्रत्यय भाव, कारण एवं अधिकरण कारकों के अर्थ में होता है।[२] अतः एव दर्शन शब्द का अर्थ दृष्टि या देखना जिस के द्वारा देखा जाए या जिसमें देखा जाये' होगा। भावार्थक प्रत्यय को मानकर केवल देखना जो दृष्टि का पर्यायवाची होकर दर्शन द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत का अर्थ होगा। करणार्थकप्रत्यय को मानकर जिसके द्वारा देखा जाय वह अर्थ देगा जो आपाततः प्रक्रिया या पद्धति के लिये प्रयोग में आयेगा और प्रत्यय को

१ शंकराचार्य द्वादशपंजरिकास्तोत्र-३

२ नपुंसके भावेक्त.. ल्यूट च... करणादि करणेदिकम..

अधिकरणार्थक मानने पर वह ग्रन्थ विशेष के अर्थ में भी प्रयुक्त किया जाते है। इस प्रकार दर्शन शब्द का अर्थ बहुत व्यापक है। केवल सामान्य दृष्टि से देखने का तात्पर्य नहीं है इसीलिए तो पाणिनि ने धात्वर्थ में 'प्रेक्षण' शब्द का प्रयोग किया है। अतः स्पष्ट होता है कि प्रकृष्ट ईक्षण जिसमें अन्तश्चक्षुओं द्वारा देखना या मनन करके सोपपत्तीय निष्कर्ष, निकालना ही दर्शन शब्द का अभिधेय है। इस प्रकार के प्रकृष्ट ईक्षण के साधन और फल दोनों का नाम दर्शन है। प्रायः कारणकार्य में एकता देखी जाती है छेदन क्रिया के फल को छेदन ही कहा जाता है। इसी प्रकार दर्शन के साधन और फल दोनों को ही दर्शन शब्द से ही अभिहित किया जाता है। अधिकरण में ल्युट का विधान होने से जहाँ पर इन सिद्धांतो का संकलन हो उन ग्रन्थों का भी नाम दर्शन ही होगा। जैसे कि मीमांसा दर्शन, योग दर्शन, सांख्यदर्शन। दर्शन ग्रन्थों को शास्त्र की संज्ञा दी गई है। यह शास्त्र शब्द "धातु से निष्पन्न होने के कारण दर्शन का अनुशासन या उपदेश करने के कारण ही ये दर्शनशास्त्र कहलाने के अधिकारी है।[३] दर्शन अर्थात् साक्षात्कृत दृष्टा ऋषियों के अंतः चक्षु या दिव्य चक्षुओं द्वारा देखे गये तत्वों के उपदेशक ग्रन्थों को ही दर्शनशास्त्र कहते हैं। इन दर्शन शास्त्रों का कार्य जड चेतन स्वरूप विश्व की व्याख्या करना अर्थात् जन्म सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं लय का विवरण प्रस्तुत करना है। ये विवरण हमें कहाँ कहाँ, किस किस रूप में प्राप्त होते है इनका अन्वेषण ही दर्शन के मूल का अन्वेषण है। केवल भारतीय साहित्य का ही नहीं अपितु विश्व साहित्य का भी सब से पहला साहित्य वेद है।

---

३ अनुशासन शब्द का अर्थ उपदेश - अर्थ शब्दानुशासनम् - महाभाष्य...। तथा। अथ योगानुशाशनम्-योगदर्शन के आधार पर लिया गया है।

उनमें भी सबसे प्राचीन ऋग्वेद साहित्य को माना जाता है। वेदो की अपौरुषेयता के विषय में स्वयं वेद कहता है कि..

तस्माद् यज्ञात्सर्वहुत, ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद् यजुस्तस्मादजायत।।

अर्थात् उस सर्वात्मक पुरुष से ही ऋक्, साम, अर्थव और यर्जुवेद प्रादुर्भूत हुए है। यहाँ ध्यातव्य है कि यह ऋचा उस प्रकरण में आई है, जहाँ सृष्टि के चराचर तत्वों की उत्पत्ति का वर्णन है। उससे वेद सृष्टि के आदि में प्रादुर्भूत हुए है इस सिद्धांत का समर्थन होता है। तात्पर्य है कि दर्शन परम्परा के बीज आदि साहित्य वेदों में प्राप्त होते है। वेद में जगत की उत्पत्ति के विषय में भिन्न भिन्न प्रकार के वर्णन के दर्शन होते है कहीं पर अग्नि से पृथ्वी की उत्पत्ति बताई गई है, तो कहीं काम से पृथ्वी, अंतरिक्ष, दिन-रात आदि की उत्पत्ति है। वेदो के भिन्न भिन्न मंत्रो में भिन्न भिन्न देवता इन्द्र, वरुण, त्वष्टा एवं विश्वकर्मा आदि को चराचर की उत्पत्ति के कारण बताया गया है।[४] इसे परस्पर निरपेक्ष स्वतंत्र देववाद के नाम से देखा जाता है, परन्तु यह सब एक की सत्ता का विविध प्रकार से वर्णन है। इस अनेक में एक की भावना अथवा द्वैत में अद्वैत की भावना का भी विकास ऋग्वेद काल में शरू हो गया था इस मान्यता का आधार भी ऋग्वेद में प्राप्त होता है कि..

तमिन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो स सुपर्णा स गरुत्मान्।
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।।[५]

---

४ उमेश मिश्र भारतीय दर्शन पृ. ३४

५ ऋग्वेद १-७

इन्द्र, वरुण, यम और अग्नि आदि सभी की एक सत्ता दर्शाई है। अतः यदि विकासवाद का आधार ले और देखें कि ऋग्वेद की रचना एक ही काल में न होकर बहुत काल तक विकासात्मक रही, तो भी इतना तो निःसंकोच कहा जा सकता है कि ऋग्वेद काल में ही पुरुष सूक्त आदि के अध्ययन करने से इस विकास की शृंखला की कड़ियाँ प्राप्त हो जाती है। इन देवों का भौतिक अधिष्ठानों से परे दैवी गुणों से संपन्न सत्ताएँ प्रतिपादित करती है कि इनका दार्शनिक अर्थ विशेष महत्त्वपूर्ण है। ऋग्वेद में पुरुष सूक्त में हमें विराट की भावना और कल्पना के दर्शन होते है विश्वरूप विराट से स्थूल जगत की उत्पत्ति की कहानी दर्शनों के विकास का मार्ग प्रदर्शित करती है। दर्शनों में आई हुई ईश्वर की सत्ता के विषय संदर्भ में जितने भी वादविशेष है उन सब में प्रमुख धाराएँ दो है- द्वैतवाद एवं अद्वैतवाद। ऋग्वेद के मंत्र में द्वैत से अद्वैत की और अग्रसर होते विचार को देख सकते है।

पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भव्यम्।

अर्थात् जो कुछ भूत, वर्तमान एवं भविष्य है वह सब पुरुष ही है। इसका पुनरावर्तन बृहदारण्यक में करते हुए 'ब्रह्मेदं सर्वम्' में पाया जाता है।[६] एस. एन. दासगुप्ता ने अपनी पुस्तक हिस्ट्री ओफ इण्डियन फिलोसोफी में ब्रह्म शब्द पर लिखा है कि ऋग्वेद में ब्रह्म शब्द का अर्थ भाष्यकार सायण ने भिन्न भिन्न प्रकार से किया है। ब्रह्म का अर्थ भोज्यान्त या भोज्यहवि, समोद्गाता के मंत्र, इन्द्रजाल के सिद्धांत या पाठ, यथा विधि सम्पन्न संस्कार, मंत्र एवं यथार्थ देय पदार्थ होता द्वारा पाठ तथा बृहद है।[७]

---

६ बृहदारण्यक अ. २-५-१.२-४ आदि।

७ एस. एन. दासगुप्ता, हिट्री ऑफ इण्डियन फिलोसोफी, खण्ड-१ पृ. २०

इस में अन्तर केवल इतना ही है कि वेद मंत्र में 'पुरुष' और बृहदारण्यक में ब्रह्म शब्द का प्रयोग हुआ है पुरुष शब्द का प्रयोग आत्मा एवं 'ब्रह्म' के अर्थ में उपनिषदों में प्रसिद्ध है। पुरुष सूक्त में उसी पुरुष का प्रयोग है इस परम शक्ति की लोकव्यापी सत्ता एवं लोकतंत्र सत्ता दोनों पक्षों का अत्यंत स्फुट वर्णन प्राप्त होता है।

एतावानस्य महिमातो ज्यायांश्च पूरुषः।
पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्या मृतं दिवि।।

यह सब भौतिक ब्रह्माण्ड उसी की महिमा है। ब्रह्म बह्म तो वस्तुतः इससे भी कहीं अधिक है। ये सब ब्रह्माण्ड तो उसका एक चोथाई ही है, उसकी तीन चौथाई तो इससे बाहर स्वप्रकाशरूप है।

'स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम्। इस मंत्र में ईश्वर की सर्वव्यापकता का चित्र प्रस्तुत किया गया है। इसी चित्र की प्रतिच्छाया उपनिषद में भी हमें प्राप्त होती है। -

ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।

इस आधार पर निःसंदेह कहा जा सकता है कि दर्शनों के मुख्य प्रतिपाद्य ईश्वर की परिकल्पना, उसकी व्यापकता आदि स्वरूप की स्पष्ट अवधारणा ऋग्वेद में प्राप्त होती है, ऋग्वेदीय पुरुष सूक्त एवं नासदीय सूक्त में भी दार्शनिक सिद्धांत के पर्याप्त सिद्धांत प्राप्त होते है। पुरुष सूक्तमें विराट सृष्टि की वैविध्यता का प्रादुर्भाव प्रस्तुत है, तो नासदीय सूक्त में सृष्टि के प्रादुर्भाव पूर्व की अवस्था का प्रस्तुतीकरण है। सृष्टि उत्पत्ति के पूर्व उसके उपादान

पञ्चभूत तथा उनके उत्पाद्यलोक लोकान्तर का निषेद करके असत का भी निषेध किया गया है।

नासदासीन्नो सदासीत् तदानीं, नासीदरजो नो व्योम परोयत्।
किमावरी वः कुह कस्य शर्मन्तम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्।।

प्रलायावस्था में न तो सत् था और नही असत् था पार्थिव लोक, सूक्ष्म आकाश, भोग्य और भोक्ता एवं जल आदि कोई पदार्थ नहीं थे।

इसी प्रकार खण्डों मे अद्वैत ईश्वर एवं उसकी माया शक्ति और तमस् = अज्ञान आदि के बीज अन्तर्निहित है जिसका विस्तरीकरण अद्वैतवाद और मायावाद आदि दार्शनिक रूपो में हुआ। इतना ही नहीं इसी के आधार पर सांख्य योग और वेदान्त में सत्कार्यवाद के सिद्धांत की भूमिकास्थापित हुई। द्वैत एवं अद्वैत दोनों के ही मूलाधार तत्वों के सिद्धांत ऋग्वेद में प्राप्त होते है। "द्यावापृथिवीजनयन्देव एकः"[८] इस द्युलोक और पृथ्वी को उत्पन्न करनेवाला एक मात्र परमात्मा है। इसके अतिरिक्त-

रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव तदस्य रूपं प्रतिचक्षणाय।
इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते युक्ता ह्यस्य हरयः शतादशः।।

वह परम तत्त्व ही प्रत्येक शरीर और पदार्थों में प्रतिबिम्बत है, यह सब उसी विश्वरूप के रूपान्तर है। माया के कारण वह परमतत्त्व अनेक रूपो में परिणत होता है।[९] यही विचारबिंदु उपनिषद् साहित्य में भी विस्तरित हुए है।[१०] यथा-

---

८ ऋग्वेदः

९ ऋग्वेद ४/७/३३/१८

१० कठोपनिषद्

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूप प्रतिरूपो बहिश्च।।

अन्य भी प्राप्त होता है कि[११] **तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं बिभाति** उपनिषदों के आधार एवं वेदान्त दर्शन के प्रतिबिम्बवाद या परिणामवाद के मूल में यहीवैदिक ऋचाएँ स्पष्ट रूप से सिद्ध होती है। अद्वैतवाद के सिद्धांतो की तरह ईश्वर एवं जीव का भेद भी वेद में सर्वप्रथम प्राप्त होते है। यथा-

द्वा सुपर्णासयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति।।[१२]

यजुर्वेद में भी ईश्वर के निर्गुण स्वरूप का प्रतिपादन प्राप्त होता है। 'न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः स पर्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरं शुद्धमपापविद्धम्'। यह ईश्वर के निर्गुण स्वरूप का ठोस उदाहरण है। ईश्वर के विरुद्ध व्यापार का वर्णन ईशोपनिषद में भी देखा जाता है कि "तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।"

वेदों के पश्चात् ब्राह्मण ग्रंथ आते है। उस में भी देखें तो उनका प्रतिपाद्य विषय कर्मकाण्ड ही है। ब्राह्मण ग्रंथों ने जिस रहस्य का उद्घाटन किया वह कर्म सिद्धांत दर्शन ग्रंथों में अदृष्ट रूप से मिलते है। यज्ञ फलों के रूप में आत्मा के पुनर्जन्म एवं परलोक की विचारणा दर्शन ग्रंथो में यही से विकसित हुई है। ब्राह्मण ग्रंथों के यज्ञादि क्रिया का स्वरूप आरण्यक ग्रंथो में मानसिक ध्यान एवं उपासना के रूप में परिवर्तत होते दीखाई देते है। आरण्यक ग्रंथो

---

११ मुण्डकोपनिषद्

१२ ऋग्वेद - १०१६४२०

में न केवल स्थूल यज्ञानुष्ठानों की प्रतीकात्मक कल्पना की गई है अपितु कतिपय वर्णमय प्रतीक भी ध्यान के विषय बने थे। उद्गीथ का स्थान प्राण ने ग्रहण कर लिया। उद्गीथ का वर्णात्मक प्रतीक 'ओम' बताया गया। क्रमशः कर्मकाण्ड के साधन भी सूक्ष्म मानसिक ध्यान योग के प्रतीक के रूप में परिवर्तित हुए। 'ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत' यह परम्परा प्राप्त वचन की व्याख्या छान्दोग्योपनिषद में प्राप्त होती है। वहाँ प्राण, चक्षु और मन आदि को उद्गीथ बताकर "अथ खलु य उद्गीथ स प्रणवो यः प्रणवः स उद्गीथ" से ओम का प्रणव अभिधेय ही सिद्ध किया है।[१३] बाद में कठोपनिषद् में भी ओम् का महत्त्व प्रतिष्ठित किया है-[१४]

सर्वेवेदा यत्पदमामनन्ति तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत्।।

योग दर्शन में ईश्वर प्रणिधान को बताते हुए उस ईश्वर का वाचक– 'तस्य वाचक प्रणवः' कहा गया है।[१५] मुण्डकोपनिषद में भी "प्रणवो धनुशरो हि आत्मा" से ब्रह्म प्राप्ति के लिए मनोयोग का साधन बनाकर "ओमित्येव ध्यायादथ" का निर्देशन किया है।[१६]

सृष्टि उत्पत्ति के विषय में भी विविध प्रकार के वर्णन उपनिषदों में प्राप्त होते है। मुण्डकोपनिषद् में बह्वीः प्रजाः पुरुषात्सम्प्रसूताः' कह कर उत्पत्ति की ओर निर्देश किया है। ऐतरेय में भी आत्मा की विराटरूप कल्पना करके

---

१३ छान्दोग्योपनिषद् १-१-५

१४ कठोपनिषद् १-२-१५

१५ पातंजलयोगसूत्रम् १-१ तज्जयस्तदर्थ भावनम्।

१६ मुण्डकोपनिषद् २-२-४-६

उसके अंग-प्रत्यंगो से भिन्न भिन्न पदार्थों के सृजन की चर्चा की गई है।[१७] छान्दोग्योपनिषद्[१८] के दृष्टांत के आधार पर यह निष्कर्ष पा सकते है कि चिदचिद्विशिष्ट ब्रह्म से ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई है। कठोपनिषद में सपिण्डित अंशो से तीन प्रकार के जीवों की नीज सृष्टि-अण्डज, जीवज और उद्भिज का उल्लेख है। इस त्रिवृत्करण के आधार पर वेदान्त की पंचीकरण की प्रक्रिया प्रतिष्ठित हुई है। अतः प्रतीत होता है कि वैदिक वाङ्मय में भारतीय दर्शन तत्त्वों की पर्याप्त विभावना उपलब्ध होती है। वैदिक वाङ्मय में ये सभी तत्व इस प्रकार अन्तर्निहित है जिस प्रकार मनुष्य हृदय में अनुभूति निहित है। इसे साबित करने के लिए प्रमाण की आवश्यकता नहीं है, जैसा कि

दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्तचिन्मात्रमूरतये।
स्वानुभूत्येकमानाय नमः शान्ताय तेजसे।।

भारतीय दर्शन द्रुम का अंकुरण तो हुआ वेदों में एवं उपनिषदों की उर्वर धरा पर यह कौस्तुभ कि सलयों से लद गया । सूत्र काल में यह धर्म अनेक शाखाओं में विभक्त हो गया। स्थूल रूप से इन शाखाओं को दो भागों में बाँटा जा सकता है - वैदिक दर्शन एवं अवैदिक दर्शन जो दुःखत्रय के अहर्निश अपघात के मूलोच्छेद हेतु संकल्पित है। अध्यात्म ही इसका प्राणतत्व है और आत्म साक्षात्कार ही चरम लक्ष्य- "आत्मा वा अरे दृष्टव्यः'' आनंद बोध की उपलब्धि ही भारतीय दर्शन का अर्थ है।

[१७] ऐतरेय १-२

[१८] छान्दोग्योपनिषद् ६-१-१७

भारतीय दार्शनिक विचारों के परिप्रेक्ष्य में आनंदसागर में सृष्टिप्रक्रिया की प्रायोजना

डॉ. ललित पटेल
असोसिएट प्रोफेसर,
श्री सोमनाथ संस्कृत विश्व विद्यालय, वेरावल।

सारांश -

भारतीय संस्कृत साहित्य में वैदिक साहित्य से शुरु करके अद्यावपि सृष्टिप्रक्रिया विषयक चिंतन किया गया है। वेदों के नासदीय जैसे दार्शनिक सूक्तों में, पुराणों में, भारतीय दर्शनशास्त्रों में एवं नानाविध सांप्रदायिक ग्रन्थों में सृष्टिप्रक्रिया का निरूपण पाया जाता है। विविध भारतीय दार्शनिक विचारों के परिप्रेक्ष्य में पंडित श्रीकृष्णमणि प्रणीत आनंदसागर नामक ग्रन्थ में जो सृष्टिप्रक्रिया का निरूपण किया गया है, उसकी प्रायोजना यहाँ प्रस्तुत की गई है।

वेदों के सृष्टि विषयक विचार, पौराणिक सर्गप्रक्रिया एवं दर्शनशास्त्रों की संसार प्रक्रिया का विचार करते हुए आनंदसागर के सृष्टि प्रपंच की प्रायोजना समझने का यहाँ प्रयोजन है। सृष्टिप्रक्रिया की इस प्रायोजना को समझने के लिए समीक्षात्मक, विश्लेषणात्मक एवं तुलनात्मक पद्धति का आश्रय किया गया है।

वेदों में सृष्टिप्रपंच

ऋग्वेद के दशवें मंडल के कुछ सूक्त ऐसे हैं कि जिसमें सृष्टि की उत्पत्ति विषयक ब्योरा देखने को मिलता है जिसमें **पुरुषसूक्त** (१०-९०) में आदि

पुरुष के शरीर में से देवताओं द्वारा सृष्टि का निर्माण दर्शाया गयाहै। सृष्टि रचना की प्रक्रिया को यज्ञ का रूप दिया गया है। कुछ परिवर्तन के साथ यह सूक्त शुक्ल यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद में भी मिलता है। पुरुष का वर्णन करते हुए, उसको सहस्र मस्तक वाला, सहस्र आंखोवाला एवं असंख्य पाँववाला कहा गया है। वह संपूर्ण भूमंडल में व्याप्त हुए दश अंगुलि ज्यादा रहा हुआ है।[१] यह पुरुष सर्वव्यापी ईश्वर है। वह जीवों के सभी कलापों का निरीक्षण करता हुआ उनकों कर्मफल प्रदान भी करता है। यह विराट पुरुष का एक चौथाई हिस्सा माया से उपहित बनकर जन्म-मृत्यु के बन्धन में पडता है जब कि तीन चौथाई हिस्सा आत्यंतिक उत्कृष्ट अवशिष्ट एवं विनाश रहित है, जो द्युलोंक में स्थित है। एक चौथाई हिस्सा जड एवं चैतन्य के रूप में व्यवस्थित है।[२]

सृष्टि की उत्पत्ति के लिये देवताओं, ऋषिओं एवं साध्यों ने मानस यज्ञ किया। जिसमें पुरुष को बलि के रूप में कल्पित किया। इस यज्ञ में घृत इन्धन एवं हवि के रूप में क्रमश वसन्त, ग्रीष्म व शरद ऋतु बनी।[३] उसमें सत्त्व, रजस् व तमस् को क्रमशः आज्य, इन्धन और हवि के रूप में कल्पित किये। इस यज्ञ में विराट की उत्पत्ति हुई। पशु, पक्षी आदि उस में से उत्पन्न हुए। पुरुष के मुख में से ब्राह्मण, एवं बाहु में से क्षत्रिय, दोनों उरुओं में से वैश्य और दोनों पैरों में से शूद्र उत्पन्न हुए।[४] उस पुरुष के नेत्रों में से सूर्य,

---

१ ऋग्वेद - १०/९०/१

२ ऋग्वेद - १०/९०/३-४

३ ऋग्वेद - १०/९०/६-७

४ ऋग्वेद - १०/९०/१२

मन में से चन्द्र, मुख में से इन्द्र और अग्नि, व प्राण में से वायु उत्पन्न हुए।[५] देवों के निवास के लिए उसके मस्तिष्क में से द्युलोक, नाभि में से अन्तरिक्ष और पैरों में से पृत्वीलोक की उत्पत्ति हुई, ऋक्, यजुष्, सामन् और छन्द्रस् की उत्पत्ति भी उसमें से हुई।

ऋग्वेद के दशवें मंडल का १२वाँ सूक्त **हिरण्यगर्भसूक्त** है। 'कस्मै देवाय हविषा विधेम' ऐसे ध्रुव मन्त्रांश साथ यह सूक्त रचा गया है। युगान्तकाल में सम्पूर्ण सृष्टि को महान जलराशि आवृत्त कर लेती है। उसमें से देवताओं के स्वरूप और बीजभूत स्वरूप में रहे हुए हिरण्यगर्भ (प्रजापति) सृष्टिप्रपंच के लिये अविर्भूत होते हैं। प्रजापति ने अपनी महिमा से सर्वत्र व्याप्त जल को प्रजापति के गर्भ के रूप में धारण कर सके ऐसा बना दिया। सृष्टि की जलराशि को पैदा करने वाल प्रजापति हैं। वे जड और चेतन सबके उत्पादक हैं। प्रजापति सृष्टि को धारण करते हुए उसमें व्याप्त हैं।[६] वर्तमान जगत एवं भूत जगत प्रजापति ने ही व्याप्त किये हैं। उसके आधार पर सूर्य का उदय होता है। वह द्विपद एवं चतुष्पद जीवों का शासक है।[७] प्राणीओं का जन्म व मृत्यु उसके अधिकार में है। उसके प्रभाव से द्युलोक एवं पृथ्वीलोक के स्वामी कंपित होते हैं। विभिन्न दिशाओं और उपदिशाओं पर भी उसका ही आधिपत्य है। वैदिक ऋषि अपनी इच्छापूर्ति के लिए उसको हविष् प्रदान करते हैं।

---

[५] ऋग्वेद - १०/९०/१३

[६] ऋग्वेद - १०/९०/९

[७] ऋग्वेद - १०/१२१/९

ऋग्वेद के दशवें मंडल का १२९वाँ सूक्त **नासदीयसूक्त** है। सृष्टि के रहस्य को समझने के लिए यह सूक्त अहम् है। सृष्टि उत्पत्ति विषयक विविध वादों के बीज भी इस सूक्त में रहे हुए हैं। उसमें कहा गया है किसृष्टि के प्रारंभ में अन्धकार ही था। उस समय में नहीं सत् था, नहीं असत् था, नहीं अन्तरिक्ष था, नहीं व्योम था। किसने उसको आवृत्त कर रखा था?गहन और गंभीर भी वोही था?[11] वहाँ मृत्यु नहीं थी या अमरत्व नहीं था। दिन नहीं था या रात्रि भी नहीं थी। एवं दिन-रात का भेद करनेवाला प्रकाश भी नहीं था। वहाँ एक ही तत्त्व था जो बिना वायु अपनी शक्ति से श्वास लेता था। उसके सिवा वहाँ अन्य कुछ भी नहीं था। तब उसकी महिमा से एकतत्त्व प्रकट हुआ।[८] वह एक मेंसे काम उत्पन्न हुआ। वह सृष्टि का प्रथम बीज था। प्राचीन मनीषीओं ने अपने अन्तःकरण में सोचते हुए असत् में से सत् की उत्पत्ति का आविष्कार किया।[९] क्या सच में कोई जानता है कि वह कौन था? कौन कह सकता है कि सृष्टि कहाँ से हुई कौन जानता है कि कौन कब कहाँ से हुआ? ये सब वो ही जानता है जो परम व्योम में व्याप्त है। या हो सकता है कि वो भी नहीं जानता हो।[१०] ऋग्वेद के ऋषिओं की अलौकिक दार्शनिक विचारधारा का परिचय इन सूक्तों में मिल पाता है।

---

[८] ऋग्वेद - १०/१२१/३, a. सदसदवाद, रजोवाद, व्योमवाद, अपरवाद, आवरणवाद, अम्भोवाद, अमृतवाद, अहोरात्रवाद, देववाद, संशयवाद वगेरे.V.S. Agraval, Sparks From the Vedic Fire'- P. 61-67 तथा वेदरश्मि पारडी - १९६४ - पृ. ६७-७९

[९] ऋग्वेद - १०/१२९/१

[१०] ऋग्वेद - १०/१२९/२

पौराणिक सृष्टिप्रपंच

पुराण के पांच लक्षणों में 'सर्ग' एक प्रमुख लक्षण है। पौराणिक सृष्टि प्रक्रिया सांख्यदर्शन पर आश्रित है। इस विषयमें सांख्यदर्शन का विशेष प्रभाव पुराणों पर पडा है। हालाकि पौराणिक सृष्टि विद्या में पुराणों का अपना-अपना वैशिष्य भी है। वैदिक सृष्टि तत्त्व का प्रभाव यहाँ देखा जाता है। पुराणकालीन सांख्यदर्शन निरीश्वरीय नहीं है, पर सेश्वर है। यहाँ सांख्य एवं वेदान्त का सामंजस्य है। प्रकृति और पुरुष दो तत्त्व भिन्न नहीं है। किन्तु दोनों ब्रह्म द्वारा प्रेरित होते हुए अपने कार्यसम्पादन में समर्थ बनते हैं।यह ब्रह्म का तादात्म्य वैष्णव विष्णु से, शैव शिव से और शाक्त शक्ति से करते हुए प्रत्येक अपने मत को अभीष्ट परमात्मा के साथ उसकी अभिन्नता सिद्ध करते हैं।[११] विष्णुपुराण अनुसार विष्णु के परम उपाधि रहित स्वरूप से प्रधान और पुरुष दो रूप हैं। तृतीय रूप कालात्मक है। कालात्मक रूप द्वारा प्रधान और पुरुष ये दोनों सृष्टिसर्जन के समय पर संयुक्त होते हैं और प्रलय दशा में दोनों वियुक्त बनते हैं। इसतरह, भगवान विष्णु कालशक्ति द्वारा सृष्टि व प्रलय करते हैं।

विष्णोः स्वरूपात् परतो हि ते द्वे रूपे प्रधानं पुरुषश्च विप्र।
तस्यैव तेऽन्येन धृते वियुक्ते रूपान्तरं यद् द्विज कालसंज्ञम्।।[१२]

पहले यह समग्र विश्व भगवान की मायासे ब्रह्मरूप में स्थित था। यह अव्यक्त काल द्वारा भगवानने फिर से अलग रूप में प्रकट किया। विश्व के इस सृष्टितत्त्व का ब्यौरा विष्णुपुराण (१/२-५) वायुपुराण (३ से ६ अध्याय),

---

[११] ऋग्वेद - १०/१२९/३

[१२] ऋग्वेद - १०/१२९/४

नारदीय पुराण (१०-४२) मार्कण्डेयपुराण (४७-४८), भविष्यपुराण (२/५-६, ३/५-१०) आदि में है। पुराणों में यह सृष्टि के प्रमुख तीन सर्ग हैं (१) प्राकृत सर्ग (२) वैकृत सर्ग और (३) प्राकृत-वैकृत सर्ग। प्राकृत सर्ग अबुद्धि से होता है यानि कि उसकी सृष्टि नैसर्गिक स्वरूप में होती है। उसके लिये ब्रह्माने अपनी वृद्धि कार्यरूप में लाने की जरुरत नहीं है। वैकृतसर्ग बुद्धिपूर्वक होता है।

प्राकृताश्च त्रये पूर्वे सर्गास्तेऽबुद्धिपूर्वकाः।
बुद्धिपूर्वं प्रवर्तन्ते मुख्याद्याः पञ्च वैकृताः।[17]

प्राकृतसर्ग तीन हैं (१) ब्रह्मसर्ग (२) भूतसर्ग ९३) वैकारिकसर्ग। वैकारिकसर्ग पांच हैं (१) मुख्य सर्गः (२) तिर्थक् सर्गः (३) देवसर्गः (४) मानुससर्गः (५) अनुग्रहसर्गः। और प्राकृत वैकृत सर्ग कौमारसर्ग है। इस तरह समग्रतया नव सर्ग पुराणों में है। किन्तु श्रीमद् भागवत में दश सर्ग दर्शाये गये हैं (३/१०/१८)। पुराणों की सृष्टि प्रक्रिया का अवलोकन करने से देखा जा सकता है कि पुराणों की दृष्टि समन्वयवादी है। प्रधान सृष्टि तो ब्रह्माजी का कार्य है। उनको प्रेरणा विष्णु द्वारा मिलती है। विष्णु के नाभिकमल में ब्रह्माजी का निवास है। सो साल की तपस्या के फलस्वरूप उनको सृष्टिकार्य की योग्यता प्राप्त होती है। शिव-पुराणों में शिव की प्रेरणा से यह कार्य दर्शाया गया है। इसमें रुद्र का कार्य भी अनिवार्य माना गया है। नारी स्वरूप होने से अपने नर-नारी ऐसे प्रभाग करते हुए मानवसृष्टि सर्जित करते हैं।[१३] सांख्य का आधार लेने के बाद भी पौराणिक सृष्टि अपनी मौलिकता से सुशोभित है।

---

[१३] ऋग्वेद - १०/१२९/६-७

दर्शनशास्त्रों में सृष्टिप्रपंच

दर्शनशास्त्रों ने भिन्न भिन्न दृष्टिकोण से संसार-जडवर्ग की सत्ता का स्वीकार किया है। चार्वाक के अनुसार जड पदार्थ ही संसार का मूल कारण है। पृथ्वी, जल, अग्नि एवं वायु के परमाणु ही संसार को निर्मित करते हैं। बौद्धों चार्वाक की तरह ही आकाश को तत्त्व नहीं मानते हैं किन्तु चार्वाक संमत परमाणु में अवयव मानते हैं। यह अवयव का प्रवाह संसार का निर्माण करता है। जैन लौगो को आकाश तत्त्व मान्य है। वे एक तरह परमाणुओं को ही सृष्टि के मूल कारण के रूप में स्वीकारते हैं। न्याय-वैशेषिक दर्शनों में सूर्यकिरणों में उडनेवाले धूलिकणों के अवयवों को परमाणु कहते हैं। परमाणु के संयोग से द्वयणुक बनता है। तीन द्वयाणुकों के मिलने से त्र्यणुक बनता है जो सूर्यकिरणों में धूलि के स्वरूप में दिखते हैं। इस क्रम से सृष्टि का निर्माण होता है। यह परमाणु नित्य है। वैयाकरण एवं मीमांसक परमाणु को अनित्य मानते हैं। वे केवल शब्द की नित्यता का स्वीकार करते हुए केवल शब्द की नित्यता स्वीकार करते हुए शब्द को ही सृष्टि का मूल कारण मानते हैं।[१४]

वेदान्तीओं ईश्वर, वेद का श्रुतरूप एवं सृष्टिचक्र को स्वीकारते हैं। सब वेदान्तीओं की पद्धति सांख्यमत जैसी है फिर भी कुछ विगतों में भेद है। सृष्टिचक्र अनुसार समग्र जड पदार्थों आकाश नामक मूल सत्ता से पैदा होते हैं। गुरुत्वाकर्षण, आकर्षण या विकर्षण जैसी सभी शक्तियाँ आदिशक्ति के प्राण से आविभूत हुई है। आकाश में प्राण का प्रभाव पडने से विश्व का सर्जन होता है। सृष्टि के प्रारंभ में आकाश, स्थिर एवं अव्यक्त था। जैसे-

---

[१४] पुराणविमर्श, आचार्य बलदेव उपाध्याय, परिच्छेद - ७. पृ. २७५

जैसे प्राण उसमें क्रियाशील हुआ, वैसे-वैसे स्थूल पदार्थ वृक्ष, पशु, पक्षी, मनुष्य आदि उत्पन्न हुए। समय व्यतीत होने के बाद सृष्टिविकास पूर्ण होते हुए प्रलय का प्रारम्भ हुआ। सभी पदार्थ सूक्ष्मतम होते हुए मूल आकाश और प्राण में परिवर्तित होते फिर नया सृष्टिचक्र चलता है। आकाश और प्राण उपर की सत्ता महत् है। महत् आकाश और प्राण का स्वरूप ग्रहण करता है।

सांख्य अनुसार मन की प्रतिक्रियात्मक शक्ति का नाम बुद्धि है। वह महत् से जन्म लेती है महत् से पर अव्यक्त है। इस अवस्था में मन नहीं होता। केवल उसका कारण होता है। सत् की इस अवस्था को प्रकृति कहा जाता है। प्रकृति से पुरुष भिन्न है। वह सांख्य अनुसार आत्मा है। वह निर्गुण, स्वव्यापी एवं दृष्टा है कर्ता नहीं। वेदान्तीओं पुरुष-प्रकृति को भिन्न नहीं समझते हैं। सांख्य के पुरुष की तरह वेदान्त में ईश्वर की कल्पना है। सांख्य और वेदान्त शाश्वत पुरुष में मानते हैं। भेद यह है कि सांख्य पुरुष बहुत्व में मानता नहीं। वेदान्त अनुसार आत्मा एक है। किन्तु अनेक जैसा प्रतिभासित होता है।

द्वैतवादीओं आत्मा या ईश्वर को संसार का कारण नहीं, किन्तु उपादान कारण मानते हैं। वे ईश्वर, आत्मा एवं प्रकृति ये तीनों की सत्ता का स्वीकार करते हैं। अद्वैतवादीओं के अनुसार समग्र विश्व एक है। एक ही सत् विविध रूपों में प्रतिभासित होता है। उनके मतानुसार माया जगत् का कारण है। ईशावास्योपनिषद् भी विद्या एवं अविद्या का उल्लेख करता है। किन्तु यहाँ माया और अविद्या पर्याय नहीं है।

श्रीकृष्णमणिशर्मसूरी प्रणीत आनंदसागर में सृष्टिप्रपंचः-

मूर्धन्य विद्वान् पंडित श्री कृष्णमणिशर्मसूरी रचित आनंदसागर नामक ग्रन्थ श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म के सिद्धांतों का निरूपण बहुत ही सरलता से करता है। आठ तरंगों में विभाजित इस ग्रन्थमें सृष्टि पूर्व की बात करते हुए, सृष्टिप्रपंच का निरूपण वेद, पुराण एवं दर्शनों के तहत दार्शनिक विचारों के साथ किया गया है। पर ब्रह्म परमात्मा दिव्य परमधाम में लीलाएँ करता है और इस जगत में आकर व्रज, रास आदि, लीलायें किस तरह करता है, उसका वर्णन है। यह वर्णन वेद, पुराण और सांख्य-वेदांत जैसे दर्शनों से प्रभावित है। फिर भी भेद है। इस ग्रन्थ में की गई सृष्टिप्रक्रिया की प्रायोजना कैसी है, उसका विचार यहाँ प्रस्तुत किया गया है।

सृष्टि का महाकारण

सृष्टि का मुख्य कारण पूर्णब्रह्म परमात्मा श्री कृष्ण है। वे अक्षरब्रह्म से पर हैं।[१५] अक्षरब्रह्म यह प्रेमविहारी परमात्मा का अंगभूत है जो प्रकृति से पर और अव्यक्त है। बालक्रीडा की तरह उनकी लीलामात्र से अनंतकोटि ब्रह्माण्डों उत्पन्न हुए हैं।[१६] तब सत्, असत्, मूल प्रकृति, महत्, अहंकार एवं सत्व, रजस् व तमस् नहीं थे।[१७] आकाश, वायु, जल तथा भूमि भी नहीं थे। ब्रह्मांड तथा जरायुज आदि जीव भी नहीं थे।[१८] तब अक्षरातीत यह पूर्णब्रह्म परमात्मा की पास अक्षरब्रह्म आते-जाते थे। एक बार दर्शन पर

---

[१५] विष्णुपुराणम् - १/२/२४

[१६] शिवपुराणम् - १/१२/१८

[१७] पुराणविमर्श, आचार्य बलदेव उपाध्याय, परिच्छेद - ७/ पृ. २७५.

[१८] सर्वदर्शनसंग्रहः, पृ.३४

गये हुए अक्षरब्रह्म को सखीगण से युक्त ऐसे किशोर स्वरूप वाले परमात्मा के दर्शन हुए।[१९] अक्षरब्रह्मने परमात्मा के वैभव देखने की इच्छा से तपका प्रारंभकिया। तप से दयालु परमात्माने प्रसन्न होते हुए, अक्षरब्रह्म के मनोरथ पूर्णकरने की और लक्ष दिया। क्योंकि परमात्मा के लक्ष में लेने मात्र से सभी मनोरथ सिद्ध होते हैं। **यस्य स्वार्थ सिद्धतत्क्षणात्।**[२०] परमात्मा की प्रेरणा से उनके गणने लीला को देखने की लिये व्याकुलचित्त वाले अक्षरब्रह्म को देखा।[२१] कभी नहीं देखे ऐसे पुरुष को एवं नहीं देखे एसे उनको (परमात्मा को) देखते हुए विस्मित सखीओं ने उसके बारे में प्रियतम को पूछा- है स्वामी, हे प्राणपति, इससे हम आपको पूछते हैं कि यह सुन्द्रर पुरुष कौन है? वह कहाँ रहता हैं? एवं क्या करता है?ये हमें कहें।[२२] इसके प्रत्युत्तर में परमात्मा ने कहा- यमुना तटपर निवास करने वाले ये अक्षरपुरुष हैं। जो एक निमेष जितने काल में असंख्य विश्वों को बालक्रीडा की तरह उत्पन्न करते हैं।[२३] तब परमात्मा की इन सखीयों ने दुःखात्मक जगत देखने की इच्छा प्रकट की।

विश्वेऽस्मिन् कीदृशं दुःखं जाऽयासत्वे तथा कथम् ।
न जानीमो वयं स्वामिन्नतो दर्शय दुःखताम् ।।[२४]

---

[१९] आनन्दसागरः, १/१

[२०] आनन्दसागरः, १/१

[२१] वही, १/३

[२२] वही, १/४

[२३] वही, १/५

[२४] वही, १/१०

परमात्माने उनको समझाया कि यह जगत जरा-मरण आदि से दुःखरूप है। अहंकार से युक्त ऐसे जगत में आपका जाना ठीक नहीं है। आप अपने मूलस्वरूप को भूल कर वेह बुद्धि के ज्ञान वाली बन जाओगी। पुत्र, कलत्र आदि के ममत्व से चित्त व्याकुल हो जायेगा। और प्राण से भी प्रिय ऐसे मुजे भी भूल जाओगे।[२५] मुझे भूल कर तुम मेरी पत्थर की कृत्रिम मूर्तिओं की पूजा करोंगे। वही साक्षात् ईश्वर है ऐसा तुम परस्पर करोगे। इस तरह कर्मकांड में प्रवृत्त रहते हुए तुम जन्म-मरण के बन्धन में भटकते रहोगे।

नानापाखण्डधर्मेषु यथा संसारिणो जनाः।
गुरुकर्मपरा यूयं भ्रमिष्यथ यतस्ततः।।[२६]

सद्गुरु बनकर मैं उपदेश दूँगा फिर भी तुम उसे इस कर नगण्य करोगे। असत् रूप जगत का यह दृश्यतुमको पहले पहले अमृत जैसा मधुर लगेगा। परिणामतः विष से भी ज्यादा भयावह लगेगा।[२७] परमात्मा के नहीं बोलने पर भी सखीगण ने तीन बार यह खेल देखने की इच्छा प्रकट की। इस तरह, अक्षर और सखीगण दोनों के मनोरथ पूर्ण करने के लिये अक्षरातीत परमात्मा ने निर्णय किया।[२८]



[२५] वही, १/११
[२६] वही, १/२०
[२७] वही, १/१७-२
[२८] वही, १/२०

सृष्टि का प्रपंच

अक्षरब्रह्म और सखीओंके खेल देखने की इच्छा अथातो ब्रह्मजिज्ञासा की तरह अथातो सृष्टिजिज्ञासा है। इन दोनों के मनोरथों को पूर्ण करने का परमात्माने विचार किया कि तुरन्त ही अक्षरब्रह्म के हृदय में से सुमंगला नामक शक्ति उत्पन्न हुई जिसने परमात्मा श्री कृष्ण की प्रेरणा से मोहरूपी निद्रा को उत्पन्न किया।

तावत्कूटस्थहृदयात्प्रादुर्भूता सुमङ्गला।
श्रीकृष्णप्रेरिता सा तु निद्रामजनि मोहिनीम्।।[२९]

यह मोहरूपी निद्रा की दो शक्तियाँ है- विक्षेप एवं आवरण। जिसमें विक्षेपशक्ति से मन में भ्रम उत्पन्न होता है और आवरणशक्ति से ज्ञान आवृत्त हो जाता है।[३०] आवरण शक्ति द्वारा ज्ञान के बिना हो जाने के बाद विक्षेपशक्ति द्वारा महामोहनी उत्पन्न हुई- 'आवृत्या ज्ञानरहित महामोहस्तदाडभवत।'[३१] वेदों में कहा गया है कि विद्या और अविद्या नामक दो शक्तियाँ अक्षरब्रह्म में छुपकर बैठी हुई है। अतः चिन्मय ज्ञानधन और पूर्ण ऐसे अक्षरब्रह्म में अज्ञान उत्पन्न हुआ। इस लिये यहाँ किसी को शंका नहीं करनी चाहिए।[३२] क्योंकि सभी प्रमाणों में शब्दप्रमाण प्रमुख होने से अक्षरब्रह्म को मोह होना संभवित है।[३३] ब्रह्मणि अज्ञो (ब्रह्मव्यज्ञो) 'नास्तित्क

---

[२९] वही, १/२६
[३०] वही, १/२९
[३१] वही, १/३३
[३२] वही, १/३५
[३३] वही, २/१

उच्यते'।[३४] इस तरह अक्षरब्रह्म का मन अहंकार बनकर मोहरूपी जलमें तैरने लगा। जोहिरण्यगर्भ की तहत जाना गया जो सृष्टि के आदि में होने से स्वर्गलोक रहित पृथ्वी को धारण करनेवाले प्राणीमात्र के स्वामी ईश्वर कहलाते है।[३५] हजारों साल बीत जाने के बाद मोहरूपी जल में सोये हुए अंड को ईश्वर ने जागृत किया।[३६] जिसमें से जागृत हुए, पुरुष नारायण कहे गये। अक्षरपुरुष 'ना' कहलाये 'ना' में से उत्पन्न हुआ मोहनिद्रारूपी जल 'नार' कहलाते हैं। इस नार में जिनका अयनस्थान है वे पुरुष नारायण कहलाते हैं।[३७] **'आपो नाराः'** ऐसा मनु भी कहते हैं। ये नारायण ही सृष्टि के आद्यद-एवं प्रणव हैं। उन्होंने ऐसी इच्छा व्यक्त की कि मैं अकेला हूँ इस लिए अनेकरूप से बनु'**अहमेवास्मि नान्यऽस्ति बहुस्वामीत्यमन्यता**।[३८]



[३४] वही, २/१
[३५] वही, २/३
[३६] वही, २/४
[३७] वही, २/१२
[३८] वही, २/१३

अक्षरब्रह्म का मन अंडाकार बन कर

↓

हिरण्यगर्भ

↓

ईश्वर

↓

नारायण

↓

अनेक होने की इच्छा

नारायण की अनेक होनेकी इच्छा में से अहंकार का जन्म हुआ। राजस्, तामस् एवं सात्त्विक ऐसा तीन प्रकार का हुआ है। उसमें राजस् अहंकार में से ज्ञानेन्द्रियाँ एवं कर्मेन्द्रियाँ उत्पन्न हुई। क्षोत्र, त्वचा, रसना, चक्षु एवं प्राण ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ है। वाणी, दो हाथ, वो पाँव, गुदा एवं उपस्थ ये पाँच कर्मेन्द्रियाँ है।[३९] दश इन्द्रियों का हरेक का आयाम, अधिभूत और अधिदेव ऐसे तीन प्रकार के भेद गीना जा सकते है। उसमें क्षोत्रादि इन्द्रियाँ अद्यात्म कहलाते हैं। दोनों से अभिन्न रहते हुए अधिष्ठाता देव रहे वे अधिदेव कहलाते है।[४०]

अद्यात्म		**अधिभूत**		**अधिदैव**
क्षोत्र	→	शब्द	→	दिशा

[३९] वही, २/१६

[४०] वही, २/१७

त्वचा	→	स्पर्श	→	वायु
चक्षु	→	रूप	→	सूर्य
रसना	→	रस	→	वरुण
घ्राण	→	गन्ध	→	भूमि
वाक्	→	वक्तव्य	→	अग्नि
पाणी	→	उपादेश	→	इन्द्र
पाद	→	गन्तव्य	→	उपेन्द्र (विष्णु)
पायु	→	मलोत्सर्ग	→	यम
उपस्थ	→	आनन्द	→	प्रजापति

तामस् अन्धकार मेंसे पाँच तन्मात्रा (शब्द, स्पर्श, रूप, रस एवं गन्ध) सहित पांच तत्त्व (आकाश, वायु, तेज, जल और पृत्वी) पेदा हुए हैं।[४१] सात्त्विक अहंकार में से मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार ये चार अन्तःकरण प्रकट हुए।[४२] इस तरह दश इन्द्रियाँ एवं चार अन्तःकरण मिलकर कुल चतुर्दश कहलाते हैं। उसमें संकल्प-विकल्प करना मनका स्वरूप है। (संकल्पकं मनोरूपम्), निश्चय करना, यह बुद्धि का स्वरूप है। (बुद्धिरूपं तु निश्चयम्), चिंतन करना यह चित्त का काम है। (चित्तस्यापि अनुसंधानम्) और अहंबुद्धि करना यह अहंकार स्वरूप है। (अभिमानोंडस्त्यहंकृतः)। मन

[४१] वही, २/१९

[४२] वही, २/२१

के देव चन्द्र हैं, बुद्धि के बृहस्पति, चित्त के वासुदेव एवं अहंकार के देव रुद्र है।[४३] क्षोत्रादि पांच ज्ञानेन्द्रियाँ, वाक् आदि पांच कर्मेन्द्रियाँ एवं मन आदि चार अन्तःकरण ये चतुर्दश के देव सात्त्विक अहंकार में से प्रकट हुए।[४४]



चित्त-वासुदेवउसके बाद पंचीकरण प्राप्त महाभूत स्थूलरूप का सर्जन करते हैं।[४५] पंचीकरण अर्थात् प्रत्येक तत्त्वके दो प्रभागकरके, एक प्रभाग को अकबंध रखते हुए, शेष प्रभाग के द्वारा समान प्रभाग करके, उसमें से एक एक प्रभाग निकाल कर पांचों तत्त्वों के अर्ध भाग के साथ मिलाना। जैसे कि-१/२ पृत्वी +१/८ आकाश + वायु+१/८ जल १/८ तेज=१ इस तरह, अक्षरब्रह्म की इच्छानुसार नारायण द्वारा समष्टिरूप ब्रह्माण्ड हुआ वो ही विराट कहलाता है।

---

[४३] वही, २/२२

[४४] वही, २/२३-२४

[४५] वही, २/२५-२७

इत्थं समष्टिब्रह्माण्डं जातं नारायणाभिधात् ।
अक्षरेच्छानुसारेण विराडित्यभिधीयते ।।[४६]

विराट की रचना करके नरायण ने ज्ञानांश के अधिकरूप से उसमें प्रवृत्त किया। शुद्ध सत्त्वप्रदान माया के प्रसंग को लेकर वे ईश्वर कहलाये। वही आदि पुरुष ने अविद्या का आश्रय लेकर अल्पज्ञ जीव रूप में विभिन्न शरीर में प्रवेश किया।[४७] ये ईश्वर करुणोपाधि तथा अन्तर्यामी होने से सभी जीवों को अपने-अपने कार्यो में प्रवृत्त करते हैं। कार्योपाधि जीव ईश्वर की आज्ञा को वश होते हुए अपने कर्मों में अधीन होकर, विविध योनिओं में भ्रमण करता हुआ कर्मकल का भुगतान करता है।[४८] जीव और ईश्वर दोनों सजातीय मित्रों की तरह ब्रह्माण्डरुपी वृक्ष पर रहनेवाले हैं। उनमें से एक जीवात्मा वृक्ष से कर्म में से उत्पन्न सुख-दुःख रूपीफल का भोग करता है। जब कि दूसरा परमात्मा भोग न करते हुये केवल प्रकाशमान साक्षीरूप से रहता है।

द्वौ सख्यायावेकतरौ तिष्ठन्तौ सहजावमू।
तयोरेकः कर्मफलं भुङ्क्ते भात्यपरोऽनदन् ।।[४९]

जिस तरह पंचीकृत तत्त्वों में से स्थूल शरीर का निर्माण होता है उसी तरह अपंचीकृत पांच तत्त्वों में से सूक्ष्म तथा कारण शरीर की रचना होती है एवं महाकारण खुद चेतन रहता है। इस तरह चेतन आत्मा के तीन प्रकार के

---

[४६] वही, २/२८-२९
[४७] वही, २/३०
[४८] वही, २/३५
[४९] वही, २/३६

शरीर (रूप) है। उपर्युक्त चार रुपों वाले शुद्ध चेतन तत्त्व की जाग्रत स्वप्न, सुषुप्ति, एवं तुर्या ये चार आवस्थाएँ कही गई हैं।[५०]

पंचीकरण महाभूत मे से सृष्टि

क्षोत्र आदि इन्द्रियाँ शब्द आदि अपने-अपने विषयों को ग्रहण करती हैवह अवस्था जाग्रत है।[५१] जाग्रत अवस्था में इन्द्रियों द्वारा मन के संयोग द्वारा देखा हुआ, सुना हुआ जिस तरह-प्रत्यक्ष अनुभव होता है उस तरह इन्द्रियाँ सुप्त होते, अकेले मन द्वारा जो अनुभव प्रतीत होता है वह स्वप्नावस्था है।[५२] मुझे मालूम नहीं, मैं तो आराम से सोता था उस प्रकार घोर निद्रा सुषुप्ति

---

[५०] वही, २/३७

[५१] वही, २/३८

[५२] वही, २/३९-४०

अवस्था है।[५३] तीन अवस्थाओं से भिन्न तुर्यावस्था है। उसमें जाग्रत अवस्था में रहा हुआ विश्वाभिमान करनेवाला विराट् पुरुष स्थूलरूप है। वह स्थावर एवं जंगम विश्व का कारण है। स्वप्नावस्था में रहे हुए तेजस्-अभिमान करनेवाला स्थूलजगत् के कारणरूप नारायण रूप से जो साक्षी रहे हुए है वो ही अक्षरब्रह्म हैं।[५४] स्थूल एवं सूक्ष्मरूप कारणरूप जो अनिर्वचनीयविद्या है वह सुषुप्ति अवस्था कहलाती है वह अभिमानी प्राज्ञ कहलाती है।[५५] अविद्या, ब्रह्मलोक, महामोह, अज्ञान, यज्ञप्रकृति, निद्रा, भ्रान्ति आदि अनिर्वचनीय ऐसी अविद्या के ही पर्याय शब्द हैं।[५६] तुर्यावस्था को ब्रह्माभिमानी महाकारण रहता है। वो ही अक्षरब्रह्म से प्रादुर्भूत हुई सुमंगला नामक शक्ति है। वो ही समस्त प्रपंचरूप विश्व का महाकारण है।[५७] इस तरह महाकारण, कारण, सूक्ष्म एवं स्थूल यह समष्टि व व्यष्टिरूप ब्रह्माण्ड अक्षरब्रह्म के हृदयाकाश में रहता है।

स्वप्न को देखते हुए, अक्षरपुरुष ने यह स्वप्न के जगत् को देखा स्वप्न पश्यन्नक्षरस्तुददर्श स्वाप्निकं जगत्। उसमें भू, भुव, स्वर्ग, मह, जन, तप एवं सत्य ये सात उर्ध्वलोक और अतल, वितल, तलातल, महातल, रसातल एवं पाताल ये सात अधोलोक आये हुए हैं।[५८]

---

[५३] वही, २/४१-४२

[५४] वही, २/४३

[५५] वही, २/६०-६१

[५६] वही, २/६२

[५७] वही, २/६३

[५८] वही, २/६४

यह स्वप्न जगत् में ब्रह्मा विष्णु आदि देवों, गन्धर्वों, किन्नरों, सनत्कुमारों, भृगु, वशिष्ट आदि ऋषिगण देखे गये।[५९] सूर्य, चन्द्र आदि ग्रह, वासुकी आदि नाग, इन्द्रादि लोकपालों, ऐरावत्यादि दिग्गजों, विद्युत्, वज्रपात, बादल, मरुतगण, क्षीरसागरादि सात समुद्र, सुमेरु आदि आठ पर्वत, जम्बु आदि सात द्वीप, गंगा आदि सहस्र नदियाँ, नव खण्डो की सीमा करनेवाले लोकालोक पर्वत आदि दिखाई दिये।[६०] चार वर्णों, चार आश्रम, अंडज, पिंडज, स्वदेज, उद्भिज ये सब देखे। इस तरह अक्षरब्रह्मने चोरासी लाख योनिओं के प्राणीओं का सर्जन किया।[६१] चौदलोक के बीच में जम्बू आदि सातद्वीप हैं। (जम्बू, प्लक्ष, शाल्मली, कुश, कौंच, शाक एवं पुष्कर)। जम्बूद्वीप में भारत आदि नववर्ष हैं। (भारत, इला, किंपुरुष, भद्राक्ष, केतुमालु, हरिवर्ष, हरिण्य, रम्यवर्ष एवंकुश)[६२] वहाँ भारतखण्ड में मध्य में मथुरा में परब्रह्म परमात्मा श्रीकृष्ण के चरण में दृढ पीतियुक्त अक्षरब्रह्म की लीला देखने की इच्छा की हठवाली सखीओं पर परमात्माने मायारूपी शक्ति का पडदा रखा।[६३] माया के आवरण से उनके चित्त की वृत्तियाँ- सखियाँ अक्षरब्रह्म के स्वप्नरूपी जगत् में प्रकट हुई भूलोक के बीच में भारतवर्ष के व्रजमंडल में गोपीओंके रूप में प्रकट होकर अक्षर ब्रह्म की जो वृत्ति ने पूर्णब्रह्म परमात्मा की किशोरलीला की इच्छा करते हुए तप शुरु किया था

---

[५९] वही, २/६७

[६०] वही, २/६८

[६१] वही, ३/६९

[६२] वही, ३/७०

[६३] वही, ३/१

वह वृत्ति श्री पुरुषोत्तम परमात्मा श्रीकृष्ण के आवेश के साथ नन्दपुत्र रूप में प्रकट हुई।

अक्षरपुरुष का स्वप्न
↓
सात उर्ध्वलोक और सात अधोलोक
↓
देव, ऋषिगण, सूर्य, चंद्र, नाग, लोकपाल, सात समुद्र, सात द्वीप, आठपर्वत, नवखंड, चार वर्ण, चार आश्रम, चोरासी लाख योनियाँ
↓
बीच का भूलोक है (जम्बू आदि सात द्वीप)
↓
भारत वर्ष (मध्य में) (नव वर्ष)
↓
मथुरा
↓
व्रज

समीक्षा

- ३५ श्लोक के प्रथम तरंग में वैदिक व पौराणिक रीति से सृष्टि के मूल कारण की चर्चा प्रस्तुत की गई है। सृष्टि के मूल महाकारण परम परमात्मा कृष्ण है। वहाँ अक्षरब्रह्म एवं सखीगण की जिज्ञासासृष्टि के आविर्भाव का मूल कारण है। उसको 'अथातो ब्रह्मजिज्ञासा' की बरह 'अथातों' 'सृष्टिजिज्ञासा' कह सकते हैं।
- यहाँ वेद के नासदीयसूक्त का प्रभाव देखा जा सकता है। देखिये नासदीय सूक्त का मन्त्र 'नासदीसन्नो' रुद्रासीत्तदानी नासीद्रजों को व्योमा

परीयत्' (ऋग्वेद- १०/१२९/१) ऐसा श्लोक यहाँ भी देखे'परा नाऽऽसीन्महानहकारो न सत्त्वं न रजस्तमः।।

- आनंदसागर के सृष्टिप्रपंच में सांख्य और वेदान्त ये दोनों दर्शनों का समन्वय वेददृष्टिकोण से दिखता है। सुमंगलाशक्ति में से मोहरूपी निद्रा एवं उसका आवरण तथा विक्षेपशक्ति की चर्चा, पंचतत्त्वों के एकीकरण का सिद्धांत, वेदांत प्रेरित लगता है। स्थूल, सूक्ष्म, कारण शरीर, तथा उनकी अवस्थाओं की चर्चा भी वेदान्तीओं के जैसी ही है। एक मेंसे अनेक होने की बात सांख्य के पुरुषबहुत्व के सिद्धांत के साथ साम्यता रखती है। पांच ज्ञानेन्द्रियाँ, पांच कर्मेन्द्रियाँ, अन्तःकरण, तन्मात्राओं की उत्पत्तिभी सांख्यदर्शन अनुसार ही है। जिसमें विविध देवताओं की कल्पना स्वतंत्र दिखती है।
- विराट् पुरुष अक्षरपुरुष हिरण्यगर्भ आदि के निर्देश एवं अक्षरपुरुष के स्वप्न में देखे गये सात उर्ध्वलोक, सात अधोलोक, सूर्य, चन्द्र, नाग, दिग्गजों, सात द्वीप, नववर्ष, चार वर्ण, चार आश्रम आदि का जो प्रपंच दर्शाया गया है, वह पुरुषसूक्त के विराट् पुरुष का विस्तार है एसी प्रतीति होती है।
- आनंदसागर के सृष्टिप्रपंच के दार्शनिक विचार पुरुषसूक्त, नासदीयसूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्त जैसे दार्शनिक सूक्तों की पौराणिक सर्गप्रक्रिया से एवं दर्शनशास्त्रों की संसार निर्माण से प्रभावित होने पर भी अक्षरब्रह्म की सुमंगला शक्ति का यह प्रपंच एक अलग ऐसे प्रणामी दर्शन की प्रतीति करवाता है।
- सांख्य एवं वेदान्त दर्शन के कुछ शब्द या तत्त्वों के स्वीकार करने मात्र से यह सांख्य या वेदांत दर्शन जैसा है ऐसा सिद्ध करना अयोग्य

है, क्योंकि परम परमात्मा श्री कृष्ण की अखिलाई दर्शानेवाला एक स्वतंत्र एवं अनोखा दर्शन है।

- निष्कर्ष यह है कि आनन्दसागर की सृष्टिप्रक्रिया वेद के आध्यात्मिक दार्शनिक विचारों के साथ सांख्य वेदान्त जैसे दर्शनों के सृष्टिविषयक विचारों का समन्वय करके इस युग की मांग के अनुसार पौराणिक अध्यात्मवादी दृष्टिकोण रखकर अपना स्वतंत्र सिद्धांत स्थापित करके भिन्न दर्शन प्रस्तुत करता है। जिसका महाकारण परम परमात्मा भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप ऐसे अक्षरब्रह्म को मानता है।

संदर्भग्रंथ

१. ऋक्-सूक्तमञ्जूषा- प्रो. महावीर, सत्यम् पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली- ११००५९

२. वैदिक साहित्य एवं संस्कृत- डॉ. गौतम पटेल, युनिवर्सिटी ग्रन्थनिर्माण बोर्ड, गुजरात राज्य, अहमदाबाद-६ (गुजराती में)

३. माधवाचार्यकृत सर्वदर्शनसंग्रहः, प्रो. उमाशंकरशर्मा ऋषि, चौखम्बा विद्याभवन-वाराणसी-२२९०७

४. तर्क, संग्रह, डॉ. लक्ष्मेश जोषी, पार्श्व प्रकाशन, अहमदाबाद (गुजराती में)

५. आनंदसागर- पं. श्री कृष्णुमणिशर्मसूरी प्रणीत, प्रकाशक - थी ५, नवतनपुरी धाम, जामनगर, गुजरात। (गुजराती में)

६. पुराणविमर्श, आचार्य बलदेव उपाध्याय, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी।

७. नवीनवैदिकसञ्चयनम्-डॉ. जमुनापाठक एवं डॉ. उमेश प्रसादसिंह, चौखम्बा कृष्णदास-अकादमी, वाराणसी।

८. श्रीमद्भागवतपुराणम्- गीताप्रेस गोरखपुर।

९. विष्णुपुराणम्-गीताप्रेस, गोरखपुर।

१०. शिवपुराणम्-गीताप्रेस गोरखपुर।

सांख्यदर्शन में प्रकृति-पुरुष निरूपण।

डॉ. हेमु महेश राठोड
एन. एस. पटेल आर्ट्स कॉलेज,
आणन्द, गुजरात।

प्रत्येक मनुष्य विवेकप्रधान होता है। इसी कारणवश वह प्रत्येक अवसर पर अपनी विचार-शक्ति का प्रयोग करता है। प्रत्येक मानव दृश्यादृश्य जगत्-विषयक कतिपय श्रद्धाओं, विचारो तथा कल्पनाओं का एक समुदाय है। निखिल मानवीय कार्यविधानों की आधारशिला मानवीय विचार है। श्रीमद्भगद्गीता में भी कहा है-

सत्त्वारूपा सर्वस्य श्रद्धा भवति भारत।
श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः ॥[१]

अर्थात् सभी मनुष्यों की अपनी-अपनी श्रद्धा सत्त्व के अनुरूप होती है। उसकी श्रद्धा के अनुरूप वे होते हैं। इसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य का अपनी श्रद्धानुरूप 'दर्शन' होता है। चाहे वह उसे जाने-माने या न जाने-माने। इसी तरह दर्शन हमारे जीवन के साथ अनिवार्यरूप से जुड़ा हुआ है। उसे हम अपने जीवन से पृथक् नही कर सकते। अगर हमारे जीवन में दर्शन नही रहेंगे तो हमारा जीवन मनुष्य जीवन न रह कर पशु जीवन बन जायेगा। इसीलिये तो मनुष्यजीवन का सब से बड़ा वैशिष्ट्य धर्माचरण युक्त जीवन है। मनुष्य अर्थात् धर्मधारण करनेवाला जीव, उसका विवेक-विचार। सामान्य अर्थ में उसी को ही दर्शन कहते हैं। दर्शन शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है- दृश्यते इति दर्शनम्। अर्थात् जिसके द्वारा देखा जाय वो दर्शन। दर्शन का मुख्य ध्येय है- कौन पदार्थ देखा जाय? वस्तु का तात्त्विक स्वरूप क्या है? इस की उत्पत्ति कहाँ से शुरु हुई? इस सृष्टि का कारण कौन है? ये

[१] श्रीमद्भगवद् गीता १७.३

चेतन है या जड़? इस संसार में हमारा कर्तव्य क्या है? हमारा जीवन सुचारु रूप से व्यतीत करने के लिये कौन सा मार्ग योग्य है? इत्यादि प्रश्नों का उत्तर हमारे प्राचीन मनिषिओं द्वारा रचित दर्शनशास्त्रों में दर्शित होता है। भारतीय दर्शन मुख्यत: दो प्रकार के हैं आस्तिक दर्शन और नास्तिक दर्शन। आस्तिक दर्शनशास्त्रों में षड्दर्शन अधिक प्रसिद्ध हैं।

(१) न्यायदर्शन- महर्षि गौतम (२) वैशेषिकदर्शन –कणाद
(३) सांख्यदर्शन –कपिल (४) योगदर्शन –पतञ्जलि
(५) पूर्व मीमांसा-जैमिनी (६) उत्तर मीमांसा अथवा वेदान्त बादरायण।

तथा नास्तिकदर्शनशास्त्र में-चार्वाकदर्शन, जैनदर्शन और बौधदर्शन मुख्यत: तीन हैं। सामान्य व्यवहार में आस्तिक को ईश्वर की सत्ता माननेवालों को तथा नास्तिक ईश्वर की सत्ता को निषेध करनेवालों को माना गया है। परंतु दर्शनशास्त्र में इसका अर्थ अलग है। महर्षि पाणिनि आस्तिक की व्याख्या इस प्रकार करते हैं अस्ति परलोक इति मतिर्यस्य स आस्तिक:। भारतीय दर्शनों की मुख्य विशेषता उनका व्यावहारिक उद्देश्य है।

सांख्यदर्शन

सांख्यदर्शन भारतीय दर्शनों में प्राचीनतम एवं महत्त्वपूर्ण दर्शन है। सांख्यदर्शन के प्रवर्तकाचार्य महर्षि कपिल हैं। सांख्य दर्शन को परंपरा से कपिलं सांख्यम् कहने की प्रणालिका प्रचलित है।

प्रकृति : -

सांख्यदर्शन में तत्त्वों की मीमांसा बहुत सुंदर रूप से की गई है। इस दर्शन के अनुसार २५ तत्त्व होते हैं। जिसे जानने से कोई भी व्यक्ति आनंद की प्राप्ति कर सकता है। इस २५ तत्त्वों का वर्गीकरण इस प्रकार है (१) कोई तत्त्व ऐसा है जो सबका कारण तो होता है पर स्वयं किसी का कार्य

नही होता अर्थात् प्रकृति। (२) कुछ तत्त्व कार्य ही होते हैं - अर्थात् किसी से उत्पन्न होते हैं पर स्वयं किसी अन्य को उत्पन्न नहीं करते अर्थात् विकृति। (३) कुछ तत्त्व कार्य तथा कारण दोनों होते हैं किसी तत्त्वों से उत्पन्न भी होते हैं तथा अन्य तत्त्वों के उत्पादक भी होते हैं अर्थात् प्रकृति-विकृति। (४) कोई तत्त्व कार्य तथा कारण उभयविध संबंध से विरक्त रहता है- न वह कार्य होता है न तो कारण अर्थात्-न प्रकृति न विकृति।

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्या: प्रकृतिविकृतय: सप्त।
षोडकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृति: पुरुष: ॥[२]

सांख्यदर्शन के पच्चीस तत्त्वों निम्नदर्शितरूपे है।

स्वरूप	संख्या	नाम
प्रकृति	१	प्रधान, अव्यक्त, प्रकृति
विकृति	१६	५ ज्ञानेन्द्रिय(चक्षु,घ्राण,रसना,त्वक्,श्रोत्र) ५ कर्मेन्द्रिय (वाक्,पाणि,पाद,वायु,उपस्थ) मन ५ महाभूत(पृथ्वी,जल,तेज,वायु,आकाश)
प्रकृति-विकृति	७	महत्तत्त्व), अहंकार, तन्मात्र (शब्दतन्मात्र, स्पर्शतन्मात्र, रूपतन्मात्र, रसतन्मात्र, गंधतन्मात्र)
न प्रकृति न विकृति	१	पुरुष

[२] सांख्य कारिका ३

प्रकृति- सत्त्व, रज तथा तम इन तीन गुणों का समन्वय है। अर्थात् प्रकृति में ये तीनों गुण विद्यमान हैं इसीलिये जगत् के पदार्थों में ये तीनों गुण विद्यमान रहते हैं। संसार में एक ही वस्तु से किसी को सुख, किसी को दु:ख और किसी को मोह पैदा होता है। प्रकृति सांख्य में मूल तत्त्व है और नित्य है। संसार को वह उत्पन्न करती है, परंतु वह स्वयं किसी से उत्पन्न नहीं होती। वह व्यापक किसी पर आश्रित नहीं और उसमें अवयव नहीं होता है। जगत् के पदार्थों में अवयव की सत्ता होती है और इसी से वे आपस में मिश्रण तथा संयोग पाते हैं। पृथ्वी आदि पदार्थ आपस में मिलते हैं, परंतु प्रकृति का बुद्धि आदि के साथ जो संबन्ध है वह संयोग नहीं है परंतु तादात्म्य होता है। प्रकृति स्वतंत्र होती है। प्रकृति अपने भीतर से समग्र संसार उत्पन्न करती है और प्रलय दशा में फिर उसे अपने भीतर निविष्ट कर लेती है।

भेदानां परिमाणात् समन्वयात् शक्तित: प्रवृत्तेश्च।
कारणकार्यविभागादविभागाद् वैश्वरूपश्च।।

कारणमस्त्यव्यक्तं प्रवर्तते त्रिगुणत: समुदयाच्च।
परिणामत: सलिलवत् प्रतिप्रतिगुणाश्रयविशेषात्॥[३]

प्रकृति जड़ात्मक होती है। सांख्यदर्शन के अनुसार जगत् के दो ही तत्त्व मौलिक होते हैं एक जड़रूप और दूसरा चेतनरूप। जड़ तत्त्व ही प्रकृति है और चेतन तत्त्व पुरुष। इसी प्रकार अपरिमित, स्वतन्त्र, सर्वव्यापक मूल कारण मानना पूर्वोक्त वर्णन के आधार पर नितान्त युक्तियुक्त है। उसे ही अव्यक्त रूप होने से अव्यक्त, प्रधान कारण होने से प्रधान, सबकी जननी

---

३ सांख्यकारिका-कारिका - १५-१६

होने से प्रकृति इत्यादि भिन्न भिन्न संज्ञायें दी गई है। प्रकृति स्वयं अजन्मा है। उत्पन्न पदार्थों के कारण होते हैं, परन्तु प्रकृति का कारण नही हैं। उत्पन्न पदार्थ पराधीन है, प्रकृति स्वाधीन है। उत्पन्न पदार्थ अनेक हैं, और देश-काल में सीमित हैं, किन्तु प्रकृति एक है, सर्वव्यापक है और नित्य है।[४]

प्रकृति के गुण -

प्रकृति के तीन गुण हैं सत्त्व, रज तथा तम। इन तीनों का सामान्य नाम है गुण। वैशेषिकदर्शन में रूप, रस, गन्ध आदि द्रव्य में रहने वाले पदार्थों को गुण कहते हैं, परन्तु साङ्ख्यदर्शन के ये तीनों गुण वैशेषिक के अर्थ में नहीं हैं, परन्तु वे द्रव्य हैं। गुण का अर्थ तत्त्वकौमुदी अनुसार रस्सी या डोर होता है। अत: सत्त्व आदि गुण पुरुष को बाँधने वाले होते हैं। अत: रजु समान इनका कार्य होने से ये गुण कहलाते हैं। ये प्रकृति के अंगरूप स्वरूप हैं तथा पुरुष को अपने स्वार्थसिद्धि करने में उपकारक होते हैं। इसी कारण से भी इनकी संज्ञा गुण है।[५] इनमें संयोग-वियोग होता रहता है और गुरूत्व लघुत्वादि धर्मों से भी युक्त हैं। इसलिये क्रिया तथा धर्म से युक्त होने के कारण ये वस्तुत: द्रव्य ही होते हैं।

इन गुणों को मानने के लिये प्रमाण भी यथेष्ट है। जगत् के प्रत्येक पदार्थों में ये तीनों गुण सदा सर्वदा विद्यमान हैं। ये तीनों गुण परस्पर विरोधी होने पर भी मिलकर एक ही कार्य या फल का सम्पादन करते हैं। जैसे तेल और बत्ती दोनों अग्नि के विरोधी हैं फिर भी ये तीनों एक साथ मिलकर दीपक के जलने में कारण होते हैं। वात, पित्त और कफ ये तीनों भी आपस में एक दूसरे के विरोधी हैं, परन्तु ये तीनों मिलकर शरीर को धारण करते हैं। यथा –

---

[४] भारतीय दर्शन – (डॉ. राधाकृष्णन्) - पृ. - २५६

[५] त्त्वकौमुदी-कारिका - १२

सत्त्वं लघु प्रकाशकमिष्टमुपष्टम्भकं चलं च रज:।
गुरु वरणकमेव तम: प्रदीपवच्चार्थतो वृत्ति: ॥[६]

यही धर्म इन गुणों का भी है। परस्पर विरुद्ध होने पर भी आपसी सहयोग से पुरुष का प्रयोजन सिद्ध करते हैं। ये तीनों एक साथ रहते हैं परन्तु एक दूसरे का अभिभव किया करते है, अर्थात् तीनों एक ही रूप में नहीं रहते। सत्त्व स्वकार्य रज तथा तम को दबाकर करता है, रज अपना कार्य सत्त्व तथा तम को दबाकर करता है, और तम अपना कार्य सत्त्व तथा रज को दबाकर करता है। जो प्रबल होता है वह अन्य दो गुणों को दबाकर अपनी क्रिया करता है। वे एक दूसरे का आश्रय भी लेते हैं। सत्त्व प्रवृत्ति नियम का आश्रय लेकर प्रकाश के द्वारा रज एवं तम का उपकार करता है। इसी प्रकार रज प्रकाश तथा नियम को आश्रित कर प्रवृत्ति से लाभ पहुँचाता है, और तम प्रकाश तथा प्रवृत्ति को आश्रित कर अपने नियमन या रोकने का काम करता है।

सत्त्व, रज, तम इन तीनों गुणों का साहजिक स्वभाव होता है कि वे सर्वदा परिवर्तन, परिणाम या विकार उत्पन्न करते हैं। वे निरन्तर परिणामशाली होते हैं। विकार उनमें सदा होता ही रहता है। यह विकार दो प्रकार का होता है प्रलयकाल का तथा दूसरा सृष्टिकाल का। प्रलयकाल में एक गुण स्वयं को अन्य गुणों से पृथक् कर अपने ही रूप में परिणत होता है, अर्थात् सत्त्व सत्त्व-रूप में, रज रज-रूप में तथा तम तम-रूप में। उस समय इनसे कोई कार्य नहीं होता क्योंकि कार्य करने के लिये उनका परस्पर मिलन तथा विषमता होना आवश्यक है।

---

६ सांख्यकारिका - १३

सांख्यदर्शन में पुरुष -

सांख्य दो मूल तत्त्व दर्शाता है- प्रकृति और पुरुष। पुरुष की सत्ता स्वयंसिद्ध है। कोई भी व्यक्ति अपना अस्तित्त्व अस्वीकार नहीं कर सकता, इस अस्वीकार या निषेध करने में भी तो चेतन आत्मा की आवश्यकता होती है। अर्थात् आत्मा या पुरुष स्वयंसिद्ध है। समस्त प्राणियों में आत्मनिर्णय का एक तत्त्व विद्यमान है। वस्तुत: प्रत्येक प्राणी के अन्दर, जिसमें जीवन है, आत्मा विद्यमान है, और भिन्न-भिन्न आत्माएं मौलिकरूप से एकसमान हैं। भेद जो प्रतीत होते हैं वे भौतिक संस्थानों के कारण हैं। जब संसार के तथ्यों पर हम ज्ञानवाद सम्बन्धी दृष्टिकोण से चिंतन करते हैं तो हमें एक ओर विषयी (प्रमाता) और दूसरी ओर विषय (प्रमेय) का वर्गीकरण मिलता है। किसी भी प्रमाता तथा प्रमेय के मध्य जो सम्बन्ध है वह बोध-विषयक अथवा विस्तृतरूप से अनुभव-विषयक है। ज्ञान प्राप्त करनेवाले को सांख्य पुरुष मानता है और ज्ञात विषय को प्रकृति।

सांख्यदर्शन के अनुसार पुरुष का रूप प्रकृति से भिन्न होता है और व्यक्त पदार्थों से भी भिन्न होता है। पुरुष के अस्तित्त्व को सांख्य कई तरीकों से सिद्ध करता है। यथा-

सङ्घातपरार्थत्वात् त्रिगुणादिविपर्यादधिष्ठानात्।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात् कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च ॥[७]

पुरुष शरीर, इन्द्रिय तथा मन से भिन्न एवं स्वतन्त्र होता है। आत्मा शुद्ध चैतन्यरूप है, सर्वदा ज्ञाता के रूप में होता है, कभी ज्ञान का विषय नहीं होता। वस्तुएँ किसी दूसरे के उपभोग के लिये होती हैं। यह संसार पञ्च तत्त्वों का संग्रह है, अन्य के उपयोग के लिये है, आत्मा जिसके उपभोग के

---

[७] संख्यकारिका - १७

लिये यह उपभोग्य शरीर, बुद्धि इत्यादि सहित उत्पन्न किया गया है। समस्त पदार्थो में तीन गुण होते हैं (१) द्रष्टा आत्मा, जो स्वयं गुणों से रहित है, पूर्व कल्पना होती है। (२) अधिष्ठातृ शक्ति, एक विशुद्ध चेतनता का होना आवश्यक है, जो समस्त अनुभवों का समन्वय करनेवाली हो। (३) प्रकृति बुद्धिशून्य है, इसलिये प्रकृति से उत्पन्न पदार्थों का अनुभव करनेवाला कोई अवश्य होना चाहिए। मोक्ष के लिये पुरुषार्थ किया जाता है, जो इस विषय का उपलक्षण है कि पुरुष का अस्तित्त्व है, जो प्रकृति से विपरित गुणयुक्त है। वेदान्त आत्मा को आनन्दमय मानता है, परन्तु सांख्य आत्मा को केवल चैतन्यमय ही स्वीकारता है। सुख या आनन्द तो प्रकृति का गुण होता है, और पुरुष प्रकृति से भिन्न तत्त्व है तथा प्रकृति के घेरे से बाहर होता है और शुद्ध चैतन्यमय, निष्क्रिय तथा उदासीन होता है। जगत् को उत्पन्न करनेवाली प्रकृति है, पुरुष तो उसकी यह लीला उदासीन होकर केवल साक्षीभाव से देखता रहता है। प्रकृति की परिधि के बाहर होने से वह न सुख भोगता है न दु:ख। पुरुष एक अविकारी सत्ता है।

सांख्य चैतन्य की धाराओं की संख्या की दृष्टि से विशिष्टता पर तथा पृथक्-पृथक् धाराओं के व्यक्तिगत एकत्व पर बल देता है। हम व्यक्ति के अनुभवों के सुव्यवस्थित एकत्व का इससे अतिरिक्त कोई अन्य कारण नहीं दे सकते कि एक व्यक्तिरूप विषयी के अस्तित्त्व को मान लेना चाहिए। किन्तु भिन्न-भिन्न एकत्व की विशिष्टता का कारण अवश्यरूप से आत्माओं के अनेकत्व को दर्शाता है। यद्यपि आत्मा किसी एक से मुक्तिलाभ करने पर सब मुक्त हो जाती। यथा

जननमरणकरणानां प्रतिनियमाद् अयुगपत्प्रवृत्तेश्च।
पुरुषबहुत्वं सिद्धं त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव ॥[८]

---

[८] संख्यकारिका - १८

वेदान्त का मानना है कि इस जगत् में आत्मा एक ही है, किन्तु सांख्य इसे नहीं मानता। सांख्य का मानना है कि प्रत्येक जीव की पृथक्-पृथक् आत्मा है। वेदान्तानुसार यदि मान लें कि आत्मा एक ही है तो एक व्यक्ति के जन्म लेने पर सब पुरुषों (व्यक्ति) का जन्म हो जाता, और एक पुरुष की मृत्यु होने पर सब पुरुष मर जाते, यदि एक ही आत्मा होती तो संसार में एक ही प्रकार के प्राणी होते परन्तु ऐसा नहीं होता है। इससे सिद्ध होता है कि आत्मा (पुरुष) अनेक है।

पुरुष और प्रकृति -

प्रकृति और पुरुष के संयोग से ही विश्व की सृष्टि उत्पन्न होती है। प्रकृति जड़ होने के कारण केवल उससे संसार की उत्पत्ति नहीं हो सकती, तथा पुरुष स्वभावत: निष्क्रिय होने से केवल पुरुष से भी नहीं हो सकता। इसलिये प्रकृति-पुरुष दोनों का संयोग सृष्टि उत्पत्ति के लिये आवश्यक है। चैतन्य की अध्यक्षता में ही जड़ प्रकृति सृष्टिकार्य संपादन कर सकती है। परन्तु सांख्यदर्शन में सबसे अधिक क्लिष्ट समस्या है-परस्पर विरुद्ध स्वभाववाले प्रकृति और पुरुष का संयोग। इस विषय को सांख्यदर्शन अन्ध और लंगडे के दृष्टांत के द्वारा समझाता है—

पुरुषस्य दर्शनार्थं कैवल्यार्थं तथा प्रधानस्य।
पंग्वन्धवदुभयोरपि संयोगस्तत्कृत: सर्ग: ॥[९]

अर्थात् अन्धे में चलने की शक्ति है, परन्तु मार्ग का ज्ञान नहीं है। लंगडा मार्गदर्शक होता है परन्तु चलने में असमर्थ है। परन्तु पारस्परिक संयोग से जिस प्रकार यें दोनों अपनी स्वार्थसिद्धि में सफल होते हैं, उसी तरह जड़ात्मिका परन्तु सक्रिय प्रकृति तथा निष्क्रिय परन्तु चेतन पुरुष का संयोग

---

[९] संख्याकारिका - २१

परस्पर कार्यसाधक होता है। प्रकृति एक ऐसे जगत् के रूप में विकसित होती है जो विपत्ति तथा ध्वंश से परिपूर्ण है और उसका प्रयोजन आत्मा को नींद से जगाना है। इस जगत् का प्रकट आत्मा के लिये आवश्यक है, जो निष्क्रिय है। प्रकृति उसके जो कुछ सम्मुख आता है उसको देखती है तथा पुरुष की सेवा के उपयुक्त होना उनकी क्रियाओं का लक्ष्य माना गया है। इस तरह प्रकृति का कार्य अन्य (पुरुष) के लिये होते हुए भी प्रकृति का स्व-अर्थ के लिये है ऐसा प्रतीत होता है। यद्यपि प्रकृति को स्वयं इसका ज्ञान नहीं है। यथा-

इत्येष प्रकृतिकृतो महदादिविशेषभूतपर्यन्तः।
प्रतिपुरुषविमोक्षार्थं स्वार्थं इव परार्थ आरम्भः॥[१०]

प्रकृति भोग्या है, अतः भोक्ता के अभाव में प्रकृति की स्वरूपसिद्धि नहीं हो सकती, भोक्ता के द्वारा दृष्ट या अनुभूत होने पर ही प्रकृति का भोगत्त्व (दर्शनार्थ) निष्पन्न होता है। पुरुष प्रकृति के संयोग का अभिलाषी बना रहता है, जिससे वह विवेक-ज्ञान प्राप्त कर मोक्ष की सिद्धि (कैवल्यार्थ) कर सके। यथार्थ पुरुष और यथार्थ संसार के मध्य एक कल्पित सम्बन्ध है। जब तक ये सम्बन्ध विद्यमान हैं प्रकृति भी उसके प्रति कार्य करती है। जब पुरुष सदा विकास तथा विलय को प्राप्त होनेवाले प्राकृतिक जगत् से अपने भेद को जान लेता है, प्रकृति से अधिक सुकुमार अन्य कोई नहीं है। तब प्रकृति पुनः पुरुष की दृष्टि में नहीं आती। यथा-

प्रकृतेः सुकुमारतरं न किञ्चिदस्तीति मे मतिर्भवति।
या दृष्टाऽस्मीति पुनर्न दर्शनमुपैति पुरुषस्य॥[११]

---

[१०] संख्यकारिका - ५६

[११] संख्यकारिका - ६१

प्रलय काल में प्रकृति साम्यावस्था में होती है। उसके तीनों गुण समभाव से रहते हैं, पुरुष के संयोग से इन गुणों में क्षोभ उत्पन्न होता है, और प्रत्येक गुण अपने से भिन्न गुणों को अपने वश में करने का प्रयत्न करता है। ऐसा होने पर गुणों का पृथ्थकरण होता है और ये भिन्न-भिन्न अनुपातों में आपस में मिल जाते हैं और तभी सृष्टि का कार्य प्रारम्भ होता है। सांख्यदर्शन में प्रकृति-पुरुष का विकासक्रम निम्नदर्शितरूपे विद्यमान है



उपसंहार

सांख्यदर्शन की पदार्थ मीमांसा युक्तियुक्त प्रतीत होती है। सांख्यदर्शन ने चैतन्य की सत्ता पुरुषरूप में स्वीकृत की है और प्रकृति में मन तथा भूत का अन्तर्भाव किया है, जिससे मानसिक दशाओं और भौतिक पदार्थों की उत्पत्ति होती है। अत: सांख्यदर्शन ने पुरुष और प्रकृति को ही मौलिक तत्त्व माना है। वैशेषिक ने द्रव्यों का समावेश इन्हीं दोनों में किया है। विभु अनन्त आत्मा बहु पुरुषरूप में अङ्गीकृत है, परन्तु दोनों की कल्पना में अन्तर है कि आत्मा चैतन्य का आश्रय है और पुरुष चैतन्यरूप है। अन्य द्रव्य प्रकृति के अन्तर्गत माने जाते हैं। सांख्यदर्शन प्रकृति को सगुण मानकर भी स्वतन्त्र तथा नित्य मानता है। जो वस्तु सगुण होती है, उसका नष्ट होना अनिवार्य है। अत: सत्त्व, रज तथा तम गुणत्रयविशिष्ट प्रधान को पुरुष से स्वतन्त्र तथा नित्य स्वीकार करना नितान्त युक्तिहीन है। परन्तु वैमनस्य का विषय

प्रकृति में किसी चेतन की अध्यक्षता के बिना स्वत: प्रवृत्ति का आविर्भाव है। जन्म, मृत्यु, अवस्था, मानसिक दशा आदि कारणों से सांख्यदर्शन पुरुष को एक ही नहीं मानते। शारीरिक तथा मानसिक दशाओं में प्रतिपुरुष के बहुत सारे विभेद हैं, इसलिये पुरुष-बहुत्व को मानना ही पड़ता है। सांख्यदर्शन में महर्षि कपिल ने तत्त्व विश्लेषण बहुत ही दूरगामी तथा तलस्पर्शी दर्शाया है। और मैं उसका नतमस्तक नम्रता से किञ्चित दर्शन करने का प्रयास कर रही हूँ।

संदर्भग्रन्थ सूची

(१) भारतीय दर्शन - आचार्य बलदेव उपाध्याय,
शारदा मंदिर, वाराणसी।

(२) भारतीय दर्शन -२ - डॉ. राधाकृष्णन्,
राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली।

(३) सांङ्ख्यकारिका – संपादक (स्व.) डॉ. जीतेन्द्र जेटली,
डॉ. वसंत परीख, सरस्वती पुस्तक भंडार, अमदावाद।

✦✦✦

ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्य में वर्णित 'अध्यासभाष्य' के संदर्भ में 'भामती' टीका का अध्ययन

डॉ. हेमा एल. सोलंकी
विभागाध्यक्षा, संस्कृत विभाग,
एन. एस. पटेल आर्ट्स कॉलेज, आणंद।

मनुष्य अपने जीवन के विविध प्रश्नो के उत्तर के लिए एवं त्रिविध दु:खों के निवारण के उपायों को प्राप्त करने हेतु भारतीय दर्शनों का आश्रय लेता है। क्योंकि मनुष्य की आध्यात्मिक उन्नति ही उसे सांसरिक दु:खों से मुक्त करती है। इसी अध्यात्म के पथदर्शक वेद,उपनिषद् एवं दर्शनशास्त्र है। दु:खो के आत्यंतिक निवारण को दर्शनों ने मोक्ष के रूप में परिभाषित किया है। मनुष्य के दु:ख का कारण जगत के मूलतत्व के प्रति उसका अज्ञान है। इस अज्ञान की परिभाषा विविध भारतीय दर्शन एवं दार्शनिकों ने विभिन्नता से दर्शायी है। अज्ञान की निवृत्ति कर मनुष्य मोक्षप्राप्ति का अधिकारी होता है। मोक्ष प्राप्ति के लिए विविध दर्शनों ने अलग-अलग सिद्धांतों को दर्शाया है। जिन में परंपरा से स्वीकार्य छ आस्तिक दर्शन और इसी परंपरा मे जुडने वाला हाल ही में जिसका स्वीकार हुआ ऐसा और जिसका नमाभिधान परम पूज्य शास्त्रीजी महाराज ने 'अक्षरपुरुषोत्तम दर्शन' किया ऐसा परं ब्रह्मस्वरूप भगवान स्वामीनारायण की परावाणी से नि:सृत दर्शन तथा तीन नास्तिक दर्शन का समावेश हुआ है।

इन सभी दर्शनों में वेदान्त के अंतर्गत अद्वैत वेदान्त का स्थान सर्वोपरि रहा है। शांकरवेदांत वर्तमान अद्वैतवेदांत के पर्याय स्वरूप माना जाता है। डॉ. दास गुप्ता ने कहा है की "शंकर के द्वारा प्रस्थापित दर्शन का प्रभाव इतना व्यापक है कि जब भी हम वेदान्त दर्शन कि चर्चा करते हैं तो हमारा

तात्पर्य उस दर्शन से होता है जो शंकर के द्वारा मंडित किया गया है।[१] कहा जाए तो सभी दर्शन वेदान्त दर्शन में समाहित हो जाते है। वेदान्त दर्शन की गंगोत्री प्रस्थानत्रयी है। उसमें भी औपनिषदिक ब्रह्म विषयक वाक्यों को महर्षि बादरायण ने सुग्रथित कर 'ब्रह्मसूत्र' नामक वेदान्त के महत्वपूर्ण ग्रंथ की रचना की।

इस ब्रह्मसूत्र पर विविध आचार्यों ने भाष्य के माध्यम से अपना-अपना दर्शन प्रस्तुत किया, उनमें भी अद्वैत वेदान्त के अत्यंत मौलिक विचारक शंकर का दर्शन सूक्ष्म, गहन और आध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण है। ब्रह्मसूत्र के ऊपर शंकराचार्य के द्वारा रचित 'शारीरकभाष्य' में आदिगुरु ने अपने 'केवलाद्वैत' वाद से 'शारीरक' अर्थात् 'आत्मतत्त्व' अर्थात् 'ब्रह्मतत्त्व' की विचारणा कर सृष्टि के एकमात्र तत्त्व के रूप में उसकी स्थापना की है। यद्यपि शांकरभाष्य स्वत: निर्गलित एवं वैषद्यपूर्ण है, किन्तु फिर भी तदीय ग्रंथियों के उद्घाटनार्थ एक सरल एवं सुबोध, गुरुसदृश टीका की परम अपेक्षा है। यह महान कार्य अनेक टीकाकारों ने किया उनमें से वाचस्पति मिश्र द्वारा रचित 'भामतीटीका' तथा श्री गोविंदानन्द द्वारा रचित 'रत्नप्रभा' टीका शांकरभाष्य की कुञ्जिका है। ब्रह्मसूत्र - शांकरभाष्य के 'अध्यासभाष्य' के संदर्भ में वाचस्पति मिश्र रचित 'भामतीटीका' का अध्ययन करना इस प्रपत्र का उपक्रम है।

ई. ८४१ में हुए भामतीकार श्री वाचस्पतिमिश्र ने मण्डन मिश्र के 'विधिविवेक' पर 'न्यायकणिका' नामक व्याख्या की न्याय में उद्योतकर-वार्तिक की व्याख्या तात्पर्यटीका, सांख्य में ईश्वरकृष्णकृत कारिकाओं की व्याख्या सिद्धान्तकौमुदी, योग में पातञ्जल सूत्रों के व्यास-भाष्य की व्याख्या

---

१ दासगुप्त डॉ. एस. एन., History of Indian Philosophy, Vol-1 P-429, प्रकाशक: मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

तत्ववैशारदी और अन्त में ब्रह्मसूत्र – शाङ्करभाष्य की व्याख्या भामती की रचना की।

कुछ लोग कहते है उनकी पत्नी के नाम पर, कुछ विद्वान उनकी कन्या के नाम पर और कुछ 'भामा' नामक नागरी के आधार पर भामती के शीर्षक का अनुमान कराते है। कुछ भी हो पर इस टीका पूरे दार्शनिक विश्व का एक चमकता हुआ सितारा है।

भामती व्याख्या का मंगल भी उन्होने अद्वैत वेदान्त के अनुसार ही किया है, मंगलश्लोक में वह ब्रह्म का लक्षण वर्णित कराते हुए कहते है कि, "स्वभावत: अनिर्वाच्य (सत् और असत् से भिन्न) एवं मूलाविद्या और तूलाविद्या के भेद से जो दो प्रकार की अविद्या (भावरूप अज्ञान) के सहयोग से ब्रह्म के 'आकाश, वायु, तेज, जल और पृथ्वी' ये पञ्च भूत विवर्त हो जाते है। इतना ही नहीं जिस ब्रह्म से समस्त चराचर प्रपञ्च समुद्भूत हो जाता है, उस असीम सुख-सिन्धु और शाश्वत ज्ञानरूप ब्रह्म को हम नमस्कार करते है।"[२] साथ ही साथ शाङ्करभाष्य रूपी गङ्गा से अपनी अपवित्र वाणी को पवित्र होने की नम्रता का प्रदर्शन करते है।[३]

'ब्रह्मसूत्र' पर भाष्य की रचना करने से पूर्व आदि गुरु शंकराचार्य ने उपोद्घात के स्वरूप में 'अध्यास' का निरूपण किया है, जो अध्यासभाष्य के रूप में प्रसिद्ध हुआ है। भामतीकार इस अध्यासभाष्य की रचना का प्रयोजन दर्शाते है। ब्रह्म जिज्ञास्यता के साथ अध्यास का उपपादन दोनों के अन्वय व्यतिरेक द्वारा दिखाते है, **"जो वस्तु असंदिग्ध और निष्प्रयोजन होती**

---

२ अनिर्वाच्यविद्याद्वितयसचिवस्य प्रभवती विवर्त्ता यस्यैते वियदनिलतेजोऽवनय:।
यतश्चाभूद्विश्वं चरमचरमुच्चावचमिदं नमामस्तद्ब्रह्मापरिमितसुखज्ञानममृतम्॥
- ब्रह्मसूत्र - शाङ्करभाष्यम् - वाचस्पति मिश्र प्रणीत 'भामतीटीका' – १/१/१

३ वही – १/१/७

है, वह प्रेक्षक मनीषियों की जिज्ञासा का विषय नहीं होती, जैसे सजग पुरुष की आँखो के सामने प्रखर प्रकाश में रखा घट जैसा असंदिग्ध और काक-दन्त के समान निरर्थक पदार्थ।"[४] भामतीकार का मानना है की प्रकृत में ब्रह्म तत्व भी वैसा ही असंदिग्ध और निष्प्रयोजन होती है । यहाँ जिज्ञास्यता (विचारणीयता) की व्यापकीभूत संदिग्धता एवं सप्रयोजनता के विरोधी असंदिग्धता एवं निष्प्रयोजनता की उपलब्धि के कारण ब्रह्म की विचारणीयता नहीं होती। अत: ब्रह्मतत्व-विचारणा की सप्रयोजनता सिद्ध करने हेतु 'अध्यासभाष्य' की यहाँ आवश्यकता भामतीकार ने सिद्ध की।

यदि कोई आशंका करे कि लोक में 'अहं कर्ता', 'अहं भोक्ता' आदि देह के धर्म माने जाते है, आत्मा को अकर्ता-अभोक्ता मानने पर उक्त लोकप्रसिद्ध अनुभव विरुद्ध पड़ जाता है। सर्वजनीन स्फुटतर अनुभव से सिद्ध घट को कभी पट नहीं बनाया जा सकता। इसलिए 'अहं कर्ता', 'अहं भोक्ता' इस दृढ़ अनुभव विरुद्ध आत्मा के अकर्ता-अभोक्ता के प्रतिपादक उपनिषद् ग्रन्थों को गौणार्थक एवं औपचारिक मानना ही उचित होगा। पूर्वपक्ष की ऐसी आशंकाओं का निराकरण भगवान शंकर ने- "युष्मदस्मत्प्रत्ययगोचरयो:" से शुरू कर "नैसर्गिकोऽयं लोकव्यवहार:" तक उपक्रम किया है।

भामतीकार ने अध्यासभाष्य के दो भाग दिखाये १) अध्यास पर आक्षेप (अध्यास की अनुपपत्ति) २) उसका समाधान (अध्यास की उपपत्ति) समाधान भाष्य का आरम्भ ("नैसर्गिकोऽयं लोकव्यवहार:") 'तथापि' से होता है अत: दोनों भाष्य खण्डों की संगति के लिए एवं दोनों पद नित्य सापेक्ष होने के कारण आक्षेप भाष्य के प्रारम्भ

---

[४] "अथ यदसन्दिग्धमप्रयोजनं च न तत्प्रेक्षावत्प्रतिपित्सागोचर: यथा समनस्केन्द्रियसन्निकृष्ट: स्फीतालोकमध्यवर्ती घट: करटदन्ता वा, तथा चेदं ब्रह्मेति व्यापकविरूद्धोपलब्धि:।" – भामतीटीका

में 'यद्यपि' पद होना भामतीटीका में आवश्यक माना है। साथ ही साथ भामतीकार भगवान शंकर के द्वारा 'अस्मत्' पद के साथ प्रयुक्त 'युष्मत्' का सार्थक्य सिद्ध करते है। उनका मत है की यहाँ आत्मा के बोध के लिए 'अस्मत्' शब्द रखा है, तो अनात्म पदार्थों के बोध हेतु 'इदम्' पद रखना चाहिये था 'युष्मत्' नहीं, क्योंकि अनात्म पदार्थ के लिए इदंकारास्पद ही होते है। परंतु **"इदमस्मत्प्रत्ययगोचरयो इति वक्तव्ये युष्मद्ग्रहणमत्यन्तभेदोपलक्षणार्थम्।" अर्थात् आत्मा और अनात्मा पदार्थों का परस्परिक अत्यंत विरोध प्रगट करने हेतु यहाँ 'अस्मत्' के** साथ **'इदं' के स्थान पे** 'युष्मत्' पद भाष्यकार ने समुचित ही प्रयोग किया है।

भाष्यकार कहते है की 'अस्मत्' पदसे 'मैं' - विषयी (आत्मा) के ऊपर 'युष्मत्' पद से 'तुम'-विषय (जगत) और उसके धर्मों (जड़ता आदि) का अध्यास नहीं हो सकता वैसे ही उससे विपरीत विषयी (आत्मा) और उसके धर्मो का विषय (जगत) के ऊपर अध्यास नहीं हो सकता यहीं उचित है। फिर भी लोकव्यवहार में यह होता है। क्योंकि प्रकाश और अंधकार समान परस्पर अत्यंत विपरीत ऐसे धर्म (चैतन्य और जड़ता) एवं धर्मी (आत्मा और जगत) के बीच के भेद को न जानने के कारण यह अध्यास होता है। अध्यास से प्रवृत्त यह लोकव्यवहार मिथ्या अज्ञान के उपदान एवं निमित्त कारण से उत्पन्न होता है। अतः सत्य (आत्मा) और अनृत (शरीर ,इन्द्रिय) का यह व्यवहार- "मैं यह (शरीर) हूं" और "यह (शरीर) मेरा है" ऐसे स्वरूप वाला मिथ्याज्ञान लोकव्यवहार नैसर्गिक अर्थात् अनादि काल से प्रवर्तमान है। ऐसा भाष्यकार का मत है।

पूर्वपक्षी स्फटिक और जपाकुसुम के उदाहरण से धर्मी को छोड़ धर्मों का इतरेतरभाव सिद्ध करते है, पर भाष्यकार कहते है "तद्धर्माणां सुतरामितरेतरभावानुपपत्तिः"। (इतरेतरभाव – अन्योन्य धर्मी मे धर्मों का भाव) आत्मा के धर्मों का शरीर के धर्मों में इतरेतरभाव सिद्ध नहीं हो सकता

क्योंकि असंग आत्मा स्फटिक की तरह **पारदर्शकता** आदि गुणधर्म वाला नहीं।

भाष्य में प्रयुक्त 'मिथ्या' शब्द को भामतीकार एवं रत्नप्रभाकार ने 'अपह्नवचन' – अपलापार्थ कहा है। अर्थात् 'निषेध' अर्थ में लिया है। अर्थात् "अध्यास नहीं हो सकता"।

इस तरह सत्य और अनृत का 'मिथुनीकरण' अर्थात् सत्य पदार्थ – चिदात्मा और अनृत-असत्य पदार्थ- बुद्धि, इन्द्रिय और देह आदि दोनों धर्मियों का एक युगल के रूप में बुद्धिस्थ करना। भामतीकार का मत है कि संवृतिसत् (अविद्या का कार्य) और परमार्थ सत् का वास्तविक युगलीकरण असंभव है इसलिए अभूत पदार्थ को आरोपप्रणाली के द्वारा भूत बनाकर परमार्थ तत्व के साथ मिथुनीकरण करना होगा। इस प्रक्रिया की सूचना हेतु 'मिथुनीकृत्य' पद में 'च्वि' प्रत्यय का प्रयोग किया है। (जो वस्तु जैसी नहीं वैसा बन जाना 'च्वि' प्रत्यय से ध्वनित होता है।

इस तरह "मैं यह" और "यह मेरा" ऐसा मिथ्याज्ञान से यह नैसर्गिक लोकव्यवहार चलता है। मिथ्याज्ञान का अर्थ 'अध्यास' ही किया गया है। रत्नप्रभाकार गोविन्दानन्द ने यहाँ "यह मैं अर्थात् मनुष्य हूं , इसमें 'मैं' और "यह" का **'तादात्म्याध्यास' अर्थात् सबंधाध्यास** दिखाया है। 'ममेदम्' आर्थात् 'यह मेरा शरीर है' इसमें 'मेरा' का **'संसर्गाध्यास'** होता है।

१) सत्ता के एक होने पर दो वस्तुओं का परस्पर भेद तादात्म्य है। 'मैं मनुष्य हूं' इस में (आत्मा) और मनुष्य में ऐक्यरूप का अंश का ही भान होता है वह तादात्म्याध्यास कहलाता है।

२) 'यह' और 'मेरा' में संसर्ग का भान होता है। इसलिए 'संसर्गाध्यास' है। इस प्रकार अध्यास की सामग्री और अनुभव होने से अध्यास है। आर्थात्

ब्रह्म और जीवात्मा के ऐक्य में विरोध न होने से शास्त्र के विषय और प्रयोजन बनते है।[५]

पूर्वपक्षी द्वारा प्रश्न किया जाता है कि, आहकोऽयमध्यास्योनामेति। रत्नप्रभाकार का मानना है कि, इस शास्त्र में तत्व का निर्णय करना ही प्रधान है, इसकारण 'आह' इस प्रकार अन्य के कथन से 'वादकथा'[६] सूचित की गई है, क्योंकि वाद कथा निर्णय करने का साधन है।

अब शङ्कराचार्य अध्यास का लक्षण प्रस्तुत करते है, "स्मृतिरूप: परत्र पूर्वदृष्टावभास:।"[७] "स्मृतिरूप (शुक्ति देखकर रजत की स्मृति जैसा) पूर्व दृष्ट का (रजत का) अन्यत्र (शुक्ति) में जो अवभास होता है वही अध्यास है"। भामतीकार के मतानुसार –'षद्लृ विशरणगत्यवसादने' इस धातु से निष्पन्न 'अवसाद' अथवा 'अवमत' पद 'अव' उपसर्ग से द्योतित हुआ है, अत: अवसन्न अथवा अवमत अवभास ही अध्यास है। भामातीकार का स्पष्ट मत है कि, **"प्रत्ययान्तरबाधश्चास्यावसादोऽवमानो वा"। अर्थात् "अधिष्ठान – ज्ञान के द्वारा उसका बाध अवसाद या अवमान है।** इस प्रकार अवसाद के द्वारा 'मिथ्याज्ञान' ऐसा जान लेने पर भामतीकार ने **'मिथ्याज्ञानमध्यास:'** ऐसा लक्षण योग्य माना है।[८]

परत्र पूर्वदृष्टावभास का विवेचन करते हुए भामातीकार कहते है कि, **"पूर्वदृष्टस्यावभास: पूर्वदृष्टावभास:"।** यहाँ षष्ठीतत्पुरुष समास है। उनका कहना है कि, आरोप के विषय (अधिष्ठान- शुक्ति) और आरोपणीय रजत आदि की मिथुन उपस्थिति के बिना मिथ्याज्ञान उपस्थित नहीं होता

---

५ ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्-गोविन्दानन्द प्रणीत 'रत्नप्रभाटीका'– उपोद्घातभाष्य – पृष्ठ - ३१

६ 'तत्वनिर्णयफल: कथाविशेषो वाद:' - जिससे तत्व का निर्णय हो, दो वक्ताओं द्वारा कहा गया पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष का प्रतिपादक वाक्य-समूह वादकथा है।

७ ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम् - उपोद्घात

८ ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्-वाचस्पति मिश्र प्रणीत 'भामतीटीका' – उपोद्घात - पृष्ठ - १८

इसकारण यहाँ 'पूर्वदृष्ट' पद से अनृत आरोपणीय की उपस्थिति करवाइ गइ है। इस आरोपणीय पदार्थ की प्रतीति मात्र ही अपेक्षित है अतः 'दृष्ट' पद दिया गया और वर्तमानकालीन दर्शन की उपयोगिता नहीं है इस बात को दिखाने के लिए 'पूर्व' पद ग्रहण किया है।

इस चर्चा का निष्कर्ष यह है कि, पूर्वदृष्ट 'रजत' आदि पदार्थ व्यावहारिक दृष्टि से 'सत्' है, प्रातिभासिक नहीं, तथापि आरोपणीयत्व (ब्रह्मज्ञानेतर-ज्ञानबाध्यत्व) रूप से असत् होने के कारण अनृत कहा जाता है।

अध्यास के विषय (अधिष्ठान) की अनृत-विरुद्ध सत्यता प्रगट करने के लिए 'परत्र' का प्रयोग किया गया है। शुक्ति आदि रजत की अपेक्षा सत्य होते है। जिस प्रकार बिना शुक्ति के रजत का भ्रम नहीं होता उसी तरह बिना सत्य अधिष्ठान ब्रह्म के प्रपंचभ्रम नहीं होता। इस तरह सत्य और असत्य का मिथुन भामतीकार ने प्रस्तुत किया।

'स्मृतिरूप' इस पद कि सार्थकता सिद्ध करने के लिए पूर्वपक्षी द्वारा उत्पन्न आशंका का निवारण करते है। पूर्वपक्षी मानते है कि अवभास पद मिथ्याज्ञान के साथ 'सत्यज्ञान' से भी प्रयुक्त हे। जैसे कि पाटलिपुत्र में पूर्वदृष्ट देवदत्त का परत्र माहिष्मती नगर में अवभास होता है। इस सत्य अनुभूति युक्त अतिव्याप्ति को दूर करने के लिए भाष्यकार ने 'स्मृतिरूप' पद लक्षण में रखा है। अर्थात् प्रतिभासिक रजतभ्रम स्थल में पूर्वदृष्ट रजत का स्मरण होना अपेक्षित है। स्मृतिरूप अर्थात् स्मृति के समान – रजत का संस्कार वहाँ रहता है, जिसका अवभास परत्र होने से अध्यास होता है। इस प्रकार अध्यास के सभी पदों की सार्थकता दिखाई गई है।

अध्यास के इस लक्षण के साथ अन्य भाष्यकार ने दार्शनिकों के अध्यास विषयक विविध लक्षणों का वर्णन भी किया है, जिस में नैयायिक एवं भाट्ट मीमांसकों के अन्यथा-ख्यातिवाद, सौत्रांतिक बौद्ध तथा विज्ञानवादी बौद्ध

के आत्मख्यातिवाद, प्रभाकर मीमांसक का अख्यातिवाद आदि का निर्देश किया है। अन्ततोगत्वा इन सभी लक्षणों का एक ही तात्पर्य भाष्यकार ने सिद्ध किया है कि,**"सर्वथापि त्वन्यस्यान्यधर्मावभासतां न व्यभिचरति"।** अर्थात् "सर्वथा एक वस्तु के गुणधर्म अन्य में अवभासित होना" (रजत के धर्मों का सूक्ति में अवभास, उसी तरह शरीरादि के धर्मों का ब्रह्मतत्व में अवभास यही अध्यास) इस विचार में सभी मतों में कोई बदलाव नहीं दिखाई देता सभी में समानता है। जैसे लोक में भी सूक्ति रजत के समान प्रतीत होती है और नेत्ररोग के कारण एक चन्द्र के साथ दूसरा चन्द्र दिखाई देता है। (एक ब्रह्म अविद्या से अनेक जीव से युक्त भासित होता है।)

अद्वैत-वेदान्त में इस प्रकार के ज्ञान को अनिर्वचनीय कहा गया है। जैसे कि 'सत्' भी नही और जो 'असत्' भी नही। भ्रमस्थल में प्रतीत जगत और रजत् 'सत्' नहीं क्योंकि ब्रह्म के और सूक्ति के ज्ञान होने पर उसका बाध होता है। और वह 'असत्' भी नहीं क्योंकि उसकी प्रतीति होती है। इस तरह के जगत और रजत का निर्वचन निश्चित रूप से न होने के कारण उनके ज्ञान को अनिर्वचनीय और जगत के इस दर्शन को अनिर्वचनीयख्याति कहा गया है।

अध्यास को अधिक दृढ़ करने के लिए भाष्यकार ने 'कथं पुनः' कहकर आशंका की है कि, "प्रत्यगात्मन्यविषयेऽध्यासो विषयधर्माणाम्?" "प्रत्यागत्मा ज्ञान का विषय न बनने पर उस पर शरीरादि के धर्मों का अध्यास कैसे मान सकते हो?"– भामातीकार इस प्रश्न का सुंदर उत्तर देते है, 'प्रत्यगात्मा' इस शब्द के 'प्रत्यग्' और 'आत्मा' ऐसे दो विभाजन करने है। 'प्रत्यग्' प्रतिपूर्वक 'अञ्चु गतिपूजनयोः' धातु से निष्पन्न है। इस का अर्थ है, **"प्रतीपम् अर्थात् विपरीतम् आत्मानमञ्चति"।** अर्थात् **"जो अपने आप को अनात्म प्रपञ्च से विपरीत अनुभव करता है"** वही आत्मतत्व है, वह अन्य प्रकाश से प्रकाशित नहीं ऐसे आत्मा में शरीरादि विषय और उनके कर्तृत्व

आदि धर्मों का अध्यास कैसे हो सकता है? 'कथमध्यास' इस का अर्थ है, 'अयुक्तोऽयमध्यास'- अध्यास अयुक्त क्यों है? उत्तर-"सर्वो हि पुरोऽवस्थिते विषये विषयान्तरमध्यस्यति।" अर्थात् शुक्ति आदि पदार्थ अवयव युक्त होते है और चमकीले होने के कारण उसका अभास स्वरूप से वह रजत् की तरह प्रतीत होते है, किन्तु स्वयं प्रकाश्य आत्मा में ऐसा कुछ प्रतीत होना शक्य नहीं है।[९]

भामतीकार भाष्यकार के इस तर्क को सर्वथा योग्य मानते हुए कहते है कि भाष्यकार-"आत्मा सम्पूर्ण रूप से अविषय भी नहीं क्योंकि 'अहम्' ऐसी प्रतीति का विषय होता है। सभी को प्रत्यक्ष अनुभूति का विषय आत्मा से होता है"। भामतीकार जीव के १) स्वाभाविक एवं २) औपाधिक दो स्वरूप बताते है। स्वाभाविक जीव स्वयं प्रकाशित और अविषय होने पर भी जब औपाधिक रूप में आता है तो वह 'विषय' हो जाता है। आत्मा स्वाभाविक रूप से विषयी है और आध्यासिक रूप से वह विषय हो जाता है।

भाष्यकार का अन्य उत्तर देखे तो – **न चायमस्ति नियम: ऐसा कोई नियम नहीं है कि सामने रहने वाले विषय के ऊपर हि अन्य विषय का अध्यास हो सकता है।** जैसे कि आकाश प्रत्यक्ष न होने पर भी अज्ञानी मनुष्य उस में तल, मलिनता आदि का अध्यास करते है,उसी तरह अंतरात्मा के ऊपर, शरीर आदि अनात्म तत्वों का अध्यास होता है। इस बात में कोई विरोध दिखाई नहीं देता है।

भामतीकार ने अब शङ्कराचार्य के अविद्या के निरूपण का कारण स्पष्ट किया है। वाचस्पतिमिश्र अविद्या को अनर्थ का मूल कहते है। श्रुति, स्मृति और पुराणों में यह प्रसिद्ध है। अविद्या के उच्छेद के लिए ही वेदान्त ग्रंथ प्रवृत्त हुए है। प्रत्यागत्मा में अनात्माध्यास ही सर्व अनर्थ का हेतु है और

---

९ ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्-वाचस्पति मिश्र प्रणीत 'भामतीटीका'– उपोद्घात-पृष्ठ-३७

इसका कारण अविद्या है।[१०] इसकारण उसके स्वरूप का ज्ञान होने के पश्चात ही उसका उच्छेद संभव है, अतः शङ्कराचार्य ने **'एवं लक्षणम्'** ऐसा कहकर अविद्या की अनर्थ हेतुता प्रगट कर कहा कि, **"तमेतमेवं लक्षणमध्यासं पण्डिता अविद्येति मन्यन्ते।"**[११] भामतीकार का मन्तव्य है कि -"इस अनर्थ के कारणरूप अविद्या सर्वजनसाधारण नहीं कि इसका निरूपण अनावश्यक हो जाए, इस कारण लक्षण में भाष्यकार ने 'पण्डिता मन्यन्ते, ऐसे पद का उपयोग किया है ।[१२] ऐसी अविद्या अनादि, अतिरूढ, घनीभूत, और वासना युक्त होने से उसका उच्छेद नहीं। और उसके उपाय के लिए भाष्यकार विद्या-लक्षण का वर्णन करते है **-"तद्विवेकेन च वस्तुस्वरूपावधारणं विद्यामाहुः।"**[१३] भामतीकार ज्ञान-स्वरूप का वर्णन करते है कि – "प्रत्यगात्मा बुद्धि आदि से अत्यंत निर्लेप है, किन्तु बुद्धि आदि विवेक ज्ञान के अभाव के कारण बुद्धि आदि का तादात्म्य एवं धर्मों का अध्यास आत्मा में हो जाता है। वेदान्त द्वारा विदित श्रवण, मनन और निदिध्यासन से विवेकज्ञान द्वारा विवेकाग्रह की निवृत्ति होने पर अध्यास के बाधरूप स्वरूपात्मक अवधारणा प्रस्तुत होती है वही विद्या है। वही आत्मस्वरूप में व्यवस्थित होती है।"[१४]

भाष्यकार विद्या ज्ञान का फल बताकर कहते है कि **"यत्र यदध्यासः, तत्कृतेन दोषेण गुणेन वाऽणुमात्रेणापि स न संबध्यते।" अर्थात्- "**जहाँ (आत्मा के ऊपर) जो (शरीरादि) का अध्यास होता है, वहाँ अध्यास के द्वारा होने वाले गुण और दोष से आत्मा में अणुमात्र भी लेप नहीं होता।"

---

१० ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्-वाचस्पति मिश्र प्रणीत 'भामतीटीका'– उपोद्घात-पृष्ठ-४१

११ ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम् - उपोद्घात – पृष्ठ-१३७

१२ ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्-वाचस्पति मिश्र प्रणीत 'भामतीटीका'– उपोद्घात – पृष्ठ - ४१

१३ ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्- उपोद्घात –पृष्ठ-१३७

१४ ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्-वाचस्पति मिश्र प्रणीत 'भामतीटीका' – उपोद्घात-पृष्ठ - ४१

भामतीकार – कहते है कि -"आत्मा में तादात्म्येन अध्यस्त अन्तःकरण के भूख-तृषा आदि दोषों से चिदात्मा और चैतन्य के आनंदादि गुणों से अन्तःकरण का संबंध अणुमात्र भी नहीं रहता।"

इस अविद्या के संदर्भ में शङ्कराचार्य कहते है कि, "इसी अविद्या नामक आत्म और अनात्म में उत्पन्न परस्पर अध्यास से ही सर्व लौकिक एवं वैदिक प्रमाण एवं प्रमेय के व्यवहार, निषेध और मोक्ष विषयक सर्व शास्त्र की प्रवृत्ती है।" संसार की समग्र व्यवहार प्रवृत्ति का कारण आदिगुरु अविद्या से उत्पन्न अध्यास को ही सिद्ध कराते है।

इस स्थापना पर पूर्वपक्षी अपनी आशंका प्रस्तुत करते है कि, समग्र प्रमाण एवं शास्त्र अध्यास युक्त आत्मा के आश्रित कैसे हो सकते है? इस शंका का उत्तर भाष्यकार देते है, भामतीकार भाष्यकार के "देहेन्द्रियादिष्वहं ममाभिमानहीनस्य" इस वाक्य का अर्थ – "तादात्म्यतद्धर्माध्यासहीनस्य" ऐसा किया है। भाष्यकार- "अविद्यारूप अध्यास का ज्ञान हो जाने पर अब शरीरादि में 'मैं' और 'मेरा' ऐसा आत्मा का अभिमान नाश होने पर आत्मा 'प्रमाता' नहीं हो सकता, प्रमाता के अभाव में प्रमाण की प्रवृत्ति शक्य नहीं होती। शरीर पर आत्मा के अध्यास के अभाव से मनुष्य उस शरीर से प्रवृत्ति नहीं कर पाता। अत: असंग आत्मा प्रमाता न होने से प्रमाण आदि व्यवहार नहीं हो सकते। " अपितु प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों और शास्त्रों का आधाररूप आत्मा अविद्या और अध्यास से युक्त होता है इस तरह भाष्यकार अविद्या विषय का उपसंहार करते है।

साधारण जन तो ठीक है परंतु आगम प्रमाण से जिन्होंने आत्मत्व का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया है ऐसे व्युत्पन्न विद्वानों के प्रमाण-प्रमेय आदि व्यवहारों में अविद्या विषय की संभावना कैसे होती है? इस शंका के समाधान में भाष्यकार का उत्तर है,"पश्वादिभिश्चाविशेषात्"। अर्थात् -

प्रमाण और प्रमेय के व्यवहार के संबंध में उन विद्वानों का व्यवहार भी पशु आदि जैसा ही होता है। इस उत्तर की पुष्टि भाष्यकार विविध लौकिक दृष्टांत से कराते है।[१५]

इस विषय पर ही पूर्वपक्ष की शंका उठती है की प्रमाणों की प्रवृत्ति से युक्त लौकिक व्यवहार अध्यासमूलक माना जा सकता है, परंतु यज्ञ संबंधी शास्त्रों का व्यवहार अध्यास युक्त कैसे माने जाय? क्योंकि "ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत"- इस कर्मों का अधिकारी पारलौकिक स्वर्गादि फलों का उपभोग करने योग्य है। और यह अधिकारी देहादि से भिन्न आत्मवान ही होता है।[१६]

इस शंका का समाधान भाष्यकार उचितरूप से करते है, - "शास्त्रीये तु व्यवहारे यद्यपि बुद्धिपूर्वकरी नाविदित्वा परलोकसम्बन्धमधिक्रियते।" अर्थात् – शास्त्र के व्यवहार में, यज्ञकर्म में, अपनी बुद्धिपूर्वक कार्य करने वाला कोई भी मनुष्य अगर अपने आत्मा का परलोक के साथ सम्बन्ध न जान सके तो ही वह यज्ञकार्य का अधिकारी होता है। वाचस्पति मिश्र कहते है की भाष्यकार ने यहाँ **'तु'** पद द्वारा शास्त्रीय व्यवहार में प्रत्यक्षादि व्यवहारों से विशेषता ध्वनित की है।

साथ ही साथ अद्वैतवेदान्त के प्रवर्तक भाष्यकार का मानना है की, वेदान्तवेद्य ऐसा आत्मतत्व भूख, तृषा आदि शरीर के धर्मों से पर। ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि वर्ण भेद के धर्मों से पर। एक लोक से अन्य लोक में गमन करने वाला संसारी से पर। ऐसा आत्मतत्व यज्ञादि के अधिकारी के लिए अपेक्षित नहीं। अपितु ऐसा आत्मतत्व यज्ञादि के अधिकार से भी विरुद्ध है। क्योंकि भाष्यकार के मतानुसार ब्रह्मानन्द की प्राप्ति पश्चात् स्वर्गादि आनंद

---

[१५] ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्- उपोद्घात – पृष्ठ - १३८

[१६] ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्-वाचस्पति मिश्र प्रणीत 'भामतीटीका'– उपोद्घात – पृष्ठ - ४७

उसके लिए तुच्छ है। इस विषय में भामतीकार का मत है कि यहाँ कर्मकाण्ड और ज्ञान काण्ड का परस्पर कोई विरोध नहीं क्योंकि दोनों के अधिकारी पुरुष के भेद से उनकी व्यवस्था बनी हुई है।

शास्त्र-विषय के आश्रय रूप आत्मा को शङ्कराचार्य ने अध्यास और अविद्या युक्त ही कहा है। भामतीकार का कथन है कि भाष्यकर द्वारा उक्त "शास्त्रमविद्यावत्पुरुषविषयत्वं नातिवर्तते"– "शास्त्र अपने आश्रययुक्त आत्मा अविद्यायुक्त हो इस बात का अतिक्रमण नहीं कर सकता" इस बात का विशदीकरण उन्होने – "तथा हि" इत्यादि से किया है। अर्थात् –'ब्राह्मणो यजेत' ऐसे स्वरूप वाले शास्त्र आत्मा के ऊपर ब्राह्मण आदि वर्ण का, गृहस्थ आदि आश्रम का और उम्र आदि अवस्थाओं का आश्रय कर हि प्रयुक्त होते है। शास्त्र द्वारा किए जाने वाले ऐसे यज्ञ एवं विधियों का उदाहरण भामतीकार ने प्रस्तुत किए है।

भामतीकार ने यहाँ अध्यास के दो अंश प्रस्तुत किए १) अहंकाराध्यास २) ममकाराध्यास। भामतीकार ने इन्ही दो को 'धर्म्यध्यास' और 'धर्माध्यास' कहा है। और निर्देश किया कि इनमें धर्माध्यास ही अनर्थ का हेतु है। और यह बात 'पुत्रभार्यादि' जैसे अनेक उदाहरणों से सिद्ध की जाती है।

अध्यास भाष्य का उपसंहार करते हुए भाष्यकार ने पुनः अध्यास का लक्षण प्रगट किया, "अध्यासो नाम अतस्मिनस्तद्बुद्धिरित्यवोचाम।" –"जो जिसमें नहीं है उसी में वह है" ऐसी बुद्धि हि अध्यास है। बाह्य पदार्थों के धर्मों का और आंतरिक पदार्थों के धर्मों का अध्यास जो भामतीकार के शब्दों मे तादात्म्याध्यास है। जो अन्तःकरण की वृत्ति का प्रत्यगात्मा में और अन्तःकरण के धर्मो का आत्मा में अध्यास होता है। यह अध्यास अनादि, अनन्त, नैसर्गिक, मिथ्याज्ञानरूप और कर्तृत्व, भोक्तृत्व आदि उत्पन्न करने

वाला अध्यास सभी लोक में प्रत्यक्ष है। इस अनर्थ के हेतु स्वरूप अध्यास का नाश करने के लिए तथा ब्रह्म और आत्मा के एकत्व के लिए सब वेदान्त आरंभ किए जाते है। सभी वेदान्त की तरह इस शारीरक मीमांसा में ब्रह्मात्मैकत्व की मीमांसा करेंगे।

भामतीकार भाष्यकार द्वार निर्दिष्ट सभी स्वरूप की व्याख्या कर भाष्यकार के विचारों के रहस्यों को उद्घाटित किया है, वह कहते है कि–भाष्य में प्रयुक्त 'अनन्त' का अर्थ है - तत्वज्ञान के बिना उसका उच्छेद नहीं किया जा सकता। नैसर्गिक अर्थात् – अध्यास की अनादिता एवं अनन्तता। मिथ्याप्रत्ययरूप का अर्थ है – मिथ्या ज्ञानों के रूप से युक्त अध्यास 'अनिर्वचनीय' है। 'आत्मैकत्व' से आत्मगत निखिलप्रपञ्चाभावरूपता विवक्षित है। और "आस्यार्थहेतोः प्रहाणाय" इस वाक्य से इस प्रसंग का भाष्यकार उपसंहार करते है।

शङ्कराचार्य के इस भाष्य के रहस्यों के उद्घाटन भाष्य तुल्य 'भामतीटीका' ने किये है यह हमारे लिए एक विशेष मीमांसा है।

संदर्भग्रन्थ सूचि

१. ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्,
श्री वाचस्पति मिश्र प्रणीत 'भामतीटीका' संकलित,
स्वामी योगीन्द्रानन्द कृत 'भामती' हिन्दी व्याख्या विभूषित-भाग-१,
चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, १९९५

२. ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्,
श्री गोविन्दानन्द रचित 'रत्नप्रभा' भाषानुवाद सहित,

अनुवादक: यतिवर श्री भोले बाबा, भाग-१,
भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण, २००४।

३. भारतीय दर्शन, पद्मभूषण आचार्य बलदेव उपाध्याय,
शारदा मंदिर, वाराणसी, संस्करण-२०११।

४. दासगुप्त डॉ. एस. एन.,
History of Indian Philosophy,
Vol-1 P-429,
प्रकाशक: मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी।

५. ब्रह्मसूत्र-शाङ्करभाष्यम्,
અનુવાદક: ડો.લક્ષ્મેશ જોષી,
પાર્શ્વ પબ્લિકેશન, અમદાવાદ,
દ્વિતીય આવૃત્તિ, ૨૦૧૦.

૬. શ્રીમદ્ શંકરાચાર્યનું તત્વજ્ઞાન,
પ્રા. સી. વી. રાવળ,
યુનિવર્સિટી ગ્રન્થ નિર્માણ બોર્ડ ગુજરાત રાજ્ય, અમદાવાદ, પ્રથમ
આવૃત્તિ, ૧૯૭૪.

✦✦✦

कर्म अथवा ज्ञान से मोक्ष

प्रियंका
शोधच्छात्रा, संस्कृतविभाग,
आर्य महिला पी०जी० कॉलेज, चेतगंज, वाराणसी

भारतीय दर्शनों में मुख्य रूप से पुरुषार्थचतुष्ट्य का प्रतिपादन किया गया है। अर्थ्यते प्रार्थ्यते सर्वैः इति अर्थः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार अभिलषित फल को अर्थ कहते हैं। पुरुषाणाम् अर्थ पुरुषार्थः' अथवा पुरुषैः अर्थ्यते इति पुरुषार्थः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार पुरुषों के द्वारा जिस फल की इच्छा की जाये, उसी को पुरुषार्थ कहते हैं। सभी भारतीय दर्शनों में चार पुरुषार्थ बताये गये हैं- धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष। जिन्हें पुरुषार्थ चतुष्ट्य कहते हैं। पुरुषार्थ-चतुष्टय ही मनुष्य जीवन का प्रमुख उद्देश्य हैं। लौकिक और पारलौकिक सुखों की प्राप्ति का कारण धर्म, अर्थ, काम त्रिवर्ग' है। इस त्रिवर्ग का विधिवत् पालन करने पर मनुष्य अन्तिम पुरुषार्थ मोक्ष को प्राप्त करता है।

सभी वेदों तथा दर्शनशास्त्रों के अनुसार पुरुषार्थ-चतुष्ट्य में सबसे प्रमुख मोक्ष है। मोक्ष को परम-पुरुषार्थ भी कहते है। मोक्ष के विषय में विष्णुपुराण में कहा गया है-

इति संसार – दुःखार्क – ताप - तापित-चेतसाम्।
विमुक्ति - पादपच्छायामृते कुत्र सुखं नृणाम्॥[१]

अर्थात् सांसारिक दुःखरूपी प्रचण्ड सूर्य के ताप से जिनका अन्तःकरण सन्तप्त हो रहा है, उन पुरुषों को मोक्षरूपी कल्पवृक्ष की शीतल छाया को

१ ६ अंश, ५अ०, ५७ श्लोक

छोड़कर और कहाँ सुख मिल सकता है? अंत एव मोक्ष ही परमपुरुषार्थ एवं सभी सुखों का प्रधान कारण है।

मुच्यते सर्वैर्दुःखबन्धनैर्यत्र स मोक्षःअर्थात् जिस पद को पाकर जीव आध्यात्मिक, आधिदैविक, आधिभौतिक आदि सभी दुःखरूपी पाशों में मुक्त हो जाता है। ऋषियों ने सांसारिक सुखों को क्षणिक सुख या दुःख स्वरूप अथवा दुःखों का कारण ही माना है। अतः महर्षि पतञ्जलि ने कहा है – **परिणाम – ताप – संस्कार – दुःखैर्गुणवृत्ति - विरोधाच्चदुःखमेव सर्वं विवेकिनः।।**[२]

अर्थात् वैषयिक सुख नित्य नहीं है। यह क्षणिक और दुःखमय है, क्योंकि इसे प्राप्त करने में कष्ट होता है और सुखों का उपभोग न करने में भी कष्ट होता है। सुखों का नाश होने पर भी कष्ट होता है। अतः सुख भविष्यकालीन दुःखों का हेतु है तथा वर्तमान समय में सुखों का उपभोग करते समय भी उसके विनाश का भय बना ही रहता है, जिससे यह भी एक दुःख का हेतु है। अत एव सुख अन्ततः दुःखरूप में ही परिणत हो जाता है।

